@Qpatrika
@qaumipatrika hindi
instagram.com/qaumipatrika

# कौमी पत्रिका
राष्ट्रीय दैनिक अखबार

दिल्ली-हरियाणा-पंजाब-चण्डीगढ़-उत्तर प्रदेश से प्रसारित
शनिवार, 27 सितंम्बर 2025

VISIT:
www.qaumipatrika.in
Email: qpatrika@gmail.com

R.N.I. No. UP-HIN/2007/21472 सम्पादक - गुरचरन सिंह बब्बर वर्ष 18 अंक 318 qaumipatrikahindi 011-41509689, 23315814, 9312262300 गाजियाबाद संवत् 2077-78, पेज (12) मूल्य 3.00 रुपये (हवाई शुल्क 50 पैसे अतिरिक्त)




## भारत के आसमान पर 62 साल तक राज करने के बाद मिग-21 विमान की हुई विदाई

### अब वायु सेना की नयी ताकत बनेंगे स्वदेशी हल्के लड़ाकू विमान 'तेजस'

**एजेंसी**

**नई दिल्ली।** भारत के आसमान पर 62 साल तक राज करने और पाकिस्तान के साथ तीन युद्ध लड़ने वाले मिग-21 विमान को आज आखिरकार वायु सेना के हवाई बेड़े से अंतिम विदाई दे दी गई। अपनी आखिरी उड़ान के साथ इस विमान को केवल शौर्य और पराक्रम की गाथा के लिए ही नहीं, बल्कि इसे सबसे अधिक पायलटों की मौत के लिए भी याद किया जायेगा। मिग-21 को चंडीगढ़ एयरबेस से विदाई दिए जाने के बाद अब वायु सेना की नयी ताकत के रूप में स्वदेशी हल्का लड़ाकू विमान तेजस मार्क-1 ए इसकी जगह लेगा। भारतीय वायु सेना के बेड़े में मार्च, 1963 में शामिल हुआ पहला सुपरसोनिक विमान मिग-21 अब 60 साल पूरे कर चुका है। देश की सेवा में 50 वर्षों तक रहने के बाद 11 दिसम्बर, 2013 को इसे रिटायर कर दिया गया। हालांकि, 1970 के बाद से मिग-21 सुरक्षा के मुद्दों से इस कदर त्रस्त हो चुका था कि दुर्घटनाओं में 170 से अधिक भारतीय पायलट और 40 नागरिक मारे गए। 1966 से 1984 के बीच 840 विमानों में से लगभग आधे दुर्घटनाओं में क्रैश हो गए। इन विमानों में से अधिकांश के इंजनों में आग लग गई या फिर छोटे पक्षियों से टकरा कर नष्ट हुए। मिग-21 के लगातार दुर्घटनाग्रस्त होने पर इसे 'उड़ता ताबूत' कहा जाने लगा था। अपनी फुर्ती, सटीक हमलों और तेज गति के कारण पायलटों की पहली पसंद रहे मिग-21 को बाद में मिग-21 बाइसन के रूप में अपग्रेड किया गया।रूसी कंपनी ने 11,496 मिग-21 विमानों का निर्माण करने के बाद अपने आखिरी मिग-21 को मिग बाइसन के रूप में 1985 में अपग्रेड किया था। इस परिष्कृत मॉडल में पहले वाले मिग-21 वेरिएंट की कई कमियों को दूर किया गया था। रूसी कंपनी ने भारतीय वायु सेना के पास बचे 54 मिग-21 विमानों को भी मिग-21 बाइसन के रूप में अपग्रेड किया। इसके बाद वायु सेना का मिग-21 अपग्रेड होकर 'मिग-21 बाइसन' हो गया, जो आज तक देश की सेवा कर रहे थे। वायु सेना के लड़ाकू विमानों के बेड़े में शामिल मिग-21 ने हर छोटे-बड़े सैन्य अभियान में दुश्मन को पस्त कर आकाश में अपनी धाक जमाई। वर्ष 1963 में लड़ाकू बेड़े में शामिल किये जाने के दो वर्ष बाद ही मिग-21 ने सबसे पहले 1965 की भारत-पाकिस्तान लड़ाई में अपने जौहर दिखाये और दुश्मन की कमर तोड़ दी।



### ● राजनाथ ने भारत-रूस के साथ गहरे संबंधों को याद किया

नई दिल्ली। रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने आज चंडीगढ़ एयरबेस पर लड़ाकू विमान मिग-21 की वायु सेना के हवाई बेड़े से विदाई के समय भारत और रूस के बीच गहरे संबंधों को याद किया। उन्होंने कहा कि जब हम मिग-21 को उसकी ऑपरेशनल यात्रा से विदाई दे रहे हैं तो मुझे लगता है कि हम एक ऐसे अध्याय को विदा करने जा रहे हैं, जिसे न केवल भारतीय वायु सेना के इतिहास में, बल्कि हमारी पूरी सैन्य विमानन की यात्रा में सुनहरे अक्षरों से लिखा जाएगा। रक्षा मंत्री ने कहा कि रूस के सहयोग से तैयार मिग-21 ने भारतीय सैन्य विमानन यात्रा में कई गर्व के क्षण जोड़े हैं। मिग-21 का योगदान किसी एक घटना या एक युद्ध तक सीमित नहीं रहा। 1971 के युद्ध से लेकर कारगिल के युद्ध तक या फिर बालाकोट एयर स्ट्राइक से लेकर ऑपरेशन सिंदूर तक ऐसा कोई क्षण नहीं रहा, जब मिग-21 ने हमारी सेनाओं को जबरदस्त मजबूती न प्रदान की हो। उन्होंने कहा कि 1971 का युद्ध भला कौन भूल सकता है। मिग-21 ने पाकिस्तान के साथ युद्ध के दौरान विपरीत परिस्थितियों में जिस दिन ढाका के गवर्नर हाउस पर हमला किया, उसी दिन उस युद्ध के परिणाम की रूपरेखा तय कर दी गई। इसके अलावा भी इसके लम्बे इतिहास में अनेक ऐसे मौके आए, जब मिग-21 ने अपनी निर्णायक क्षमता साबित की।



## बिहार में महिला रोजगार योजना लॉन्च

### बोले प्रधानमंत्री-आपके दो भाई नरेन्द्र और नीतीश

- मुयमंत्री महिला रोजगार योजना का शुभारंभ
- 75 लाख महिलाओं के बैंक खातों में 10-10 हजार रुपये

**एजेंसी**

**पटना।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने शुक्रवार को बिहार की महत्वाकांक्षी मुख्यमंत्री महिला रोजगार योजना का शुभारंभ किया। इस योजना के तहत बिहार की 75 लाख महिलाओं के बैंक खातों में 10-10 हजार रुपये की राशि यानी कुल 7,500 करोड़ रुपये सीधे हस्तांतरित किए गए। उन्होंने कहा कि उनकी सरकार महिलाओं के सपनों को पूरा करने और उन्हें आर्थिक, सामाजिक और सांस्कृतिक रूप से सशक्त बनाने को लेकर संकल्पबद्ध होकर काम कर रही है। वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के जरिए योजना का शुभारंभ करते हुए प्रधानमंत्री ने कहा कि नवरात्रि के पावन दिनों में उन्हें बिहार की नारी शक्ति के साथ उनकी खुशियों में शामिल होने का अवसर मिला है। उन्होंने महिलाओं को संबोधित करते हुए कहा कि भाई की खुशी तभी होती है जब उसकी बहन स्वस्थ, सुखी और आत्मनिर्भर हो। यही भावनाएं उन्हें और मुख्यमंत्री नीतीश कुमार को महिलाओं के हित में योजनाएं लाने के लिए प्रेरित करती हैं। आज आपके दो भाई- नरेन्द्र और नीतीश- दोनों मिलकर आपकी सेवा, आपकी समृद्धि और आपके स्वाभिमान के लिए काम कर रहे हैं। मुख्यमंत्री महिला रोजगार योजना भी इसी का उदाहरण है। हर परिवार की एक महिला को इसका लाभ अवश्य मिलेगा।



प्रधानमंत्री मोदी ने इस अवसर पर कांग्रेस और राष्ट्रीय जनता दल (राजद) पर तीखे प्रहार किए। उन्होंने कहा कि पूर्व की सरकारों में भ्रष्टाचार इतना गहरा था कि दिल्ली से भेजा गया एक रुपया भी पूरा लाभार्थी तक नहीं पहुंचता था। उन्होंने याद दिलाया, ÷एक पूर्व प्रधानमंत्री कहा करते थे कि दिल्ली से अगर एक रुपया भेजा जाता है तो केवल 15 पैसा ही जनता तक पहुंचता है, बाकी 85 पैसा पंजा मार लेता है। लेकिन आज जो 10-10 हजार रुपये आपके खातों में भेजे गए हैं, उन्हें कोई लूट नहीं सकता।'


## दिल्ली-एनसीआर में पटाखों पर पूर्ण प्रतिबंध में हीलाहवाली पर सुप्रीम कोर्ट सख्त

### कहा-केंद्र बनाए ठोस नीति

**एजेंसी**

**नई दिल्ली ।** सुप्रीम कोर्ट ने दिल्ली-एनसीआर में पटाखों पर पूर्ण प्रतिबंध के अपने आदेश को प्रभावी ढंग से लागू न करने पर नाराजगी जताई। कोर्ट ने केंद्र सरकार को निर्देश दिया है कि सभी हितधारकों के साथ मिलकर प्रतिबंध लागू करने की एक ठोस नीति तैयार की जाए।

सर्वोच्च अदालत ने केंद्र सरकार को निर्देश दिया है कि सभी हितधारकों जैसे पटाखा निर्माताओं, राज्य सरकारों और पर्यावरण विशेषज्ञों के साथ मिलकर प्रतिबंध लागू करने की एक ठोस नीति तैयार की जाए।इस बीच, सुप्रीम कोर्ट ने दिल्ली-एनसीआर में ग्रीन पटाखों (पर्यावरण-अनुकूल पटाखों) के निर्माण को सशर्त अनुमति दे दी है। बेंच ने शर्त लगाई कि ये पटाखे दिल्ली-एनसीआर में कहीं भी बेचे या



इस्तेमाल नहीं किए जाएंगे। दिल्ली-एनसीआर में ग्रीन पटाखों की बिक्री को लेकर सुप्रीम कोर्ट अगली सुनवाई में अंतिम फैसला लेगा। मामले में अगली सुनवाई 8 अक्टूबर को होगी। इससे पहले, 12 सितंबर को सुप्रीम कोर्ट ने वायु प्रदूषण को लेकर कड़ी टिप्पणी की थी। सीजेआई बीआर गवई ने कहा था कि अगर दिल्ली-एनसीआर के लोगों को स्वच्छ हवा का अधिकार है, तो दूसरे शहरों के निवासियों को क्यों नहीं? उन्होंने जोर देकर कहा था कि प्रदूषण नियंत्रण की नीतियां सिर्फ राजधानी तक सीमित नहीं रह सकतीं, बल्कि पैन-इंडिया स्तर पर लागू होनी चाहिए। सीजेआई ने व्यक्तिगत अनुभव साझा करते हुए बताया था, 'मैं पिछले साल सर्दियों में अमृतसर गया था। वहां प्रदूषण की स्थिति दिल्ली से भी बदतर थी। अगर पटाखों पर प्रतिबंध लगाना है तो पूरे देश में लगना चाहिए।

## आईटीबीपी के जवानों ने दुनिया के सबसे ऊंचे ट्रैक में शामिल कालिंदीखाल-बद्रीनाथ ट्रैक पार किया

**एजेंसी**

**उत्तरकाशी।** भारतीय तिब्बत सीमा पुलिस बल (आईटीबीपी) के 15 जवानों ने फ्रंटियर-स्तर ट्रैकिंग अभियान 'हिमादी' के तहत 19,495 फीट ऊंचे और 111 किमी लंबे कालिंदीखाल-बद्रीनाथ ट्रैक को पार कर ऐतिहासिक उपलब्धि हासिल की। दल ने 16 सितंबर को नेलांग घाटी से अभियान शुरू किया था। टीम को गाइड कर रहे आईटीबीपी 35वीं वाहिनी के पर्वतारोहण विशेषज्ञ भानुप्रताप सिंह ने बताया सबसे कठिन मार्ग तय हो चुका है और दल अब 6 अक्टूबर को बद्रीनाथ पहुंच जाएगा।



## राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु ने राष्ट्रीय भूविज्ञान पुरस्कार प्रदान किए

### खनिजों ने मानव सयता के विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है : राष्ट्रपति

**एजेंसी**

**नई दिल्ली।** राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु ने शुक्रवार को भूविज्ञान के क्षेत्र में उत्कृष्ट योगदान के लिए राष्ट्रीय भूविज्ञान पुरस्कार 2024 प्रदान किए।

राष्ट्रपति भवन सांस्कृतिक केंद्र में आयोजित समारोह में राष्ट्रपति ने कहा कि खनिजों ने मानव सभ्यता के विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। धरती के गर्भ में विद्यमान खनिज पदार्थों ने मानव जीवन को आधार दिया है और हमारे व्यापार एवं उद्योग को आकार दिया है। पाषाण युग, कांस्य युग और लौह युग- मानव सभ्यता के विकास के प्रमुख चरणों के नाम खनिजों के नाम पर रखे गए हैं। लोहा और कोयला जैसे खनिज पदार्थों के बिना औद्योगीकरण अकल्पनीय होता। राष्ट्रपति ने कहा कि खनन आर्थिक विकास के लिए संसाधन प्रदान करता है और रोजगार के व्यापक अवसर पैदा करता है। हालांकि, इस उद्योग के कई प्रतिकूल प्रभाव भी हैं, जिनमें स्थानीय निवासियों का विस्थापन, जंगल का




उजड़ना, वायु एवं जल प्रदूषण जैसे कई दुष्प्रभाव भी होते हैं। उन्होंने कहा कि इन प्रतिकूल प्रभावों को कम करने के लिए खनन प्रक्रिया के दौरान सभी नियमों का कड़ाई से पालन किया जाना चाहिए।

खदानों को बंद करते समय भी उचित प्रक्रियाओं का पालन किया जाना चाहिए ताकि यह सुनिश्चित हो सके कि स्थानीय निवासियों और वन्यजीवों को कोई नुकसान न हो। राष्ट्रपति ने इस बात पर प्रकाश डाला कि हमारा देश तीन तरफ से महासागरों से घिरा हुआ है। इन महासागरों की गहराई में कई मूल्यवान खनिज तत्वों के भंडार हैं। भूवैज्ञानिक राष्ट्र के विकास के लिए इन संसाधनों के उपयोग में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। उन्होंने भूवैज्ञानिकों से ऐसी तकनीकें विकसित करने का आग्रह किया जो समुद्री जैव विविधता को कम से कम नुकसान पहुंचाते हुए राष्ट्र के लाभ के लिए समुद्र तल के नीचे के संसाधनों का दोहन कर सकें।

## अमित शाह ने कोलकाता में किया संतोष मित्रा स्क्वायर दुर्गा पूजा का उद्घाटन

**एजेंसी**

**कोलकाता।** केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने कोलकाता के उत्तर हिस्से में प्रतिष्ठित संतोष मित्रा स्क्वायर दुर्गा पूजा मंडप का उद्घाटन किया। सुबह 11:20 बजे पहुंचे शाह ने इस वर्ष की थीम 'ऑपरेशन सिन्दूर' का अवलोकन किया, जिसमें पहलगाम में आतंकी हमले के बाद भारतीय सेना के आतंकवाद-विरोधी अभियान की झलक प्रस्तुत की गई है। पश्चिम बंगाल में होने वाले आगामी विधानसभा चुनावों के मद्देनजर केंद्रीय गृह मंत्री का यह दौरा राजनीतिक रूप से महत्वपूर्ण माना जा रहा है। पूजा उद्घाटन के बाद उन्होंने मां दुर्गा से प्रार्थना करते हुए कहा, 'इस चुनाव के बाद बंगाल में ऐसी सरकार बनेगी जो 'सोनार बांग्ला' का निर्माण करेगी। हमारा बंगाल फिर से सुरक्षित, सुजलाम-सुफलाम और शांत होगा।' संतोष मित्रा स्क्वायर की इस पूजा के आयोजकों में भाजपा नेता और कोलकाता नगर निगम के सदस्य सजल घोष प्रमुख भूमिका निभा रहे हैं। उल्लेखनीय है कि अमित शाह ने वर्ष 2023 में भी इसी मंडप का उद्घाटन किया था, जब इसकी थीम राम मंदिर रखी गई थी।



### ● कोलकाता के प्रसिद्ध कालीघाट मंदिर में गृह मंत्री अमित शाह ने की पूजा



**कोलकाता।** केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने शुक्रवार को कालीघाट स्थित प्रसिद्ध काली मंदिर में पूजा-अर्चना की। शाह ने मां काली का आशीर्वाद लिया और मंदिर के पुरोहितों ने वैदिक मंत्रोच्चार और पारंपरिक विधि-विधान से विशेष पूजा संपन्न कराई। अमित शाह के इस दौरे को नवरात्रि के मौके पर विशेष महत्व दिया जा रहा है। पूजा के दौरान उन्होंने देश और बंगाल की समृद्धि एवं शांति की कामना की। भाजपा नेताओं का मानना है कि नवरात्र के इस शुभ अवसर पर शाह का कालीघाट मंदिर पहुंचना न केवल धार्मिक भावनाओं से जुड़ा है बल्कि यह बंगाल की सांस्कृतिक धारा को सम्मान देने का भी संदेश है।

## रामलीला से मिली ऊर्जा विकसित दिल्ली के संकल्प को करेगी मजबूत: रविन्द्र इन्द्राज

**कौमी पत्रिका**

नई दिल्ली, 26 सितम्बर। डीडीए रामलीला ग्राउंड, सेक्टर-23 रोहिणी में चल रही सनातन संस्कारम् रामलीला में गुरुवार को राम बारात, महारास रात्रि और श्याम बाबा की श्रृंगार झांकी का विशेष आयोजन हुआ। रामलीला समिति के चेयरमैन एवं दिल्ली सरकार के समाज कल्याण मंत्री रविन्द्र इन्द्राज सिंह ने कहा कि आज की थीम 'समृद्ध भारत' है, जिसके माध्यम से हम नई पीढ़ी को भारत के प्राचीन गौरव और आने वाले उज्ज्वल भविष्य से परिचित करा रहे हैं। इस अवसर पर नई दिल्ली से सांसद बांसुरी स्वराज ने भी धार्मिक आयोजनों में सहभागिता की। भव्य राम बारात रोहिणी सेक्टर-23 और 24 में निकाली गई, जहाँ स्थानीय निवासियों ने पूजन-अर्चन कर शोभायात्रा का भव्य स्वागत किया। डांडिया नाइट में प्रसिद्ध गायिका शिबानी कश्यप ने अपनी भावपूर्ण प्रस्तुति से उपस्थित श्रद्धालुओं को मंत्रमुग्ध कर दिया। उनके गीतों पर लोगों ने उल्लासपूर्वक डांडिया खेला और उत्सव का आनंद लिया। सांसद बांसुरी स्वराज ने कहा कि समृद्ध एवं विकसित भारत का सपना तभी साकार होगा जब संस्कृति और समाज साथ-साथ आगे बढ़ें। रामलीला हमें यही संदेश देती है कि आस्था और विकास दोनों एक ही यात्रा के दो महत्वपूर्ण पहलू हैं। रामलीला के हर पात्र में हमें अपने जीवन में त्याग, कर्तव्य और सेवा का मार्गदर्शन मिलता है। उन्होंने सभी उपस्थित श्रद्धालुओं और कलाकारों को बधाई देते हुए कहा कि रामलीला केवल धार्मिक आयोजन नहीं, बल्कि सामाजिक संदेशों को जन-जन तक पहुँचाने का एक सशक्त माध्यम है। इन्द्राज ने कहा कि रामलीला हमारी सांस्कृतिक आत्मा का उत्सव है। यह केवल अतीत की गाथा नहीं, बल्कि भविष्य की दिशा भी है, जहाँ आदर्श, नैतिकता और नारी सम्मान जैसे मूल्यों को हम नई पीढ़ी तक पहुँचाते हैं। इससे हमें वो ऊर्जा मिलती है जो विकसित दिल्ली के संकल्प को मजबूत करती है। कैबिनेट मंत्री ने यह भी बताया कि सेवा पखवाड़े को केंद्र में रखते हुए, आयोजन में नशा मुक्ति, विकसित दिल्ली संकल्प, वोकल फॉर लोकल, स्वदेशी उत्पादों, स्वच्छता, जल संरक्षण और हरित दिल्ली जैसे महत्वपूर्ण सामाजिक संदेशों का भी व्यापक प्रसार किया जा रहा है ।



## 'महिलाओं को सशत करेगी मुयमंत्री महिला रोजगार योजना', चिराग ने की पीएम मोदी और सीएम नीतीश की तारीफ

**एजेंसी**

**नई दिल्ली ।** केंद्रीय खाद्य प्रसंस्करण उद्योग मंत्री चिराग पासवान ने बिहार की 'मुख्यमंत्री महिला रोजगार योजना' की तारीफ की। उन्होंने कहा कि यह महिलाओं को सशक्त बनाने वाली सबसे सुंदर योजना है। चिराग ने वर्ल्ड फूड इंडिया 2025 को भारत को वैश्विक खाद्य नवाचार हब बनाने का माध्यम बताया। उन्होंने कहा कि यह आयोजन न केवल व्यापारिक प्रदर्शनी है, बल्कि निवेश, स्थिरता और तकनीकी आदान-प्रदान का परिवर्तनकारी मंच है। केंद्रीय मंत्री चिराग पासवान ने वर्ल्ड फूड इंडिया 2025 की बात करते हुए कहा, 'हमें न सिर्फ प्रोसेसिंग में अपने बेहतरीन तरीकों को दिखाना चाहिए, बल्कि वैश्विक स्तर पर भी ऐसा करना चाहिए। नई टेक्नोलॉजी, इनोवेशन और स्टार्टअप आइडिया के लिए एक ऐसा मंच होना चाहिए, जहां राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय इनोवेशन और टेक्नोलॉजी साझा की जा सकें। फूड प्रोसेसिंग सेक्टर में बहुत संभावनाएं हैं। पीएम मोदी ने वर्ल्ड फूड इंडिया के उद्घाटन के अवसर पर इन बिंदुओं पर जोर दिया था।' उन्होंने बताया कि इस समिट में एक लाख करोड़ से अधिक के एमओयू पर साइन किया जा चुका है। इसके माध्यम से 9 लाख रोजगार के अवसर पैदा होंगे। इन सभी की सोच ही वर्ल्ड फूड इंडिया में दिखाई दे रही है ताकि उसे धरातल पर उतारा जा सके। अलग-अलग राज्यों ने यहां पवेलियन लगाई है, जिसके जरिए वे अपने प्रोडक्ट को प्रमोट कर रहे हैं। इसके माध्यम से उनकी वैश्विक बाजारों तक पहुंच बढ़ती है। बिहार की मुख्यमंत्री महिला रोजगार योजना की केंद्रीय मंत्री चिराग पासवान ने तारीफ करते हुए कहा, मुझे लगता है कि यह सबसे बेहतरीन योजनाओं में से एक है। अब तक हम सिर्फ महिलाओं को सशक्त बनाने की बात करते थे, लेकिन यह एक ऐसी योजना है जो उन्हें सच में आत्मनिर्भर और सशक्त बनाती है। इस योजना से वे भविष्य के लिए अपना व्यवसाय शुरू कर सकती हैं। वे इस योजना के लाभ से खुद को उद्यमी बना सकती हैं और न सिर्फ अपना बल्कि अपने पूरे परिवार का भी पालन-पोषण कर सकती हैं। यह प्रधानमंत्री मोदी और मुख्यमंत्री नीतीश कुमार द्वारा महिलाओं को सशक्त करने के लिए उठाया गया अब तक का सबसे अच्छा कदम है।'

## बंगाल के पूर्व मंत्री पार्थ चटर्जी की जमानत

कोलकाता (एजेंसी)। कलकत्ता हाईकोर्ट ने शुक्रवार को पश्चिम बंगाल शिक्षक भर्ती घोटाला मामले में पश्चिम बंगाल के पूर्व मंत्री और टीएमसी विधायक पार्थ चटर्जी को जमानत दे दी। जस्टिस शुभ्रा घोष की बेंच ने जेल की शर्तों के अनुसार चटर्जी को अपना पासपोर्ट जमा करने और निचली अदालत के अधिकार क्षेत्र से बाहर न जाने का निर्देश दिया। जस्टिस घोष ने यह भी कहा कि चटर्जी को मुकदमे के लंबित रहने तक किसी भी सार्वजनिक पद पर नियुक्त नहीं किया जाएगा। चटर्जी पर प्राइमरी स्कूल शिक्षकों, असिस्टेंट स्कूल शिक्षकों और शिक्षा विभाग में अन्य पदों पर अयोग्य उम्मीदवारों की अवैध नियुक्तियां करने वाले एक रैकेट में शामिल होने का आरोप है। ईडी ने शिक्षक भर्ती घोटाले से जुड़े मनी लॉन्ड्रिंग के मामल में पार्थ चटर्जी को 25 अप्रैल 2023 में गिरफ्तार किया था। 22 जुलाई को पार्थ और उनकी करीबी अर्पिता के 18 ठिकानों से ईडी ने रेड में 20 करोड़ कैश बरामद किया था। गिरफ्तारी के बाद से ही पार्थ जेल में हैं।

## कांग्रेस नेता की गोली मारकर हत्या

नई दिल्ली (एजेंसी)। दिल्ली के मालवीय नगर में कांग्रेस नेता और प्रॉपर्टी डीलर लखपत सिंह कटारिया (55) को बाइक सवार हमलावरों ने गोली मार दी। कटारिया को तीन गोलियां लगी। बताया जा रहा है कि कटारिया को हमलावरों ने रोककर गोली मारी। सूचना पर पहुंची पुलिस ने उन्हें अस्पताल में भर्ती कराया। जहां इलाज के दौरान उनकी मौत हो गई। डीसीपी साउथ दिल्ली अंकित चौहान ने मौत की पुष्टि की है। पुलिस के मुताबिक, सुबह 9.53 बजे मालवीय नगर पुलिस थाने में विजय मंडल पार्क, बेगमपुर के पास गोलीबारी के संबंध में एक पीसीआर कॉल प्राप्त हुई। कॉलर ने बताया कि बाइक सवार दो हमलावरों ने लखपत सिंह कटारिया को पहले रोका और फिर उनको गोली मार दी है। वारदात को अंजाम देने के बाद हमलावर मौके से फरार हो गए। घायल लखपत सिंह कटारिया निवासी बेगमपुर को गोली लगने की सूचना के बाद अस्पताल में भर्ती कराया गया। जहां इलाज के दौरान उनकी मौत हो गई।

## ग्रीन पटाखे बनाने की दी इजाजत

नई दिल्ली (एजेंसी)। सुप्रीम कोर्ट ने दिवाली से पहले शुक्रवार को दिल्ली-एनसीआर में पटाखा बनाने की इजाजत दे दी। कोर्ट ने कहा कि जिन मैन्युफैक्चरर्स के पास ग्रीन पटाखा बनाने के लिए एनईईआरआई और पीईएसओ का परमिट हैं, सिर्फ वे ही पटाखा बना सकते हैं। जस्टिस ऑफ इंडिया (सीजेआई) बीआर गवई, जस्टिस के. विनोद चंद्रन और जस्टिस एनवी अंजारिया की बेंच ने मैन्युफैक्चरर्स के लिए एक शर्त भी रखी। बेंच ने कहा कि वे कोर्ट के अगले आदेश तक एनसीआर में कोई भी पटाखा नहीं बेचेंगे। सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि पटाखों पर पूरी तरह बैन न तो संभव है, न ही यह सही है। कोर्ट ने केंद्र से दिल्ली सरकार, पटाखा बनाने और बेचने वालों सहित सभी हितधारकों से बातचीत के बात पटाखों पर पूर्ण प्रतिबंध के फैसले को संशोधित करने का निर्देश दिया।

## खोजी कुत्ते ने पांच मिनट में सुलझाया बच्चे की गुमशुदगी का राज

गोरखपुर (एजेंसी)। चिलुआताल इलाके में उस समय अफरा-तफरी मच गई जब 11 वर्षीय छात्र लक्ष्य के अपहरण की आशंका में हड़कंप मच गया। बच्चा शाम 5 बजे ट्यूशन जाने वाला था, लेकिन जब वह घर से गायब मिला तो परिजनों ने उसे ढूंढना शुरू किया। पड़ोस की एक महिला ने कुछ युवकों के साथ बच्चे को जाते देखने की बात कही, जिससे परिजन और भी घबरा गए। लगभग दो घंटे की तलाश के बाद जब कोई सुराग नहीं मिला, तो परिजनों ने पुलिस को सूचना दी। दादा सदानंद सिंह की तहरीर पर पुलिस ने अपहरण का केस दर्ज किया और जांच शुरू कर दी। जिलेभर की पुलिस अलर्ट हो गई, नाकेबंदी हुई, 50 से अधिक सीसीटीवी फुटेज खंगाले गए, क्राइम ब्रांच सक्रिय हुई। चार घंटे तक कुछ हाथ न लगने के बाद मौके पर पहुंचे एसपी उत्तरी जितेंद्र कुमार श्रीवास्तव ने डॉग स्क्वाड को बुलाया। डॉबरमैन टोनी को लक्ष्य का कपड़ा सूंघाया गया। टोनी ने कुछ ही मिनटों में पड़ोसी की छत पार करते हुए लक्ष्य के ही घर की दूसरी मंजिल पर एक कमरे की तरफ इशारा किया। वहां सोफे के पीछे मासूम गहरी नींद में सोता मिला। लक्ष्य ने बताया कि खेलते-खेलते देर हो गई थी, और ट्यूशन छूटने के डर से वह छिप गया था। बच्चे को सकुशल देखकर परिजन भावुक हो उठे। मोहल्लेवालों और पुलिस ने डॉग टोनी की प्रशंसा की, जिसकी सूंघने की क्षमता ने बड़ी चिंता को टाल दिया।

## लद्दाख में हिंसा के बाद स्कूल, कॉलेज बंद, अब तक 50 लोग गिरफ्तार

लेह (एजेंसी)। लेह में अभी भी हालात सामान्य नहीं हैं। गुरुवार को भी कर्फ्यू जारी रहा। इससे पहले सुरक्षाबलों के साथ झड़प में चार प्रदर्शनकारियों की मौत हो गई। इस प्रदर्शन में अब तक 90 लोग घायल हुए हैं। हालात को देखते हुए लेह के जिला मजिस्ट्रेट ने शुक्रवार से दो दिन के लिए सभी सरकारी और निजी स्कूलों, कॉलेजों और अन्य शिक्षण संस्थानों को बंद करने का आदेश दिया है। आंगनवाड़ी केंद्र भी बंद रहेंगे। मीडिया रिपोर्ट में पुलिस अधिकारी ने बताया कि कर्फ्यू वाले इलाकों में स्थिति नियंत्रण में है। किसी अप्रिय घटना की सूचना नहीं है। हिंसा बढ़ने के कारण जलवायु कार्यकर्ता सोनम वांगचुक को अपनी पखवाड़े भर से चल रही भूख हड़ताल को छोड़ना पड़ा। उन्होंने हिंसा की निंदा की। वांगचुक ने कहा कि यह लद्दाख के लिए सबसे दुखद दिन है। पिछले पांच सालों से हम जिस रास्ते पर चल रहे थे, वह शांतिपूर्ण था। उन्होंने युवाओं से अपील की कि हिंसा तुरंत बंद करें क्योंकि यह हमारे आंदोलन को नुकसान पहुंचाती है। केंद्र सरकार ने इस अशांति के लिए वांगचुक को ही जिम्मेदार ठहराया और आरोप लगाया कि यह भीड़ द्वारा की गई हिंसा उनके 'भड़काऊ बयानों' से प्रेरित थी। वहीं, वांगचुक ने गृह मंत्रालय के आरोपों को 'बलि का बकरा बनाने की रणनीति' बताया, जिसका उद्देश्य हिमालयी क्षेत्र की मूल समस्याओं से निपटने को टालना है। वहीं वांगचुक ने कहा कि वे चालाकी से किसी और को बलि का बकरा बना सकते हैं लेकिन वे बुद्धिमान नहीं हैं। इस समय हम सभी को 'चालाकी' की बजाय बुद्धिमत्ता की जरुरत है क्योंकि युवा पहले से ही निराश हैं। लेह एपेक्स बॉडी द्वारा लद्दाख के लिए छठी अनुसूची के विस्तार और राज्य का दर्जा देने की मांग को लेकर बुधवार को बुलाए गए बंद के दौरान हुई हिंसा के सिलसिले में अब तक कम से कम 50 लोगों को हिरासत में लिया गया है।

# डॉ मनमोहन की जयंती-पीएम मोदी ने योगदान को सराहा, खरगे बोले- वे आर्थिक सुधारों के जनक



**नई दिल्ली(एजेंसी)।** नई दिल्ली(ईएमएस)। पूर्व प्रधानमंत्री और अर्थशास्त्री, दिवंगत डॉ मनमोहन सिंह की जयंती पर पूरा देश उन्हें याद कर रहा है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने उन्हे श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए उनके योगदान को सराहना की। इधर कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकाअर्जुन खरगे ने उन्हे पुष्पांजलि अर्पित करते हुए कहा कि डॉ सिंह आर्थिक सुधारों के जनक हैं और उनके सुधारों से आज भी देश लाभान्वित हो रहा है।

केंद्रीय संसदीय कार्य मंत्री किरेन रिजिजू ने भी डॉ सिंह के प्रति अपना सम्मान व्यक्त किया। एक्स पर अपने संदेश में उन्होंने कहा, भारत के पूर्व प्रधानमंत्री डॉ मनमोहन सिंह जी को उनकी जयंती पर याद कर रहे हैं। देश की सेवा में उनके वर्षों को हमेशा सम्मान के साथ याद किया जाएगा।

इससे पहले कांग्रेस ने भी उनकी जयंती पर उन्हें श्रद्धांजलि दी। कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने पूर्व प्रधानमंत्री मनमोहन सिंह की जयंती के मौके पर शुक्रवार को देश के विकास में उनके योगदान को याद किया और कहा कि वह आने वाली पीढ़ियों के लिए ईमानदारी, बुद्धिमत्ता और राष्ट्र के प्रति निस्स्वार्थ सेवा के एक चिरस्थायी प्रतीक बने रहेंगे। खरगे ने 'एक्स' पर पोस्ट किया, हम राष्ट्र निर्माण में पूर्व प्रधानमंत्री डॉ मनमोहन सिंह के योगदान को याद करते हैं। वह भारत के आर्थिक परिवर्तन के एक सूत्रधार थे। वह विनम्रता और बुद्धिमत्ता के धनी थे तथा सबके साथ गरिमापूर्ण व्यवहार करते थे और अपने कार्यों से अपनी बातों को ज्यादा प्रभावशाली बनाते थे।

बता दें कि पूर्व प्रधानमंत्री डॉ मनमोहन सिंह लंबे समय तक राज्यसभा सांसद रहने वाले देश के चुनिंदा नेताओं में शुमार थे। वह लगभग 33 साल तक राज्यसभा सांसद रहे। उन्होंने भारतीय अर्थव्यवस्था में नई वित्तीय और प्रशासनिक सुधारों की शुरुआत की। वर्ष 1991 में वह पहली बार राज्यसभा के सदस्य बने थे। उसी साल वह 1991 से 1996 तक तत्कालीन नरसिम्हा राव सरकार में वित्त मंत्री रहे। सिंह का जन्म 26 सितंबर,1932 को पंजाब के गाह गांव में हुआ था जो अब पाकिस्तान का हिस्सा है। सिंह ने 2004 से 2014 तक प्रधानमंत्री के रूप में सेवाएं दीं। उनका 26 दिसंबर, 2024 को निधन हो गया। डॉ सिंह 1976 से 1980 तक रिजर्व बैंक के गवर्नर रहे थे। अप्रैल 1980 से सितंबर 1982 तक वह योजना आयोग के सदस्य सचिव रहे। सितंबर 1982 से जनवरी 1985 तक वह एक बार फिर रिजर्व बैंक के गवर्नर रहे। जनवरी 1985 से जुलाई 1987 तक वह योजना आयोग के उपाध्यक्ष के पद पर रहे। इसके बाद वह 1987 से 1990 तक जिनेवा में दक्षिण आयोग के महासचिव रहे। उन्होंने प्रधानमंत्री के सलाहकार और विश्वविद्यालय अनुदान आयोग के अध्यक्ष के पदों पर भी काम किया। पूर्व प्रधानमंत्री मनमोहन सिंह को कई पुरस्कारों से सम्मानित किया गया। साल 1987 में पद्म विभूषण, साल 1993 में वित्त मंत्री के लिए यूरो मनी पुरस्कार, 1993 और 1994 में वित्त मंत्री के लिए एशिया मनी पुरस्कार और 1995 में भारतीय विज्ञान कांग्रेस का जवाहरलाल नेहरू जन्म शताब्दी पुरस्कार शामिल है।

## मालेगांव बम विस्फोट मामले में बरी हुए लेफ्टिनेंट कर्नल प्रसाद पुरोहित को पदोन्नत करने का फैसला

**मुंबई (एजेंसी)।** मालेगांव बम विस्फोट मामले में बरी हुए लेफ्टिनेंट कर्नल प्रसाद पुरोहित का 16 साल से रुका हुआ उनका सैन्य करियर आखिरकार अब गति पकड़ चुका है। सेना मुख्यालय ने उन पर अनुशासन और सतर्कता प्रतिबंध (डीवी) हटाकर उन्हें कर्नल के वरिष्ठ पद पर पदोन्नत करने का फैसला किया है। आपको बता दें कि कर्नल प्रसाद पुरोहित को 31 जुलाई, 2025 को मालेगांव बम विस्फोट मामले में आरोपों से बरी कर दिया गया। इस मामले में कर्नल पुरोहित को लगभग 9 साल जेल में बिताने पड़े। अदालत के फैसले के बाद, लेफ्टिनेंट कर्नल पुरोहित के पिछले 16 सालों से उनके करियर पर लगे अनुशासन और सतर्कता प्रतिबंध को हटाने की प्रक्रिया शुरू हो गई है। सेना के सूत्रों के अनुसार, इस प्रतिबंध को हटाने की फाइल दक्षिणी कमान को भेज दी गई है। इसके चलते उनकी पदोन्नति और अन्य सेवा अधिकारों को बहाल करने की प्रक्रिया शुरू हो गई है। सेना के नियमों के अनुसार, पुरोहित को 2008 में उनकी गिरफ्तारी के बाद डीवी प्रतिबंध के तहत रखा गया था। इस डीवी प्रतिबंध के कारण, अधिकारी का नाम पदोन्नति बोर्ड में नहीं जाता है। कर्नल के पद के लिए योग्य होने के बावजूद, पुरोहित का नाम कभी भी बोर्ड में शामिल नहीं किया गया, जिससे उनका पूरा सैन्य करियर रुक गया। डीवी प्रतिबंध हटाने की फाइल दक्षिणी कमान से दिल्ली स्थित सेना मुख्यालय भेजी गई थी। उच्चतम स्तर पर डीक्लासिफिकेशन और कानूनी मंजूरी मिलने के बाद, एक विशेष बोर्ड ने उनके पुराने पदोन्नति मूल्यांकन के परिणामों की जांच की। इस प्रक्रिया के बाद, अंततः उन्हें कर्नल के पद पर पदोन्नत करने का निर्णय लिया गया है। कर्नल पुरोहित 1994 में मराठा लाइट इन्फैंट्री में शामिल हुए थे। उन्होंने सुप्रीम कोर्ट में दलील दी थी कि विस्फोट मामले में उन्हें राजनीतिक रूप से हेरफेर किया गया था

## इंदौर में दशहरा पर शूर्पणखा का पुतला दहन करने को लेकर खड़ा हुआ विवाद

**-रघुवंशी समाज ने किया विरोध, आरोपी सोनम का चेहरा लगाना गलत**




**इंदौर (एजेंसी)।** इंदौर में दशहरा पर शूर्पणखा का पुतला दहन करने को लेकर विवाद खड़ा हो गया है। रघुवंशी समाज इसका जोरदार विरोध कर रहा है और उन्होंने थाना और जिला कलेक्टर कार्यालय में ज्ञापन सौंपा है। रघुवंशी समाज का आरोप है कि आयोजन में शूर्पणखा के पुतले पर सोनम रघुवंशी का नाम और चेहरा लगाना न केवल गलत है, बल्कि पूरे समाज की गरिमा को ठेस पहुंचाने वाला कदम है।

समाज के प्रतिनिधियों का कहना है कि धार्मिक और सांस्कृतिक कार्यक्रमों में बुराई का प्रतीक दर्शाने के लिए किसी व्यक्ति विशेष या जाति का नाम जोड़ना समाज विरोधी है। उन्होंने चेतावनी दी कि यदि इस आयोजन से सोनम रघुवंशी का नाम नहीं हटाया गया, तो समाज व्यापक आंदोलन करेगा। जिला अध्यक्ष पिंकी रघुवंशी ने कहा कि इस तरह का आयोजन महिला समाज का अपमान है और यह न केवल अवैधानिक बल्कि समाज विरोधी भी है। उनका कहना था कि जिन महिलाओं को इस आयोजन में शूर्पनखा के चेहरे के रूप में दर्शाया जा रहा है, वो केवल आरोपी हैं और उनके प्रकरण न्यायालय में विचाराधीन हैं। ऐसे में दोष सिद्ध किए बिना उनका नाम इस प्रकार से जोड़ना गलत है।

वहीं, राष्ट्रीय अध्यक्ष उमाशंकर रघुवंशी ने आरोप लगाया कि संस्था जानबूझकर केवल 11 महिलाओं को निशाना बना रही है। उन्होंने सवाल उठाया कि जब अपराध पुरुष और महिलाएं दोनों करते हैं, तो केवल महिलाओं को क्यों चुना जा रहा है। उनके मुताबिक अखबारों और सोशल मीडिया पर इस आयोजन का प्रचार कर समाज और अन्य समुदायों की छवि धूमिल की जा रही है। सोनम रघुवंशी के भाई गोविंद रघुवंशी ने भी इसे परिवार और समाज की प्रतिष्ठा पर हमला बताया है। उन्होंने कहा कि यह आयोजन पूरी तरह से समाज की भावनाओं को आहत करने वाला है और इसे तत्काल निरस्त किया जाना चाहिए। जिला प्रशासन ने ज्ञापन लेकर मामले की जांच शुरू कर दी है। रघुवंशी समाज के बढ़ते विरोध को देखते हुए यह आयोजन रद्द होगा या संशोधित, इस पर सभी की निगाहें टिकी हैं।

# कांग्रेस में इतना दम नहीं... वो हिंसा की हिमाकत कर सके: सीएम अब्दुल्ला



**जम्मू (एजेंसी)।** हाल ही में लद्दाख में हुई हिंसा में 4 लोगों की मौत हो गई और कई लोग घायल हो गए। इस मामले में भाजपा ने हिंसा के लिए कांग्रेस को जिम्मेदार बता दिया। भाजपा के इस कथित बयान पर जम्मू कश्मीर के मुख्यमंत्री उमर अब्दुल्ला ने पलटवार किया है। बाढ़ प्रभावित रियासी जिले के गांवों का दौरा करने के बाद पत्रकारों से बात करते हुए मुख्यमंत्री उमर अब्दुल्ला ने कहा कि लद्दाख में कई चुनाव हार चुकी कांग्रेस में इतना दम नहीं है कि वहां वो हिंसा करा सके। हां ये बात अलग है कि भाजपा की आदत में है कि खुद की गलती दूसरे पर थोप दी जाए।

सीएम ने आगे कहा, अगर कांग्रेस इतनी शक्तिशाली होती कि वह लद्दाख में हिंसा भड़का सके तो उस पार्टी ने वहां परिषद का गठन क्यों नहीं किया? सीएम ने कहा, लद्दाख में पिछला परिषद का चुनाव किसने जीता? भाजपा ने, जबकि कांग्रेस बुरी तरह हार गई थी। जब चीजें गलत होती हैं तो भाजपा के लोग हमेशा बहाना बनाने लगते हैं और उसका ठीकरा दूसरों के सिर पर फोड़ देते हैं।


उमर अब्दुल्ला ने बाढ़ प्रभावित रियासी जिले के गांवों का दौरा करने के बाद पत्रकारों से बात करते हुए कहा कि उप राज्यपाल के नेतृत्व वाले लद्दाख प्रशासन को यह देखना चाहिए कि वह वहां शांति बनाए रखने और जरूरी कदम उठाने में क्यों विफल रहा? दरअसल, बुधवार को लेह में हुई हिंसा के लिए भाजपा ने कांग्रेस को जिम्मेदार ठहराया है। इस पर जब उनसे सवाल पूछा गया तो उन्होंने दो टूक कहा कि जब लद्दाख में सरकार उनकी यानी भाजपा की है और वे शासन देने में विफल रहे हैं तो किसी और पर दोष क्यों मढ़ रहे हैं?

बुधवार को लद्दाख में भड़की हिंसा में चार लोगों की मौत हो गई और 80 से अधिक अन्य घायल हो गए। लद्दाख को राज्य का दर्जा देने और संविधान की छठी अनुसूची के विस्तार के आंदोलन का समर्थन करने वाले सैकड़ों प्रदर्शनकारियों ने लेह में भाजपा कार्यालय और कई वाहनों को आग लगा दी थी। बता दें कि 5 अगस्त 2019 में जम्मू-कश्मीर को दो केंद्र शासित प्रदेश में बांट दिया गया था। तभी से लद्दाख एक नया केंद्र शासित प्रदेश है, जहां उपराज्यपाल का शासन है। फिलहाल वहां भाजपा के नेता रहे कविन्दर गुप्ता उप राज्यपाल हैं।

## मणिपुर में 8.467 किलो आईईडी बरामद, सफलतापूर्वक किया निष्क्रिय

इंफाल (एजेंसी)। असम राइफल्स ने मणिपुर के काकचिंग जिले में एक बड़े खतरे को टाल दिया है। असम राइफल्स ने शुक्रवार को आईईडी को सफलतापूर्वक निष्क्रिय कर दिया है। उन्होंने इस ऑपरेशन की जानकारी सोशल मीडिया के जरिए से दी। असम राइफल्स ने एक्स पर इस ऑपरेशन की कुछ फोटो भी शेयर किए हैं। उन्होंने लिखा- असम राइफल्स ने वांगू पुलिस के साथ मिलकर मणिपुर के काकचिंग जिले में स्थित वांगू लमखाई रोड के पास 8.467 किलो की आईईडी को बरामद कर सुरक्षित रूप से निष्क्रिय किया है। इस डिवाइस में टीएनटी, स्प्लिंटर्स, स्क्रू और एक डेटोनेटर शामिल था, जिसे असम राइफल्स के बम निरोधक विशेषज्ञों ने कुशलता से निष्क्रिय किया, जिससे नागरिकों की जान का बड़ा खतरा टल गया।

## ट्रंप पर बरसे जयराम- निशाने पर पीएम मोदी... दोस्त दोस्त न रहा



**नई दिल्ली (एजेंसी)।** वरिष्ठ कांग्रेस नेता और राज्यसभा सांसद जयराम रमेश ने अमेरिका के पूर्व राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप पर तीखा प्रहार किया है। रमेश ने मई 2025 के मध्य से अब तक ट्रंप की नीतियों और भारत के प्रति उनके रुख पर सवाल खड़े किए हैं। उन्होंने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की अमेरिका यात्रा के दौरान हुए नमस्ते ट्रंप और हाउडी मोदी जैसे आयोजनों पर भी तंज कसा और पूछा कि ÷दोस्त दोस्त न रहा?

जयराम रमेश ने सोशल मीडिया पर अपने पोस्ट में बिंदुवार ट्रंप के उन फैसलों और बयानों का ज़िक्र किया, जिन्हें उन्होंने भारत के हितों के ख़िलाफ़ बताया। रमेश के मुताबिक़, ट्रंप अब तक चार अलग-अलग देशों में, जिनमें संयुक्त राष्ट्र भी शामिल है, 45 बार यह दावा कर चुके हैं कि भारत और पाकिस्तान के बीच युद्धविराम करवाने का श्रेय उन्हें जाता है। उनके अनुसार इसी कारण भारत का ऑपरेशन सिंदूर अचानक रोक दिया गया। उन्होंने पाकिस्तान के आर्मी चीफ़ फ़ील्ड मार्शल आसिम मुनीर को व्हाइट हाउस में अप्रत्याशित लंच पर बुलाया- वही व्यक्ति जिसके भड़काऊ और सांप्रदायिक बयानों के बाद पहलगाम आतंकी हमला हुआ था। ट्रंप ने अमेरिका-पाकिस्तान आर्थिक साझेदारी को और मज़बूत करने की बात की। कुछ रिपोर्टों के अनुसार, उन्होंने सऊदी अरब और पाकिस्तान के बीच रणनीतिक पारस्परिक रक्षा समझौते को मंज़ूरी दे दी है।


जयराम ने कहा, ट्रम्प ने भारत से अमेरिका को होने वाले निर्यात पर दंडात्मक टैरिफ लगाए और एच वन बी वीज़ा व्यवस्था को अस्त-व्यस्त कर दिया। उन्होंने रूस के साथ भारत के लंबे आर्थिक संबंधों को लेकर भारत को निशाना बनाया और दंडात्मक कार्रवाई की। रमेश ने यह भी उल्लेख किया कि रिपोर्टों के अनुसार, आज व्हाइट हाउस में ट्रंप की मुलाक़ात पाकिस्तान के फ़ील्ड मार्शल आसिम मुनीर और प्रधानमंत्री शहबाज़ शरीफ़ से होने वाली है।

इसी संदर्भ में उन्होंने प्रधानमंत्री मोदी की विदेश नीति और उनकी अमेरिका के साथ बढ़ती नज़दीकियों पर तंज कसते हुए पूछा, ÷नमस्ते ट्रंप का क्या हुआ? हाउडी मोदी का क्या हुआ? झप्पी कूटनीति का क्या हुआ? दोस्त दोस्त न रहा।

कांग्रेस नेता का यह बयान ऐसे समय आया है जब भारत-अमेरिका संबंधों में हाल के महीनों में कुछ तनाव देखने को मिला है। ट्रंप के कुछ हालिया निर्णयों और बयानों को भारत में नकारात्मक रूप से देखा जा रहा है, खासकर व्यापार और रक्षा सहयोग के मामलों में। राजनीतिक विश्लेषकों का मानना है कि जयराम रमेश का यह हमला न केवल ट्रंप प्रशासन की नीतियों पर है, बल्कि मोदी सरकार की विदेश नीति पर भी सवाल उठाता है, जिसने अमेरिका के साथ रिश्तों को रणनीतिक साझेदारीके स्तर तक पहुंचाने का दावा किया था।

## छात्राओं से छेड़छाड़ और वित्तीय गड़बड़ी के आरोपी चैतन्यानंद को बड़ा झटका, जमानत याचिका खारिज

**-बैंक खाते और फिक्स्ड डिपाजिट फ्रीज**



**नई दिल्ली (एजेंसी)।** छात्राओं से छेड़छाड़ और करोड़ों रुपये की वित्तीय अनियमितताओं के गंभीर आरोपों का सामना कर रहे स्वामी चैतन्यानंद सरस्वती उर्फ पार्थ सारथी को अदालत से राहत नहीं मिली है। दिल्ली की एक अदालत ने उनकी अग्रिम जमानत याचिका को खारिज करते हुए माना, कि आरोप बेहद गंभीर हैं और इस स्थिति में आरोपी को जमानत देना उचित नहीं होगा।

मामले की शुरुआत दिसंबर 2024 में हुई थी, जब एक प्रारंभिक ऑडिट में वित्तीय गड़बड़ी का खुलासा हुआ। जांच से पता चला कि चैतन्यानंद ने 2010 में श्री शारदा इंस्टीट्यूट ऑफ इंडियन मैनेजमेंट रिसर्च फाउंडेशन ट्रस्ट नाम से एक नया ट्रस्ट बना लिया, जबकि पहले से ही एआईसीटीई द्वारा मान्यता प्राप्त ट्रस्ट अस्तित्व में था। आरोप है कि नए ट्रस्ट के जरिए राजस्व और आय को डायवर्ट कर लगभग 20 करोड़ रुपये की संपत्ति का गबन किया गया। अदालत ने अपने आदेश में कहा कि बाबा के खिलाफ दर्ज आरोप केवल वित्तीय धोखाधड़ी तक सीमित नहीं हैं, बल्कि यह संस्थान और उससे जुड़े हितधारकों के विश्वासघात का भी मामला है। इसलिए अग्रिम जमानत देने का कोई आधार नहीं बनता।

इसी बीच, दिल्ली पुलिस ने जांच तेज करते हुए चैतन्यानंद से जुड़े 18 बैंक खाते और 28 फिक्स्ड डिपॉजिट फ्रीज कर दिए हैं। इन खातों में करीब 8 करोड़ रुपये जमा पाए गए हैं। जांच एजेंसियों का मानना है कि यह रकम उन्हीं ट्रस्टों से जुड़ी है जिन्हें आरोपी ने कथित तौर पर धोखाधड़ी से बनाया। छात्रों और पूर्व छात्रों ने भी बाबा के खिलाफ गंभीर खुलासे किए हैं। कई छात्रों ने बताया कि संस्थान के भीतर उसका एक पूरा नेटवर्क काम करता था। विरोध करने वालों को प्रताड़ित किया जाता, जबकि गरीब और कमजोर पृष्ठभूमि की लड़कियों को स्कॉलरशिप और करियर के लालच में फंसाकर उनका शोषण किया जाता था। शिकायतें पहले भी दर्ज हुईं, लेकिन कथित तौर पर बाबा के रसूख और पैसों की ताकत के कारण हर बार मामला दबा दिया गया। अब जब उसके खिलाफ कई परतें खुल चुकी हैं, पुलिस उसकी तलाश में लगातार छापेमारी कर रही है। पीड़ितों को उम्मीद है कि इस बार आरोपी अपने प्रभाव का इस्तेमाल करके कानून से बच नहीं पाएगा।

# मुल्ला मुनीर और जिनपिंग के उड़ने वाले हैं होश... अग्नि प्राइम बैलिस्टिक मिसाइल देगी मात

**-रूस, चीन और उत्तर कोरिया के बाद भारत ने हासिल की ये तकनीक**

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** ऑपरेशन सिंदूर के बाद अब भारत ने अपनी रक्षा क्षमताओं का मजबूत करने में जुटा हुआ है। इसी कड़ी में गुरुवार को रेल मोबाइल लांचर सिस्टम से अग्नि प्राइम बैलिस्टिक मिसाइल का सफल परीक्षण किया। इस मिसाइल के परीक्षण के बाद अब भारत के पड़ोसी मुल्क पाकिस्तान के मुल्ला मुनीर और चीन के होश उड़ने वाले है। क्योंकि भारत की ये मिसाइल रेल के द्वारा लांच हो सकती है। इसकारण ये मिसाइल सिस्टम और भी ज्यादा घातक हो गया है। इस उपलब्धि के साथ भारत उन चुनिंदा देशों में शामिल हुआ है, जो रेलवे नेटवर्क से मिसाइल लांच करने में सक्षम हैं। केंद्रीय रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने सफलता को देश की सामरिक ताकत में वृद्धि का प्रतीक बताकर कहा कि अग्नि प्राइम मिसाइल 2,000 किलोमीटर तक की रेंज के साथ विभिन्न एडवांस तकनीकों से लैस है और यह मिशन दिव्यास्त्र का अहम हिस्सा है।

रेल मोबाइल से लांच का सबसे बड़ा फायदा यह है कि मिसाइल को किसी भी स्थान पर जल्दी और सुरक्षित तरीके से तैनात हो सकती है। इस तकनीक से दुश्मनों के लिए अप्रत्याशित हमले का खतरा बढ़ जाता है। रिपोर्टों के अनुसार, अभी तक रूस, चीन और उत्तर कोरिया ही ऐसी तकनीक में माहिर थे। लेकिन अब भारत भी इस वैश्विक क्लब में शामिल हो चुका है, जिससे देश की सामरिक स्थिति और मजबूत हुई है।

अग्नि प्राइम तीन-स्तरीय कनस्तर प्रणाली वाली मिसाइल है और परमाणु हथियार ले जाने में सक्षम है। इसकी खासियत एमआईआरवी तकनीक है, जो एक ही मिसाइल से तीन से चार परमाणु हथियार अलग-अलग लक्ष्यों पर दागने की क्षमता देती है। इससे पिछली पीढ़ी की मिसाइलों की तुलना में अधिक सटीक और घातक परिणाम सुनिश्चित होते हैं। यह ठोस ईंधन पर आधारित मिसाइल है, जो तेज़ गति और बेहतर स्थिरता प्रदान करती है।

भारत ने अग्नि प्राइम की यह सफलता डिफेंस रिसर्च एंड डेवलपमेंट ऑर्गनाइजेशन (डीआरडीओ ) और स्ट्रैटजिक फोर्सेज कमांड (एसएफसी) के संयुक्त प्रयास से हासिल की है। इसके सफल परीक्षण ने देश को रणनीतिक दृष्टि से मजबूत किया है और पड़ोसी देशों को स्पष्ट संदेश दिया है कि भारत आधुनिक बैलिस्टिक मिसाइल तकनीक में पूरी तरह सक्षम है।

अग्नि प्राइम की विशेषताएं न केवल देश की रक्षा क्षमताओं को बढ़ाती हैं, बल्कि वैश्विक सुरक्षा मानचित्र पर भी प्रभावशाली बनाती हैं। इसकी मोबाइल लांच क्षमता, लंबी रेंज और एमआईआरवी तकनीक भारत को सामरिक संतुलन और सुरक्षा के मामले में मजबूत बनाती हैं। यह मिसाइल देश की सुरक्षा और आत्मनिर्भरता का प्रतीक बन चुकी है और इसके साथ ही मुल्ला मुनीर जैसी नापाक सोच रखने वाले देशों की नींद उड़ा देने की क्षमता भी इसमें मौजूद है।



# दिल्ली के छह सरकारी अस्पतालों में 150 नए डायलिसिस यूनिट स्थापित: डॉ. पंकज

कौमी पत्रिका

नई दिल्ली, 26 सितंबर 2025= प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्मदिन के उपलक्ष्य में चल रहे सेवा पखवाड़ा-2025 के अंतर्गत दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता के नेतृत्व में दिल्ली सरकार ने छह प्रमुख सरकारी अस्पतालों में 150 नई हीमो-डायलिसिस मशीनें स्थापित की हैं। इससे राजधानी दिल्ली में जीवन रक्षक स्वास्थ्य सेवाओं की क्षमता में भारी वृद्धि हुई है। अब ये 150 डायलिसिस यूनिट रोजाना 1500 से अधिक मरीजों का डायलिसिस कर रही हैं, जिससे जरूरतमंद नागरिकों को समय पर और समान रूप से उपचार मिल रहा है। 150 डायलिसिस मशीनों में से सबसे अधिक 55 मशीनें दिल्ली के बुराड़ी अस्पताल (मध्य जिला) और 45 मशीनें जनकपुरी के सुपर स्पेशलिटी (पश्चिम जिला) में लगाई गई हैं। इसके साथ ही अंबेडकर नगर अस्पताल (दक्षिण जिला) को 25 नई डायलिसिस मशीनें मिली हैं, जबकि उत्तर पश्चिम जिले में डॉक्टर बाबा साहेब अंबेडकर अस्पताल में 10 और संजय गांधी मेमोरियल अस्पताल में 5 नई डायलिसिस मशीनें लगाई गई हैं। इसके अतिरिक्त दिल्ली के जगप्रवेश चंद्र अस्पताल (उत्तर-पूर्व जिला) को 10 नई डायलिसिस मशीनें मिली हैं। कुल मिलाकर इन 150 नई डायलिसिस यूनिट्स के साथ दिल्ली के सरकारी अस्पतालों में कुल डायलिसिस मशीनों की संख्या बढ़कर 300 हो गई है। डॉक्टर पंकज ने कहा कि दिल्ली सरकार स्वस्थ नारी, सशक्त परिवार अभियान को लेकर बेहद गंभीर है, जिसका राजधानी में शानदार नतीजा दिखाई दे रहा है। 25 सितंबर 2025 तक 1,558 स्वास्थ्य शिविर लगाए गए, जिनमें 60 विशेषज्ञ स्वास्थ्य शिविर प्राथमिक स्वास्थ्य जांच केन्द्रों (क्षा॰ह्रा) में भी आयोजित किए गए। इन शिविरों में कुल 9,35,896 लाभार्थियों ने भाग लिया यानी औसतन 111 लोग प्रति शिविर के हिसाब से उपस्थित होकर स्वास्थ्य जांच का लाभ उठाया। जिनमें 3,86,270 पुरुष और 5,69,294 महिलाओं की विशेषज्ञ डॉक्टरों ने स्क्रीनिंग की गई, जो दिल्ली की महिलाओं के स्वास्थ्य के प्रति जागरूकता को दर्शाता है। स्वास्थ्य शिविर के दौरान 18,530 महिलाओं की टीबी की स्क्रीनिंग की गई, वहीं टीबी मरीजों की सहायता के लिए 1041 नि-क्षय मित्रों को पंजीकृत किया गया है। स्वास्थ्य जांच और जागरूकता कार्यक्रमों के साथ-साथ पोषण किट्स का वितरण भी आयुष्मान आरोग्य मंदिरों और सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्रों पर किया जा रहा है, जिससे महिलाओं और बच्चों को पोषण संबंधी कमी से उबरने और पूरे परिवार के स्वास्थ्य को मजबूत बनाने में मदद मिल रही है। स्क्रीनिंग, निवारक देखभाल, पोषण सहायता और स्वास्थ्य जागरूकता को एक साथ जोड़कर अपनाई गई दिल्ली सरकार की यह समग्र पहल राजधानी की प्रत्येक महिला को सशक्त बनाने और स्वस्थ परिवार सुनिश्चित करने की सरकार की प्रतिबद्धता को दर्शाता है। डॉक्टर पंकज ने कहा कि दिल्ली स्वास्थ्य विभाग स्वस्थ नारी, सशक्त परिवार अभियान के लाभों के प्रति समाज में जन जागरूकता बढ़ाने के लिए, सभी जरूरी संसाधनों जैसे सामुदायिक पहुंच कार्यक्रम और बैनर-पोस्टर अभियानों का भी सहारा ले रहा है। पंकज ने कहा कि दिल्ली सरकार स्वास्थ्य सेवाओं को और अधिक सुलभ और मजबूत बनाने के लिए प्रतिबद्ध है। सेवा पखवाड़ा के अंतर्गत 150 डायलिसिस मशीनों की स्थापना से हमारे अस्पताल प्रतिदिन और अधिक नागरिकों के जीवन बचाने में सक्षम बने हैं। 'स्वस्थ नारी, सशक्त परिवार' अभियान यह सुनिश्चित करता है कि महिलाओं और बच्चों को उनके स्वस्थ जीवन के लिए हर जरूरी पोषण मिले। हमारे इस अभियान के तहत सभी आयुष्मान आरोग्य मंदिरों पर मुफ्त स्वास्थ्य जांच और परामर्श की सुविधा उपलब्ध हैं। मैं दिल्ली की सभी महिलाओं, बहन, बेटियों से अपील करता हूं कि वे खुद आगे आएं और ज्यादा से ज्यादा इन स्वास्थ्य सेवाओं का लाभ उठाएं।



## जल निकायों पर अतिक्रमण और पुनर्जीवन पर अधिकारियों को फटकार

नई दिल्ली। राष्ट्रीय हरित अधिकरण (एनजीटी) ने राजधानी में जल निकायों पर अतिक्रमण और उनके पुनर्जीवन में देरी पर संबंधित अधिकारियों को कड़ी फटकार लगाई है। न्यायिक सदस्य न्यायमूर्ति अरुण कुमार त्यागी और विशेषज्ञ सदस्य अफरोज अहमद की पीठ ने नमभूमि प्राधिकरण के सदस्य सचिव, दिल्ली विकास प्राधिकरण (डीडीए) के उपाध्यक्ष, दिल्ली जल बोर्ड (डीजेबी) के मुख्य कार्यकारी अधिकारी, दिल्ली राज्य औद्योगिक और बुनियादी ढांचा विकास निगम (डीएसआईआईडीसी) के प्रबंध निदेशक और जिला मजिस्ट्रेट पश्चिम को 3 नवंबर को होने वाली अगली सुनवाई में व्यक्तिगत या वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के जरिये उपस्थित होने का निर्देश दिया है। अदालत ने इन अधिकारियों को जल निकायों की पहचान, अतिक्रमण हटाने और उनके पुनर्जीवन के लिए उठाए गए कदमों की विस्तृत रिपोर्ट प्रस्तुत करने का आदेश दिया है। अधिकरण ने चेतावनी दी है कि इस मामले में और देरी बर्दाश्त नहीं की जाएगी। सुनवाई के दौरान नमभूमि प्राधिकरण की तरफ से 30 अक्तूबर, 2024 को जारी आदेशों के बावजूद ठोस कार्रवाई न होने पर नाराजगी जताई। यह मामला 29 अप्रैल 2022 से लंबित है, जो एनजीटी अधिनियम की धारा 18(3) के तहत निर्धारित 6 महीने की समय सीमा का उल्लंघन है। डॉ. जीत सिंह यादव की तरफ से दायर याचिका पर सुनवाई के दौरान पीठ ने अधिकारियों द्वारा प्रस्तुत रिपोर्टों को अपूर्ण, अस्पष्ट और मामले को टालने की कोशिश करार दिया।

## बिजली का तार टूटकर पानी में गिरा

बलिया। बलिया जिले में सुखपुरा थाना क्षेत्र के जिला बस्ती के पास सेंट जेवियर्स स्कूल से घर लौट रही दो सगी बहनों की करंट लगने से मौत हो गई। इनमें एक अलका यादव कक्षा 7 व आंचल यादव (17) कक्षा 9 की छात्रा थी। घटना से पूरे इलाके में हड़कंप मच गया। वहीं दोनों बेटियों की मौत से मां सदमे में है। सड़क से लेकर कॉलोनी तक तीन फीट बरसात का पानी भरा हुआ है, जहां से होकर रोज मोहल्ले के लोग आते-जाते हैं। बुधवार को स्कूल की छुट्टी होने के बाद पानी से होकर दोनों बहनें गुजर रही थीं। इस दौरान बिजली का तार टूटकर पानी में गिरने से दोनों करंट की जद में आने से बेहोश हो गईं। आनन-फानन आसपास के लोगों ने दोनों बहनों को बाहर निकाल कर सीएचसी देकर उपचार के लिए जिला अस्पताल पहुंचाया, जहां चिकित्सक ने दोनों को मृत घोषित कर दिया। इसकी खबर लगते ही जिला अस्पताल में कॉलोनी के लोगों की भीड़ जुट गई।

# डीयू में ऑन-द-स्पॉट मॉप-अप एडमिशन की शुरुआत, पहले दिन सिर्फ 73 बीए ऑनर्स सीटें भरीं

नई दिल्ली। दिल्ली विश्वविद्यालय में स्नातक पाठ्यक्रमों के लिए फिजिकल ऑन-द-स्पॉट मॉप-अप एडमिशन की प्रक्रिया मंगलवार से शुरू हो गई। हालांकि पहले ही दिन सिर्फ 73 बीए ऑनर्स सीटें ही भरी जा सकीं। अधिकारियों के मुताबिक, इस दिन आरक्षित श्रेणियों को प्रवेश के लिए बुलाया गया था, जिसमें ओबीसी और अनारक्षित (क्र) श्रेणियां शामिल नहीं थीं। मंगलवार को कुल 1,700 सीटों के लिए 876 छात्रों को आमंत्रित किया गया था, लेकिन इनमें से केवल 73 ने दाखिला लिया। अभी भी विभिन्न श्रेणियों में करीब 7,000 सीटें खाली पड़ी हैं, जिनमें अकेले 2,000 सीटें दिव्यांग (क्व2ष्ठ) श्रेणी के लिए आरक्षित हैं। बुधवार को बीए ऑनर्स के लिए ओबीसी और अनारक्षित श्रेणी के लगभग 2,600 छात्रों को बुलाया जाएगा। इसके बाद गुरुवार को बीकॉम और इकॉनॉमिक्स कोर्स के लिए और शुक्रवार को साइंस विषयों के लिए एडमिशन प्रक्रिया होगी। डीयू में फिजिकल मॉप-अप राउंड 29 सितंबर तक चलेगा।




अधिकारियों ने स्पष्ट किया कि इस बार मॉप-अप एडमिशन कक्षा 12वीं के अंकों के आधार पर हो रहा है, न कि ष्टश्वञ्ज (कॉमन यूनिवर्सिटी एंट्रेंस टेस्ट) के स्कोर से। 29 सितंबर के बाद जो सीटें खाली रह जाएंगी, वे इस सत्र में खाली ही रह जाएंगी। डीयू दाखिला डीन प्रो. हनीत गांधी ने बताया, ऑन द स्पॉट मॉप अप दाखिला राउंड के लिए 12210 उम्मीदवारों ने पंजीकरण किया है। मेरिट लिस्ट के लिए चयनित उम्मीदवारों को निमंत्रण भेज दिया गया है। 23 सितंबर से दाखिला की प्रक्रिया शुरू हो चुकी है। दाखिले के लिए जिन उम्मीदवारों को निमंत्रण मिला होगा उनको यूनिवर्सिटी की ओर से निर्धारित समय के अनुसार रिपोर्ट करना होगा। अनुपस्थित रहने पर किसी शिकायत को स्वीकार नहीं किया जाएग। सीट आवंटन और दाखिला की प्रक्रिया 23 सितंबर से शुरू हो गई है। मेरिट और सीट की उपलब्धता के आधार पर उम्मीदवार को आमंत्रित किया जाएगा। इसकी सूची छात्रों को ईमेल के जरिए भेजी जाएगी। उसके बाद छात्रों को विश्वविद्यालय में रिपोर्ट करना होगा। विश्वविद्यालय ने स्पष्ट किया है कि निर्धारित समय के अनुसार उम्मीदवार को रिपोर्ट करना होगा। अनुपस्थित रहने पर किसी शिकायत को स्वीकार नहीं किया जाएगा। एक बार आवंटित सीट अंतिम होगी उसके बाद कोई अपग्रेड और दाखिला वापस नहीं लिया जाएगा। सीट आवंटन के समय अगर कोई उम्मीदवार ऑनलाइन दाखिला शुल्क जमा करने में विफल होता है तो उस सीट को तुरंत रद्द कर अगले उम्मीदवार को आवंटित किया जाएगा। अगर उम्मीदवार निर्धारित समय पर रिपोर्ट नहीं करता है तो दाखिले के दावे को किसी परिस्थिति में स्वीकार नहीं किया जाएगा। दाखिले के समय दस्तावेजों में कमी मिलने पर उम्मीदवार को रद्द कर दिया जाएगा। विश्वविद्यालय ने उम्मीदवारों को परामर्श दिया है कि स्पॉट दाखिला होने के कारण वह फीस के लिए खाते में पर्याप्त धन रखें।

## हथियार सप्लाई करने में बड्डा गैंग के छह बदमाश गिरफ्तार

नई दिल्ली। दिल्ली पुलिस की स्पेशल सेल ने उत्तर प्रदेश के मेरठ से दिल्ली एनसीआर में हथियार सप्लाई करने वाले सरगना कादिर उर्फ बड्डा समेत छह बदमाशों को गिरफ्तार किया है। कादिर पर उत्तर प्रदेश पुलिस ने 25 हजार रुपये का इनाम घोषित किया है। पुलिस ने इनके कब्जे से 13 सेमी-ऑटोमैटिक पिस्टल, दो सिंगल-शॉट पिस्टल, पांच मैगज़ीन, 87 कारतूस, बुलेट और एक यामाहा बाइक बरामद की है। गिरफ्तार बदमाशों की पहचान मेरठ निवासी मोहम्मद सईम, मोहम्मद कामिल, हापुड़ के गांव हसनपुर निवासी नदीम, गाजियाबाद के एकता कॉलोनी शहीद नगर निवासी राशिद, मेरठ के गांव कायस्थ बड्डा निवासी कादिर उर्फ बड्डा और गाजियाबाद के गांव पसौंडा निवासी फराज के रूप में हुई है। स्पेशल सेल के पुलिस उपायुक्त अमित कौशिक ने बताया, 5 सितंबर को पुलिस टीम ने शाहदरा के श्याम लाल कॉलेज के पास छापा मारकर मोहम्मद सईम को गिरफ्तार किया। उसकी निशानदेही पर पुलिस ने उसके सहयोगी मोहम्मद कामिल हुसैन को भी पकड़ लिया। पूछताछ में पता चला कि सईम के पिता मेरठ में पुरानी कारों की खरीद-फरोख्त का काम करते हैं, जबकि उसकी मां गृहिणी हैं। 2019 में नौवीं कक्षा में पढ़ाई छोड़ने के बाद वह मेरठ में अपने चाचा के साथ एक सबमर्सिबल पार्ट्स निर्माण इकाई में काम करने लगा। कोविड के दौरान वह अवैध हथियारों की खरीद-फरोख्त करने लगा। 2024 में वह मेरठ में गिरफ्तार हुआ। रिहा होने के बाद वह मेरठ और दिल्ली-एनसीआर में हथियारों की आपूर्ति करने लगा। सईम से मुलाकात होने पर कामिल उसके लिए मेरठ से हथियार खरीदने लगा और हर पिस्टल पर दो तीन हजार का कमीशन लेने लगा।

## फूड डिलीवरी एप के जरिए भगोड़ा महिला गिरफ्तार

नई दिल्ली। द्वारका जिला पुलिस ने फर्जीवाड़े के मामले में भगोड़ा महिला सुमन को आरोपी को फूड डिलीवरी एप के जरिए मोहन गार्डन इलाके से गिरफ्तार किया है। महिला पिछले पांच साल से गिरफ्तारी से बच रही थी। महिला पर आरोप है कि वह फर्जी कागजात के जरिए एक ही प्लॉट को तीन अलग अलग लोगों को बेचकर ठगी की है। पूछताछ में आरोपी ने बताया कि पति की मौत के बाद चार बेटियों की जिम्मेदारी आने की वजह से उसने वारदात को अंजाम दिया। पुलिस मामले की छानबीन कर रही है। जिला पुलिस उपायुक्त अंकित सिंह ने बताया, फरवरी 2024 को द्वारका अदालत ने उसे भगोड़ा करार दिया था। पुलिस ने महिला के आधार कार्ड का विवरण लेने के बाद उसे सहायक एप के माध्यम से चलाया।

### अभियुक्त व्यक्ति की हाजिरी की अपेक्षा करने वाली उद्घोषणा

**धारा 82(2)(ii) Cr. P.C. देखें**

मेरे समक्ष परिवाद किया गया है कि अभियुक्त **मो0 वसीम पुत्र** आस मोहम्मद **निवासी:** बी-ब्लॉक, बुध नगर, जामा मस्जिद के नज़दीक, लोनी, गाज़ियाबाद, यू.पी. ने **E-FIR No. 000015/20 U/s 411 IPC. थाना: वज़ीराबाद, दिल्ली** के अधीन दण्डनीय अपराध किया है (या संदेह है कि उसने किया है) और उस पर जारी किए गए गिरफ्तारी वारंट को यह लिख कर लौटा दिया गया है कि उक्त **मो0 वसीम** मिल नही रहा है और मुझे समाधानप्रद रूप में दर्शित कर दिया गया है कि उक्त **मो0 वसीम** फरार हो गया है (या उक्त वारण्ट की तामील से बचने के लिए अपने आपको छिपा रहा है)।

इसलिए इसके द्वारा उद्घोषणा की जाती है कि **E-FIR No. 000015/20 U/s 411 IPC. थाना: वज़ीराबाद, दिल्ली** के उक्त अभियुक्त **मो0 वसीम** से अपेक्षा की जाती है कि वह इस न्यायालय के समक्ष (या मेरे समक्ष) उक्त परिवाद का उत्तर देने के लिए दिनांक **13.11.2025** को या इससे पहले हाजिर हो।

आदेशानुसार
भारती बेनीवाल
जेएमएफसी-12, कमरा नं. 264
दूसरा तल, तीस हज़ारी कोर्ट, दिल्ली

DP/12451/N/2025
(Court Matter)

### सार्वजनिक सूचना

यह जनसाधारण को सूचित किया जाता है कि हरद्वारी लाल मेमोरियल कन्या इंटर कॉलेज, अपने प्रबंधक श्री प्रदीप कुमार पुत्र स्व. श्री हरद्वारी के माध्यम से, गैर-कृषि भूमि रकबा 0.126 हेक्टेयर (कुल 0.4300 हेक्टेयर में से), खाता संख्या 666, खसरा संख्या 1234 में से, जो नागर पंचायत क्षेत्र, कस्बा खानपुर गंतू, परगना अहर, तहसील स्याना, जनपद बुलंदशहर, उत्तर प्रदेश में स्थित है, का स्वामी है। उपरोक्त भूमि का स्वामित्व रजिस्ट्री दस्तावेज़ बिक्री विलेख दस्तावेज़ संख्या 6282, पुस्तक संख्या 01, वॉल्यूम संख्या 2339, पृष्ठ संख्या 189-214, दिनांक 14.06.2013, पंजीकृत उप-पंजीकरण कार्यालय, स्याना, बुलंदशहर। इसके अतिरिक्त, हरद्वारी लाल मेमोरियल कन्या इंटर कॉलेज, अपने प्रबंधक श्री प्रदीप कुमार के माध्यम से, उपरोक्त वर्णित संपत्ति को यूनिटी स्मॉल फाइनेंस बैंक लिमिटेड, जिसका पता है- 1201, 12वीं मंज़िल, अंसल भवन, 16 कस्तूरबा गांधी मार्ग, नई दिल्ली - 110001, के पक्ष में ऋण/क्रेडिट सुविधा के एवज में बंधक रखा रहा है। यदि किसी व्यक्ति को संबंधित संपत्ति के संबंध में कोई आपत्ति हो, तो कृपया नोटिस की तिथि से 07 दिनों के भीतर अपनी आपत्ति लिखित रूप में प्रस्तुत करें। उक्त आपत्ति को पंजीकृत डाक के माध्यम से निम्नलिखित पते पर और ई-मेल के माध्यम से भेजा जा सकता है। यदि ऐसा नहीं किया जाता है, तो उपर्युक्त के अनुसार दावा को संबंधित संपत्ति के संबंध में शून्य और अमान्य माना जाएगा।

**[ASHWANI KUMAR] Advocate**
Chamber No. 122,
Tehsil Compound, Ghaziabad, U.P.

### PUBLIC NOTICE

GENERAL PUBLIC IS HEREBY INFORMED, MR. MANPREET SINGH SON OF LT MR. JASVINDER SINGH, R/O A-627, SHASTRI NAGAR, DELHI-110052 IS SOLE AND ABSOLUTE OWNER OF PROPERTY NO. 45, MEASURING 150 SQ.YDS OUT OF KHASRA NO. 24/6 AND 24/7, VILLAGE LIBASPUR, ABADI OF AMBEY GARDEN, LIBASPUR, DELHI-110042 AND ACQUIRED THE SAME VIDE REGD. RELINQUISHMENT DEED DATED 04.09.2025 EXECUTED BY MRS. RAJINDER KAUR AND MR. JASPREET SINGH LEGAL HEIRS OF LT. MR. JASVINDER SINGH IN FAVOUR OF MR. MANPREET SINGH SON OF LT. MR. JASVINDER SINGH VIDE DOC. NO. 2025/20/I/2907, IN BOOK NO. 1, VOLUME NO. 1393, ON PAGES NO. 123-136, ON DATED 04.09.2025 IN SRO-6-E, NEW DELHI/DELHI NOW THE SAID LEGAL HEIR / OWNER I.E. MR. MANPREET SINGH GOING TO MORTGAGE THE SAID PROPERTY WITH TRU HOME FINANCE LIMITED AS SECURITY AGAINST LOAN. PLEASE CONTACT WITH WRITTEN OBJECTION LETTER AND RELEVANT DOCUMENTS TO UNDERSIGNED IF ANYONE HAS AN OBJECTION IN RESPECT OF SAID PROPERTY/MORTGAGE WITHIN 10 DAYS OF THIS PUBLICATION.

**ADITYA VERMA, ADVOCATE**
E-16, 1ST & 2ND FLOOR, E-BLOCK, MANSAROVAR PARK, SHAHDARA, DELHI-110032.
MOBILE NO. 9999042521.

### NAME CHANGE

It is for general information that I, SANTOSH KUMAR S/o RAJBAHADUR VERMA R/o A-35, Block-A, Shastri Nagar, Ashok Vihar H.O, North East Delhi, Delhi-110052, declare that name of mine has been wrongly written as SANTOSH KUMAR VERMA in my minor son namely RUDRA VERMA aged 14 years in his School Records. The actual name of mine is SANTOSH KUMAR, which may be amended accordingly.

### PUBLIC NOTICE

Information is given to general public at large that our client Smt. Saira Begum is the owner of Freehold Residential Property No. 919, admeasuring 50 sq. yds. out of Khasra No. 20, Situated in the Area of Village Jafrabad, at the Abadi of Gali No. 30, Jafrabad, Illaqa Shahdara, Delhi. by virtue of Relinquishment Deed dated 10.02.2021 as vide Doc No. 1016, in Book No. I, Vol No. 3557, on Pages No. 81 to 91, on this dated 12.02.2021, SR-IVA Shahdara., in the Chain Document below mentioned document not available i.e. SMC of Late Md. Zulfiqar Ali died on 27.10.2013., now our client is declaring that that any other Person does not have any right over the said property, and same has been finance by Piramal Finance Ltd. Branch: Jhandewalan New Delhi. If any person(s) have any objection(s) or claim(s) with respect to the` right, title or interest in the Said Property then contact us within 07 days from the date of Publication of this notice and or the same to the undersigned if found by anyone. Thereafter no claim shall be entertained

**[NAVEEN KUMAR VERMA]**
Advocate
F-211,sector-3 Vaishali Ghaziabad
Uttar Pradesh-201010, Contact at 09958871432

### सार्वजनिक सूचना

यह प्रमाणित किया जाता है कि श्री सुमित वर्मा, पुत्र श्री राम बहादुर वर्मा, निवासी मकान संख्या 44, क्षेत्रफल 100 वर्ग गज, जो कि खसरा संख्या 223 पीयू, ग्राम सिहानी, कॉलोनी - नंदनी एनक्लेव, परगना लोनी, तहसील एवं जिला गाज़ियाबाद, उत्तर प्रदेश में स्थित है, को श्री डोरी सिंह राघव एवं श्रीमती बॉबी देवी से क्रय करने हेतु इच्छुक हैं। उल्लेखनीय है कि श्री डोरी सिंह राघव एवं श्रीमती बॉबी देवी ने उपरोक्त संपत्ति को श्रीमती ओमवती देवी से बिक्री विलेख दिनांक 27.09.2018, दस्तावेज़ संख्या 7360 के माध्यम से क्रय किया था। यह भी सूचित किया जाता है कि संपत्ति से संबंधित मूल श्रृंखला दस्तावेज़ों में से निम्नलिखित दस्तावेज़ गुम हो गए हैं- (1) बिक्री विलेख दस्तावेज़ संख्या 1603, पुस्तक संख्या 01, खंड संख्या 3442, पृष्ठ 51-70, दिनांक 15.02.2006, उप-पंजीयक-III, गाज़ियाबाद (2) बिक्री विलेख दस्तावेज़ संख्या 13703, पुस्तक संख्या 01, खंड संख्या 4021, पृष्ठ 51-59, दिनांक 20.12.2006, उप-पंजीयक-III, गाज़ियाबाद, (3) बिक्री विलेख दस्तावेज़ संख्या 2319, पुस्तक संख्या 01, खंड संख्या 5615, पृष्ठ 339-354, दिनांक 02.04.2009, उप-पंजीयक-III, गाज़ियाबाद, (4) बिक्री विलेख दस्तावेज़ संख्या 362, पुस्तक संख्या 01, खंड संख्या 6165, पृष्ठ 109-144, दिनांक 18.01.2010, उप-पंजीयक-III, गाज़ियाबाद, उपरोक्त दस्तावेज़ों की गुमशुदगी के संबंध में ऑनलाइन एफआईआर (गुमशुदगी रिपोर्ट संख्या 3245033/2025) दिनांक 26.09.2025 को पूर्वी जिला अपराध शाखा, दिल्ली में दर्ज की गई है। कृपया यह भी अवगत हों कि उक्त संपत्ति वर्तमान में जीआईसी हाउसिंग फाइनेंस लिमिटेड, शाखा- दुकान संख्या 3, प्रथम तल, एस्टोरिया बुलेवार्ड, आरडीसी राज नगर, गाज़ियाबाद, उत्तर प्रदेश, द्वारा वित्तपोषित (फाइनेंस) की जा रही है यदि किसी व्यक्ति को उपरोक्त संपत्ति के संबंध में कोई आपत्ति हो, तो कृपया इस सूचना की तिथि से 07 दिनों के भीतर अपनी आपत्ति लिखित रूप में प्रस्तुत करें। उक्त आपत्ति नीचे दिए गए पते पर पंजीकृत डाक के माध्यम से एवं ई-मेल द्वारा अधोहस्ताक्षरी को भेजी जा सकती है। यदि निर्दिष्ट अवधि में कोई आपत्ति प्राप्त नहीं होती है, तो उक्त संपत्ति के संबंध में कोई भी दावा अमान्य और निष्प्रभावी माना जाएगा।

**[ASHWANI KUMAR] Advocate**
Chamber No. 122,
Tehsil Compound, Ghaziabad, U.P.

### PUBLIC NOTICE

I hitherto known as Inderjeet S/O Jagjit Singh, R/O H. NO. 215, KAMPU WALI GALI, KANJHAWALA, North West Delhi, Delhi-110081,have changed my name and shall hereafter be known as INDERJEET DABAS.

### PUBLIC NOTICE

Be it known that my client Sahab Singh S/o. Sh. Inderjeet Singh R/o. E-7C/708, Sangam Vihar, New Delhi-110080 Aadhar No. 365974025132 hereby severed all their relation and has debarred and disinherited his son Hardayal Singh @ Vicky, S/o Sh. Sahab Singh and daughter-in-law Kumari Geeta @ Pooja W/o. Sh. Hardayal Singh from all his properties both immovable and movable. My client has no control over his son and daughter-in-law who have no respect and regard for my client, anybody dealing with them in any manner will do so at their own risk and consequences.

**Arabinda Nayak Advocate**
Ch. No. 245-A, Lawyer's Chamber Block, Distract Court Complex, Saket, New Delhi-110017
Mobile No. 8527665316

### NAME CHANGE

I, Sunita Nayak W/O Vijay Kumar, R/O A-128, Gali NO-2/4, A-Block, West Nathu Colony, Nand Nagri, North East Delhi, Delhi-110093, have changed the name of my minor daughter Tanvi aged 9 years and she shall hereafter be known as TEJASVINI.

### सार्वजनिक सूचना

यह सूचित किया जाता है कि श्री शेख नारायण, पुत्र श्री इंदर प्रसाद, श्रीमती उषा चौहान पत्नी स्वर्गीय श्री विजयवीर सिंह से एक आवासीय फ्लैट क्रय करने का इरादा रखते हैं। यह फ्लैट संख्या एफ-3, प्रथम तल, एल.आई.जी. टाइप, सुपर एरिया 500 वर्ग फुट (अर्थात् 46.45 वर्ग मीटर), प्लॉट संख्या 202 पर निर्मित, आवासीय कॉलोनी शालीमार गार्डन एक्सटेंशन-I, ग्राम पसोंडा, परगना लोनी, तहसील एवं जनपद गाज़ियाबाद, उत्तर प्रदेश में स्थित है। श्रीमती उषा चौहान ने उक्त संपत्ति को श्रीमती अनीता सिंह से दिनांक 19.07.2012 को क्रय किया था, जो विक्रय विलेख क्रमांक 8364 के रूप में पंजीकृत है। कृपया ध्यान दें कि संपत्ति से संबंधित एक मूल श्रृंखला दस्तावेज़ खो गया है — विशेष रूप से वह विक्रय विलेख जो दस्तावेज़ संख्या 7285, पुस्तक संख्या 01, खंड संख्या 6673, पृष्ठ संख्या 01-34 पर, दिनांक 20.08.2010 को उप-पंजीयक कार्यालय-III, गाज़ियाबाद में पंजीकृत किया गया था। उक्त दस्तावेज़ की हानि के संबंध में दिनांक 03.07.2025 को दिल्ली पुलिस के अपराध शाखा थाने में एक ऑनलाइन एफआईआर (लॉस्ट रिपोर्ट संख्या रु ह्श. 2972640/2025) दर्ज कराई गई है। साथ ही कृपया यह भी ध्यान दें कि उक्त संपत्ति वर्तमान में हिंदुजा हाउसिंग फाइनेंस लिमिटेड, शाखा- लोनी, गाज़ियाबाद, उत्तर प्रदेश के साथ बंधक की जा रही है। यदि किसी व्यक्ति को उपरोक्त संपत्ति के संबंध में कोई आपत्ति हो, तो कृपया इस सूचना की तिथि से 07 दिनों के भीतर अपनी आपत्ति लिखित रूप में प्रस्तुत करें। उक्त आपत्ति नीचे दिए गए पते पर पंजीकृत डाक के माध्यम से एवं ई-मेल द्वारा अधोहस्ताक्षरी को भेजी जा सकती है। यदि निर्दिष्ट अवधि में कोई आपत्ति प्राप्त नहीं होती है, तो उक्त संपत्ति के संबंध में कोई भी दावा अमान्य और निष्प्रभावी माना जाएगा।

**[ASHWANI KUMAR] Advocate**
Chamber No. 122,
Tehsil Compound, Ghaziabad, U.P.

## खेलों को जीवन का हिस्सा बनाएं ,देश को आगे बढ़ाने में योगदान दें

ग्रेटर नोएडा। बुधवार को वर्ल्ड बॉक्सिंग चैंपियनशिप, लिवरपूल में पदक जीतकर देश का नाम रोशन करने वाली चार महिला बॉक्सर्स को पूर्व केंद्रीय मंत्री स्मृति ईरानी ने सम्मानित किया। जिसमें स्वर्ण पदक विजेता जैस्मिन, स्वर्ण पदक विजेता मीनाक्षी, रजत पदक विजेता नूपुर और कांस्य पदक विजेता पूजा रानी शामिल रहीं। निजी रिसॉर्ट में आयोजित कार्यक्रम में स्मृति ईरानी ने कहा कि महिला बॉक्सर्स ने कठिन परिश्रम और जज़्बे से देश का परचम बुलंद किया है। स्मृति ईरानी ने युवाओं से आह्वान किया कि वे खेलों को जीवन का हिस्सा बनाएं और देश को आगे बढ़ाने में योगदान दें। इस सम्मान समारोह का आयोजन सीआरसी ग्रुप ने भारतीय बॉक्सिंग महासंघ के साथ मिलकर किया। सीआरसी ग्रुप के मार्केटिंग एंड बिज़नेस मैनेजमेंट डायरेक्टर सलील कुमार ने कहा कि ऐसे आयोजन खिलाड़ियों का हौसला बढ़ाते हैं और देश के युवाओं को खेलों की ओर प्रेरित करते हैं।

### NAME CHANGE

I, MOHD SAJID S/O MOHD IQBAL R/O H NO-1397, GALI NO-15, RAJEEV GANDHI NAGER, NEW MUSTAFABAD, GOKAL PUR, NORTH EAST, DELHI-110094 HAVE CHANGED MY NAME MOHD SAZID FOR ALL FUTURE PURPOSE

### NAME CHANGE

I, FARZANA PARVEEN D/O HABIBUR REHMAN R/O H NO-C-84/4, GALI NO-11/6, C-BLOCK, CHAUHAN BANGER, NEW SEELAMPUR, NORTH EAST, DELHI-110053 HAVE CHANGED MY NAME FARJANA PARVEEN FOR ALL FUTURE PURPOSE

### NAME CHANGE

I, NO-15428878A, Rank-L/NK, Name-PATIL PRASHANT DAYANAND Unit ARMY HOSPITAL (R&R) residing at VPO-KHANIWALI, TEHSIL-WADA, DIST-THANE, MAHARASHTRA-401204, have changed my father's name from PATIL DAYANAND SHANTARAM to DAYANAND SHANTARAM PATIL for all future purposes vide Affidavit dated 26/09/2025 before Notary Public Delhi.

### सार्वजनिक सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मैं शिव चरण पुत्र श्री पानी राम निवासी सी-164ए, तीसरी मंजिल, गली नंबर 38, महावीर एनक्लेव पार्ट 3, उत्तम नगर, पश्चिमी दिल्ली दिल्ली-110059, ने अपने पुत्र साहिल चंद्रा पुत्र शिव चरण को उसके गलत आचरण व गलत चाल चलन के कारण अपनी समस्त चल अचल संपत्ति से बेदखल कर दिया तथा अपने सभी रिश्ते नाते समाप्त कर लिए हैं ।भविष्य में कोई भी व्यक्ति साहिल चंद्रा से किसी भी प्रकार का लेनदेन या व्यवहार करता है तो उसके लिए वह स्वयं जिम्मेदार है मेरे वह मेरे परिवार की कोई जिम्मेदारी नहीं है।

### PUBLIC NOTICE

Information is given to general public at large that our client Mrs. Reetu purchasing Freehold Residential House no. 215 area measuring 65.29 sq. mtrs. Situated at Main Marg Colony Shivaji Nagar Near Babu Bodhraj Convent School Tehsil Sikandrabad Distt. Bulandshar Uttar Pradesh. from Mrs. Krishna, Mr. Sandesh Saini, Mr. Naveen Saini, Mrs. Neha Saini & Mr. Harish Saini., initially Mr. Puran Mali was the absolute owner by virtue of Sale Deed Dated 11.11.1980 vide Doc no. 6518, Vol no. 1572 Page no. 283-288 SR-Bulandshar., thereafter Mr. Puran died on 11.03.2017 & Mr. Mahesh Chand died on 17.01.2024.,our client is declaring that any other Person does not have any right over the said property, which is to be financed by Piramal Finance Ltd. Branch: Sector-16 Noida Uttar Pradesh. If any person(s) have any objection(s) or claim(s) with respect to the` right, title or interest in the Said Property then contact us within 07 days from the date of Publication of this notice and or the same to the undersigned if found by anyone. Thereafter no claim shall be entertained

**[NAVEEN KUMAR VERMA]**
Advocate
F-211,sector-3 Vaishali Ghaziabad
Uttar Pradesh-201010, Contact at 09958871432


## यात्रीगण कृपया ध्यान दें

## त्यौहार विशेष रेलगाड़ी

पहले से ही घोषित अनेक त्यौहार विशेष रेलगाड़ियों के साथ – साथ रेलवे द्वारा निम्नलिखित त्यौहार विशेष रेलगाड़ी का भी संचालन किया जायेगा। इस रेल सेवा की समय-सारणी निम्नानुसार होगी:-

**05625/05626 कामाख्या – रोहतक – कामाख्या त्यौहार विशेष रेलगाड़ी (साप्ताहिक)** 14 फेरे

| गाड़ी सं. 05625 | | स्टेशन | गाड़ी सं. 05626 | |
|---|---|---|---|---|
| आगमन | प्रस्थान | | आगमन | प्रस्थान |
| --- | 22:00 | कामाख्या | 15:30 | --- |
| 22:55 | 23:05 | वाराणसी | 12:00 | 12:10 |
| 12:40 | 12:55 | दिल्ली जं. | 23:55 | 00:10 |
| 14:45 | --- | रोहतक | --- | 22:10 |

**चलने के दिन : 05625 कामाख्या** से प्रत्येक शुक्रवार को दिनांक 07.11.2025 तक तथा **05626 रोहतक** से प्रत्येक रविवार को दिनांक 28.09.2024 से 09.11.2025 तक।

**स्थान :** प्रथम वाता., 2 टियर वाता., 3 टियर वाता., शयनयान एवं सामान्य

**ठहराव :** रंगिया, बरपेटा रोड, न्यू बंगाईगाँव, कोकराझार, न्यू कोचबिहार, न्यू जलपाईगुड़ी, किशनगंज, बारसोई, कटिहार, नवगछिया, मानसी, खगड़िया, बेगूसराय, बरौनी जं., शाहपुर पटोरी, हाजीपुर, सोनपुर, छपरा, बलिया, गाजीपुर सिटी, औंड़िहार जं., ज्ञानपुर रोड, प्रयागराज रामबाग, प्रयागराज जं., गोविंदपुरी, अलीगढ़ जं., गाजियाबाद एवं बहादुरगढ़ स्टेशन।

रेलयात्रियों से अनुरोध है कि किसी भी जानकारी के लिये रेलमदद हेल्पलाइन सं. 139 पर सम्पर्क करें अथवा भारतीय रेल की वेबसाइट https://enquiry.indianrail.gov.in अथवा NTES ऐप देखें।

पर हमें फॉलो करें

उत्तर रेलवे आपकी सुविधा - हमारा ध्येय
हमें www.nr.indianrailways.gov.in पर मिलें
2983/2025
ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ



### कार्यालय- दंतेश्वरी मैया सहकारी शक्कर कारखाना मर्यादित बालोद,जिला-बालोद(छ.ग.)

//ई-निविदा सूचना//

अल्पकालिन तृतीय ई-निविदा क्रं. 176741 एवं द्वितीय ई-निविदा क्रं. 176742, 176744, व 176745
दिनांक- 26/09/2025

दंतेश्वरी मैया सहकारी शक्कर कारखाना द्वारा पेराई सत्र 2025-26 के लिए नया वेपर लाइन जूस हीटर क्रय एवं पुराने को हटाकर नया लगाने का कार्य हेतु अल्पकालिन तृतीय ई-निविदा, विभिन्न केमिकल, चूना, सल्फर, लेब्रोट्री एवं पैकिंग सामग्री क्रय, जेसीबी व ट्रेक्टर एवं विभिन्न ठेका कार्य हेतु द्वितीय ई-निविदाएं आमंत्रित की जाती है। इच्छुक फर्मो/निविदाकार द्वारा भाग लेने के लिए ई-निविदा के वेबसाईट में जाकर पृथक-पृथक ई-निविदा हेतु फार्म राशि 1000/-(311/-चिप्स के द्वारा ली जाने वाली सर्विस चार्ज अतिरिक्त) ऑनलाईन के माध्यम से जमा कर शासकीय ऑनलाईन वेबसाईट (E-procurement Portal://eproc.cgstate.gov.in) से फार्म अपलोड किया जाना है।

नोट:-निविदा की शर्ते व नियम निविदा प्रपत्र कारखाने के वेब साईड www.dmsskm.com में भी अवलोकन कर सकते है। ई-निविदा हेतु तकनीकि सहयोग के लिए सम्पर्क-9340276297 एवं अन्य जानकारी हेतु 9907406733, 9098817773

प्रबंध संचालक


### PUBLIC NOTICE

It is for general information that I, AFROZ AHMED KHAN S/O MOHAMMAD USMAN R/O L- 65 MCD FLATS, SUNDER NAGRI, MANDOLI, PO MANDOLI, DIST NORTH EAST DELHI, DELHI-110093 declare that name of mine and my father have been wrongly written as AFUROZ AHMAD KHAN and MOHD USMAN KHAN in my 10th class educational documents and driving License No DL05 20150281960 The actual name of mine and my father are AFROZ AHMED KHAN and MOHAMMAD USMAN respectively which may be amended accordingly .

### PUBLIC NOTICE

It is for general information that I, MOHD JAVED, S/O MOHD HABIBULLAH, R/0 90, AUROBINDO APARTMENT, ADCHINI VILLAGE, SOUTH DELHI, DELHI-110017 declare that name of my minor son has been wrongly written as MD JAHID in my minor son namely MOHD ZAHID aged 13 years in his school record. The actual name of my minor son is MOHD ZAHID which may be amended accordingly.

### PUBLIC NOTICE

It is for general information that I, ANWYARA JAVED W/O MOHD JAVED, R/O 90, AUROBINDO APARTMENT, ADCHINI VILLAGE, SOUTH DELHI, DELHI-110017, declare that name of mine has been wrongly written as ANNUWARA in my minor son namely MOHD ZAHID aged 13 year in his School Records. The actual name of mine is ANWYARA JAVED respectively which may be amended accordingly.

### PUBLIC NOTICE

I, Arshad Nadeem, S/o Iqbal Akhter Siddiqui, R/o 87-G, Sector-7, Jasola, New Delhi-110025, declare that my son Abubakar Siddiqui's correct Date of Birth is 10/02/2008. Inadvertently, it was recorded as 05/06/2008 in school/board records. The correct DOB is 10/02/2008.

### NAME CHANGE

I, DEEPAK S/o PREM CHAND R/o 8/102, WEST MEHRAM NAGAR, DELHI CANTT-110010, have changed my name from DEEPAK to DEEPAK KUMAR for all future purposes.

### NAME CHANGE

I, NEETU W/o DEEPAK KUMAR R/o 8/102, WEST MEHRAM NAGAR, DELHI CANTT-110010, have changed my name from NEETU to NEETU SINGH for all future purposes.

### NAME CHANGE

I, WAZIR SINGH son of GYAN SINGH residing at H NO-S-66/133, T-HUTS, PRATAP CAMP, NEHRU NAGAR, DELHI-110065 have changed my name to VAJIR SINGH for all future purpose.

### NAME CHANGE

I, Ranjana W/O Sanjeev Girdhar R/O H NO C-193 Millenium Apartment Sector 18 Rohini Delhi 110089 Have changed my name to Ranjana Girdhar for all future purposes.

### NAME CHANGE

I, Sanjeev S/O Kharti Lal Girdhar R/O H NO C-193 Millenium Apartment Sector 18 Rohini Delhi 110089 Have changed my name to Sanjeev Girdhar for all future purposes.

### NAME CHANGE

I, Sadiya Ahtasham W/O Hammad Ahmad R/O Flat no 601, 6th floor Tower-I, Arihant Abode, Plot no GH-4B Sector 10 Greater Noida UP 201306 Have changed my name to Saadiya Ahtashham for all future purposes.


## कौमी पत्रिका

संपादक-गुरचरन सिंह बब्बर

स्वामी मुद्रक एवं प्रकाशक, गुरचरन सिंह बब्बर ने कौमी पत्रिका प्रिंटिंग प्रेस, सेक्टर ए-4/ए-144 इंडस्ट्रीयल एरिया ट्रोनिका सिटी लोनी (गाजियाबाद), उत्तर प्रदेश से छापकर प्रकाशित किया।

**Corporate Office:**
5, Bahadurshah Zafar Marg
ITO, New Delhi-110002

फोन : 011-41509689, 23315814
मोबाइल नंबर : 9312262300

**E - mail address :** qpatrika@gmail.com
**Website:** www.qaumipatrika.in

**R.N.I. No.**
**UP-HIN/2007/21472**

**Legal Advisors:**
Advocate Mohd. Sajid
Advocate Dr. A.P.Singh
Advocate Manish Sharma
Advocate Pooja Bhaskar Sharma

## दीनदयाल लाडो लक्ष्मी योजना महिलाओं के उज्ज्वल भविष्य को समर्पित : रणबीर सिंह गंगवा

**एजेंसी**

**हिसार।** हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय के इंदिरा गांधी ऑडिटोरियम में दीनदयाल लाडो लक्ष्मी योजना के ऐप शुभारंभ अवसर पर जिला स्तरीय कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस मौके पर कैबिनेट मंत्री रणबीर सिंह गंगवा ने मुख्य अतिथि और नलवा विधायक रणधीर सिंह पनिहार ने विशिष्ट अतिथि के रूप में शिरकत की। पंचकूला में मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी की अध्यक्षता में आयोजित राज्य स्तरीय कार्यक्रम का सीधा प्रसारण वर्चुअल माध्यम से किया गया। जिले के सभी उपमंडलों में भी लाडो लक्ष्मी योजना के शुभारंभ पर कार्यक्रम आयोजित किए गए।कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कैबिनेट मंत्री रणबीर सिंह गंगवा ने कहा कि दीनदयाल लाडो लक्ष्मी योजना हरियाणा सरकार का माताओं, बहनों और बेटियों के भविष्य को सुरक्षित और सशक्त बनाने की दिशा में ऐतिहासिक कदम है। हिसार से भी लगभग 1 लाख 25 हजार पात्र महिलाओं को लाडो लक्ष्मी योजना का लाभ मिलेगा। सरकार इस योजना के माध्यम से न केवल आर्थिक सहायता उपलब्ध करा रही है बल्कि समाज में बेटियों के प्रति सकारात्मक सोच भी विकसित कर रही है। कैबिनेट मंत्री गंगवा ने बताया कि योजना ऐप लॉन्च होने से यह योजना पारदर्शी और सरल बनेगी तथा हर परिवार तक बिना किसी बिचौलिये के लाभ सीधे पहुंचेगा।

## सामान खरीदने से पहले ग्राहक पूछें कि पहले से अब कितने कम हुए दाम : धनखड़

**झज्जर।** भारतीय जनता पार्टी के राष्ट्रीय सचिव ओमप्रकाश धनखड़ ने कहां की जागरूकता ही जीएसटी सुधार की गारंटी है। उपभोक्ताओं को अब सामान खरीदने से पहले पूछना चाहिए कि दाम पहले से कितने कम हुए है। धनखड़ ने कोबी कार्यालय में पत्रकारों को संबोधित करते हुए यह बात कही। ओम प्रकाश धनखड़ ने कहा कि जीएसटी सुधार का सभी दलों और वर्गों ने स्वागत किया है। मोदी सरकार ने पहले इनकम टैक्स पर 12 लाख रुपये तक छूट दी। पीएम मोदी ने 15 अगस्त को जीएसटी की दरें कम करने की घोषणा दिवाली पर करने की बात कही थी। पीएम मोदी और वित्तमंत्री निर्मला सीतारमण ने दिवाली से पहले नवरात्र को ही जीएसटी सुधार कर देशवासियों को बड़ा तोहफा दे दिया। हम सभी पीएम मोदी और वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण के आभारी हैं। हमारा सभी का दायित्व बनता है कि हम सभी को जीएसटी रिफॉर्म्स के बारे में लोगों को जागृत करें ताकि हर ग्राहक तक जीएसटी रिफॉर्म का लाभ पहुंचे। मोदी सरकार ने जीएसटी रिफॉर्म से उपभोक्ता को मजबूत करने का काम किया है।

## रेवाड़ी में लाडो लक्ष्मी योजना के तहत 68 हजार 686 महिलाओं ने करवाया पंजीकरण

**रेवाड़ी।** रेवाड़ी के विधायक लक्ष्मण सिंह यादव ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी व मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी महिला सशक्तिकरण को पूरा प्रोत्साहन दे रहे हैं। सरकार ने चुनाव के समय आम जनता से जो वायदे किए थे, उन्हें धीरे-धीरे पूरा किया जा रहा है। विधायक लक्ष्मण यादव दीनदयाल लाडो लक्ष्मी योजना के ऐप लांच पर संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि लाडो लक्ष्मी योजना में रेवाड़ी जिला की 68 हजार 686 महिलाएं पंजीकरण करवा चुकी हैं। भविष्य में इनकी संख्या और बढेगी। उन्होंने कहा कि आज हरियाणा प्रदेश विकास की ओर तेजी से अग्रसर है और इस सार्थक कदम में हर वर्ग का ध्यान सरकार द्वारा दिया जा रहा है। उन्होंने उपस्थित महिलाओं को कहा कि ये गर्व का क्षण है कि आज प्रदेश में नारी शक्ति को मजबूत सुरक्षा कवच सरकार ने प्रदान किया है। परिवार पहचान पत्र के स्टेट कॉर्डिनेटर सतीश खोला ने कहा कि सरकार की योजनाएं अब लाभार्थियों के घर द्वार पर डिजिटल स्वरूप के साथ उपलब्ध हैं। उन्होंने बताया कि परिवार पहचान पत्र के माध्यम से प्रदेश के हर परिवार का डाटा सरकार के पास है और सरकार सम्बंधित लाभार्थी को डायरेक्ट बेनिफिट स्कीम के तहत सम्बंधित योजना का लाभ प्रदान कर रही है। उन्होंने सरकार की ओर से शुरू की गई लाडो लक्ष्मी योजना को महिलाओं के उत्थान में अतुलनीय कदम बताया।

## दिन, एक घंटा, एक साथ श्रमदान करके मनाया गया मेगा श्रमदान दिवस

**गुरुग्राम।** हरियाणा शहर स्वच्छता अभियान तथा स्वच्छता ही सेवा अभियान 2025 के अंतर्गत गुरुग्राम में मेगा श्रमदान दिवस पर एक दिन, एक घंटा, एक साथ बड़े उत्साह के साथ मनाया गया। इस अभियान की शुरुआत गुरुग्राम के विधायक मुकेश शर्मा ने सेक्टर-14 मार्केट से की। विधायक ने वार्ड पार्षद अनूप सिंह, अतिरिक्त निगमायुक्त रविन्द्र यादव, संयुक्त आयुक्त रविन्द्र मलिक, आरडब्ल्यूए प्रतिनिधियों, वार्ड निवासियों तथा स्वच्छता सैनिकों के साथ मिलकर सेक्टर-14 मार्केट में सफाई अभियान चलाया और नागरिकों को स्वच्छता का संदेश दिया। इस अवसर पर विधायक मुकेश शर्मा ने कहा कि स्वच्छता केवल एक दिन की पहल नहीं, बल्कि यह जीवनशैली का हिस्सा है। उन्होंने कहा कि हम सभी को अपने घरों के साथ-साथ आसपास के सार्वजनिक स्थानों की सफाई का भी ध्यान रखना चाहिए। यह एक सतत प्रक्रिया है, जिसमें नागरिकों की सक्रिय भागीदारी और सहयोग बेहद महत्वपूर्ण है। स्थानीय निवासियों और आरडब्ल्यूए प्रतिनिधियों ने आश्वासन दिया कि वे आगे भी इस अभियान में सक्रिय रूप से भाग लेंगे। मेगा श्रमदान दिवस के दौरान सेंकड़ों लोगों ने भाग लेकर न केवल सफाई की, बल्कि स्वच्छ और स्वस्थ गुरुग्राम बनाने का संकल्प भी लिया।

# दैनिक जीवन में स्वच्छता अपनाएं प्रदेशवासी : नायब सैनी

- मुख्यमंत्री ने पंचकूला में चलाया श्रमदान अभियान
- 'एक दिन, एक घंटा, एक साथ' के अंतर्गत किया श्रमदान

**एजेंसी**

**चंडीगढ़।** हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने कहा कि नगर निकायों में स्वच्छता के प्रति प्रतिस्पर्धा की भावना जागृत करने के उद्देश्य से स्वच्छता रैंकिंग शुरू की जाएगी। बेहतरीन प्रदर्शन करने वाले निकायों को प्रोत्साहित किया जाएगा और साथ ही इस अभियान में लगे स्वच्छता मित्रों को भी सम्मानित किया जाएगा। मुख्यमंत्री पंचकूला में शहीद स्मारक सेक्टर-2 में विशेष श्रमदान अभियान ''एक दिन, एक घंटा, एक साथ'' के शुभारंभ अवसर पर आयोजित कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में संबोधित कर रहे थे। इससे पहले मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने शहीद मेजर संदीप सांखला की प्रतिमा पर पुष्प चक्र अर्पित कर उन्हें श्रद्धांजलि दी और शहीद की



माता मंजू कंवर का आशीर्वाद लिया। मुख्यमंत्री ने विशेष श्रमदान अभियान के तहत श्रमदान किया और सभी समाजसेवी संस्थाओं, युवाओं, माताओं, बहनों और आम नागरिकों से इस स्वच्छता अभियान में अपना भरपूर सहयोग देने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि स्वच्छता के लिए एक घंटे का श्रमदान आज पूरे देश में किया जा रहा है। मुख्यमंत्री ने कहा कि पंचकूला भी स्वच्छता रैंकिंग में अव्वल आए इसके लिए सभी को मिलकर प्रयास करना होगा। उन्होंने कहा कि सेक्टर-23 के डंपिंग ग्राउंड में पड़े लगभग डेढ़ लाख टन कचरे को उठाकर उसका उचित तरीके से निस्तारण किया जाएगा ताकि शहर और स्वच्छ व सुंदर बने। उन्होंने लोगों से आह्वान किया कि वे अधिक से अधिक पौधे लगाएं और उनका संरक्षण भी करें। सरकार द्वारा 2014 से अब तक प्रदेश में 18 करोड़ पौधे लगाए गए हैं। इस वर्ष भी 2 करोड़ 10 लाख पौधे रोपित करने का लक्ष्य रखा गया है। उन्होंने कहा कि पेड़ लगाने से जहां प्रदूषण कम होता है वहीं हरियाली होने से स्वच्छता और सुंदरता भी बढ़ती है। उन्होंने कहा कि हरियाणा ने स्वच्छता की दिशा में कई मील के पत्थर स्थापित किए हैं। स्वच्छ भारत अभियान के तहत आयोजित स्वच्छता सर्वेक्षण - 2024-25 में हरियाणा राज्य के दो शहरों को राष्ट्रीय स्तर पर सम्मानित किया गया है। गत 17 जुलाई को नई दिल्ली स्थित विज्ञान भवन में आयोजित भव्य समारोह में राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने जहां करनाल को स्वच्छ शहर पुरस्कार प्रदान किया, तो वहीं सोनीपत को स्वच्छता का मिनिस्टीरियल स्टार अवॉर्ड दिया गया। मुख्यमंत्री ने कहा कि वर्ष 2018 से ही हरियाणा खुले में शौच से मुक्त है। प्रदेश के 14 शहरी निकाय ओ.डी.एफ़ ++ और 39 शहरी निकायों को ओ.डी.एफ़ + तथा 34 शहरी निकायों को ओ.डी.एफ के रूप में प्रमाणित किया गया है। हरियाणा प्रदेश के गांवों में 7 लाख 30 हजार घरों में शौचालयों का निर्माण करवाया गया है। इसके अलावा, लगभग 6 हजार सार्वजनिक शौचालयों का निर्माण भी करवाया है।

## देशद्रोह मामले में जेल में बंद रामपाल की जमानत याचिका खारिज

**एजेंसी**

**हिसार।** अतिरिक्त सत्र न्यायाधीश परमिंदर कौर की अदालत से देशद्रोह के मामले में जेल में बंद रामपाल को झटका लगा है। अदालत ने इस मामले में बहस व पुलिस के जवाब सुनने के बाद रामपाल की जमानत याचिका रद कर दी। रामपाल के वकील महेंद्र सिंह नैन व सचिन दास ने अगले सप्ताह हाईकोर्ट में जमानत याचिका दायर करने की बात कही है। देशद्रोह के इस मामले में इस मामले में 980 से अधिक आरोपी हैं। इनमें से रामपाल और हाल ही में गिरफ्तार एक आरोपी जेल में है। रामपाल चार आपराधिक मामलों से बरी हो चुके है। पंजाब एवं हरियाणा हाईकोर्ट ने हत्या के दो मामलों में उनकी सजा निलंबित कर दी है। इससे पहले लगभग 19 साल पहले रोहतक के करौंथा आश्रम में समर्थकों और आर्य समाजियों के बीच हुए संघर्ष में एक युवक की हत्या हुई थी। 14 जुलाई 2014 को रोहतक अदालत में सुनवाई थी। यह सुनवाई हिसार अदालत से वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के जरिए होनी थी। इस दिन रामपाल के समर्थकों ने हिसार अदालत परिसर में उपद्रव किया। उन्होंने अदालत परिसर को घेरा, एक शीशा तोड़ा और वकीलों से मारपीट की। रामपाल नवंबर 2014 से जेल में है बंद इसके बाद जिला बार एसोसिएशन ने हड़ताल कर हाईकोर्ट में अदालत की अवमानना याचिका दायर की। रामपाल दो बार अदालत में पेश नहीं हुए। उनके खिलाफ 10 और 17 नवंबर 2014 को गैर जमानती वारंट जारी किए गए। 17 नवंबर को भी गिरफ्तारी न होने पर हाईकोर्ट ने 20 नवंबर तक का समय दिया। 18 नवंबर को पुलिस की कार्रवाई के जवाब में रामपाल के कमांडो ने पेट्रोल बम फेंके और गोलियां चलाईं।

## सीएम फ्लाइंग का छापा, जन स्वास्थ्य विभाग की कई लापरवाही उजागर

**एजेंसी**

**झज्जर।** मुख्यमंत्री की टीम ने जन स्वास्थ्य विभाग में औचक निरीक्षण कर कई खामियों का पर्दाफाश किया। विभाग के अधिकारी देरी से पहुंचे और विभाग के 5 कर्मचारी बिना सूचना के गैरहाजिर पाए गए। टीम की जांच में सामने आया कि विभाग को मिली 23 शिकायतों में से केवल नौ का ही समाधान हुआ है, जबकि 14 शिकायतें अभी तक लंबित हैं।

सीएम फ्लाइंग के छापे से पता लगा है कि जन स्वास्थ्य विभाग बहादुरगढ़ द्वारा कुछ कार्यों का 42 करोड़ का ठेका दिया गया था, लेकिन काम नाममात्र का ही हुआ। बकेट मशीन से 14 हजार 490 मीटर में सिर्फ पांच किलोमीटर और सुपर सकर मशीन से 3800 मीटर में केवल 1350 मीटर काम पूरा हुआ। इसके बावजूद 3813 लाख रुपये का भुगतान प्रस्तावित किया गया, वहीं 4.13 लाख रुपये का जुर्माना भी लगाया गया है। ठेकेदार ने बरसात और ड्रेन टूटने का बहाना बनाते हुए ठेका 31 दिसंबर 2025 तक बढ़ाने



की मांग की है। सीएम फ्लाइंग की इस कार्रवाई से जन स्वास्थ्य विभाग की गंभीर लापरवाही साफ तौर पर उजागर हो गई है। मुख्यमंत्री उड़नदस्ते की टीम ने पुराना औद्योगिक क्षेत्र स्थित जनस्वास्थ्य विभाग के कार्यालय से अहम जानकारी जुटाने के साथ कुछ दस्तावेजों की जांच भी की। टीम ने दोपहर करीब साढ़े 12 बजे दस्तक की और काफी देर तक यहां रही। बताया जा रहा है कि सीवर सफाई के कार्यों में ठेकेदारों द्वारा गड़बड़ी किए जाने की शिकायतें मिल रही थी। एसआआई पूनम व एएसआई धर्मेंद्र के नेतृत्व मुख्यमंत्री उड़नदस्ते की टीम कार्यालय पहुंची और जांच शुरू की। कार्रवाई के दौरान विभाग के अधिकारियों व कर्मचारियों से पूछताछ की गई।

## दीनदयाल लाडो लक्ष्मी योजना का शुभारंभ ऐतिहासिक कदम : सांसद रेखा शर्मा

**एजेंसी**

**नूंह।** राज्यसभा सांसद रेखा शर्मा ने कहा कि नायब सरकार ने दीनदयाल लाडो लक्ष्मी योजना का शुभारंभ करके बहुत ही ऐतिहासिक कार्य किया है। उन्होंने कहा कि इस योजना के तहत अब महिलाओं को हर महीने 2100 रुपये मिलने लगेंगे। सांसद रेखा शर्मा लघु सचिवालय में दीनदयाल लाडो लक्ष्मी योजना के शुभारंभ के बाद कार्यक्रम को संबोधित कर रही थी। रेखा शर्मा ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का सपना है कि देश के हर व्यक्ति का उत्थान हो, इसी नीयत से पीएम मोदी सबका साथ-सबका विकास नीति के तहत हर वर्ग के कल्याण के लिए कार्य कर रहे हैं। मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी भी प्रदेश में समान रूप से विकास कार्य कर रहे हैं। मुख्यमंत्री ने आज महिलाओं के उत्थान के लिए दीनदयाल लाडो लक्ष्मी योजना का शुभारंभ कर अपना वादा निभाया है। उन्होंने कहा कि इस योजना के तहत गरीब महिलाओं को प्रतिमाह 2100 रुपए की राशि मिलेगी। इस योजना के तहत एक लाख रुपए से कम



आमदनी के परिवारों की 23 वर्ष से अधिक आयु की महिलाओं को लाभ मिलेगा। सांसद रेखा शर्मा ने कहा कि आज मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने लाडो लक्ष्मी योजना के मोबाइल एप का शुभारंभ किया, जिसके बाद इस एप पर पात्र महिलाओं के पंजीकरण की प्रक्रिया शुरू हो गई। इससे पहले उन्होंने स्वास्थ्य व आयुष विभाग के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित स्वास्थ्य जांच शिविर का निरीक्षण किया और महिलाओं से बातचीत की। इसके बाद उन्होंने स्वास्थ्य विभाग की विभिन्न गांवों में बनने वाली करीब 16 परियोजनाओं का शिलान्यास किया। भाजपा जिला अध्यक्ष सुरेंद्र सिंह ने कहा कि मुख्यमंत्री नायब सैनी की सरकार ने महिलाओं और बेटियों के उत्थान के लिए जो दीनदयाल लाडो लक्ष्मी योजना के तहत 2100 रुपए प्रतिमाह देने की स्कीम बनाई है, वह अत्यंत सराहनीय है। इस योजना से गरीब महिलाओं का आर्थिक स्तर बेहतर होगा और वे अपनी सामान्य आवश्यकताओं को आसानी से पूरा कर सकेंगी।

# हरियाणा में लाडो लक्ष्मी के लिए मुख्यमंत्री ने लांच किया मोबाइल एप


**ज्योति दर्पण**

**चंडीगढ़।** हरियाणा में भाजपा सरकार के कार्यकाल का एक साल पूरा होने से पहले ही प्रदेश में लाडो लक्ष्मी योजना शुरू हो गई है। मुख्यमंत्री नायब सैनी ने पंचकूला में आयोजित राज्यस्तरीय समारोह के दौरान 'दीनदयाल लाडो लक्ष्मी योजना' की शुरुआत की और योजना को सुचारू रूप से लागू करने के लिए मोबाइल ऐप भी लांच किया। आज प्रदेश भर में सभी जिला मुख्यालयों समेत 82 स्थानों पर यह कार्यक्रम आयोजित किए। मुख्यमंत्री ने आवेदन के समय आने वाली समस्या के समाधान के लिए टोल फ्री नंबर 18001802231 और हेल्पलाइन नंबर 0172-4880500 भी लांच किया। कार्यक्रम के दौरान ही योजना के तहत पात्र पांच महिलाओं का लाइव पंजीकरण भी करवाया गया। मुख्यमंत्री ने बताया कि मोबाइल ऐप लॉन्च होने के कुछ समय के भीतर ही लगभग 50 हजार महिलाओं ने अपने मोबाइल पर इस ऐप को डाउनलोड किया है और लगभग 8000 महिलाओं ने आवेदन




किया है। इसके अवसर पर मुख्यमंत्री ने विकासात्मक परियोजनाओं की सौगात देते हुए 326.25 करोड़ रुपये की लागत की परियोजनाओं का भी उद्घाटन एवं शिलान्यास किया। इनमें स्वास्थ्य क्षेत्र को मजबूती प्रदान करने की दिशा में 78.04 करोड़ रुपये की लागत के 31 उद्घाटन और 78.12 करोड़ रुपये की लागत की 97 परियोजनाओं के शिलान्यास शामिल हैं। इसके अलावा 80 करोड़ 72 लाख रुपये की लागत से 10 स्वास्थ्य संस्थाओं का नवीनीकरण भी किया गया है। साथ ही, लोक निर्माण विभाग व शहरी स्थानीय निकाय की एक-एक परियोजना का शिलान्यास भी किया गया है, जिनकी लागत 89 करोड़ 37 लाख रुपये है। मुख्यमंत्री ने कहा कि इस योजना का लाभ 23 वर्ष से 60 वर्ष की आयु की उन विवाहित व अविवाहित बहनों को मिलेगा, जिनके परिवार की सालाना आय 1 लाख रुपये तक है। 2100 रुपये मासिक आर्थिक सहायता पात्र महिलाओं के बैंक खातों में मिलनी शुरू हो जाएगी। इस योजना की सबसे महत्वपूर्ण बात है कि एक परिवार की कितनी भी महिलाएं पात्र हों, सभी को इस योजना का लाभ मिलेगा। इस योजना का 2025-26 का वार्षिक बजट 5 हजार करोड़ रुपये स्वीकृत किया गया है। पहले चरण में प्रदेश की लगभग 20 लाख माताओं बहनों को इसका लाभ मिलेगा। उन्होंने कहा कि आवेदन केवल मोबाइल ऐप के माध्यम से ही किया जाएगा।

## डीएसपी सिद्धार्थ बिश्नोई की प्रशिक्षण अवधि हुई पूरी



**एजेंसी**

**हिसार।** पुलिस अधीक्षक अमित यशवर्धन ने प्रशिक्षण अवधि पूर्ण कर पदोन्नत हुए उप पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थ के कंधों पर स्टार लगाकर सम्मानित किया। इस अवसर पर पुलिस अधीक्षक ने उन्हें शुभकामनाएं देते हुए कहा कि यह उपलब्धि उनकी कर्तव्यनिष्ठा और मेहनत का परिणाम है। पुलिस अधीक्षक ने गुरुवार को कहा कि स्टार लगने के साथ ही जिम्मेदारियां और अधिक बढ़ जाती हैं, जिन्हें पूरी निष्ठा, ईमानदारी और अनुशासन के साथ निभाना ही एक सच्चे पुलिस अधिकारी की पहचान होती है। प्रशिक्षण अवधि के दौरान सिद्धार्थ बिश्नोई ने एसएचओ सदर थाना हांसी के रूप में भी अपनी सेवाएं दीं और जनता से बेहतर तालमेल बनाते हुए कानून-व्यवस्था बनाए रखने में सराहनीय योगदान किया। उनके कार्यकाल के दौरान उन्होंने विभिन्न थाना क्षेत्रों का निरीक्षण कर पुलिस कर्मियों को समय-समय पर निर्देश दिए तथा आमजन के बीच पहुंचकर समस्याओं को सुना और उनके त्वरित समाधान की कोशिश की। इस अवसर पर पुलिस अधीक्षक अमित यशवर्धन ने आशा व्यक्त की कि उप पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थ बिश्नोई भविष्य में भी अपनी कार्यशैली, नेतृत्व क्षमता और समर्पण भाव से पुलिस विभाग का नाम रोशन करते रहेंगे।

# हरियाणा में महिलाएं बनेंगी आत्मनिर्भर : हरविंद्र कल्याण

**एजेंसी**

**चंडीगढ़।** हरियाणा विधानसभा के अध्यक्ष हरविंद्र कल्याण ने कहा कि प्रदेश की मातृशक्ति के सशक्तिकरण के लिए आज का दिन ऐतिहासिक है। पंडित दीनदयाल उपाध्याय जयंती एवं सेवा पखवाड़े के अवसर पर मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी द्वारा 'दीन दयाल लाडो लक्ष्मी योजना' का शुभारंभ राज्य की बेटियों व महिलाओं को सामाजिक और आर्थिक रूप से मजबूत बनाने की दिशा में अहम कदम है।

हरविंद्र कल्याण पंचकूला में आयोजित लाडो लक्ष्मी योजना के उद्घाटन अवसर पर बोल रहे थे। उन्होंने कहा कि पंडित दीनदयाल उपाध्याय के अंत्योदय दर्शन पर चलते हुए वर्तमान सरकार लगातार गरीब और कमजोर वर्ग के उत्थान के लिए काम कर रही।

दीन दयाल लाडो लक्ष्मी योजना केवल एक योजना नहीं, बल्कि सामाजिक क्रांति है। इससे महिलाओं को शिक्षा, स्वास्थ्य और आर्थिक स्वतंत्रता के क्षेत्र में नई ऊंचाइयां हासिल होंगी। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का विजन है कि जब हमारे देश की आजादी के 100 वर्ष पूरे होंगे तो हमारा देश एक विकसित राष्ट्र होगा। प्रधानमंत्री ने विकसित राष्ट्र के चार स्तंभ बताए हैं उनमें नारी शक्ति प्रमुख स्तम्भ है।




आज शुरू की गई इस योजना से हमारी 50 प्रतिशत आबादी सशक्त होगी। उन्होंने कहा कि केंद्र व राज्य सरकार द्वारा बेटी बचाओ-बेटी पढ़ाओ, लखपति दीदी, स्वयं सहायता समूह, दुर्गा शक्ति ऐप, महिला पेंशन जैसी अनेक योजनाओं से महिलाओं को नई ऊर्जा और आत्मविश्वास मिला है। इसी कड़ी को आगे बढ़ाते हुए मुख्यमंत्री द्वारा शुरू की गई यह योजना महिलाओं के जीवन में नई दिशा प्रदान करेगी। इस अवसर पर सामाजिक न्याय, अधिकारिता, अनुसूचित जाति एवं पिछड़ा वर्ग कल्याण और अंत्योदय (सेवा) मंत्री कृष्ण कुमार बेदी ने कहा कि यह दिन हरियाणा वासियों के लिए गर्व का विषय है, क्योंकि अंत्योदय की भावना से प्रेरित होकर मुख्यमंत्री ने बहनों और बेटियों के लिए लाडो लक्ष्मी योजना का शुभारंभ और मोबाइल ऐप लॉन्च कर एक नई पहल की है। उन्होंने कहा कि हरियाणा सरकार द्वारा महिलाओं के कल्याण व उत्थान के लिए समय समय पर विभिन्न पहल की गई है। राज्य की महिलाओं के सशक्तिकरण के लिए आज दीनदयाल लाडो लक्ष्मी योजना का शुभारंभ हुआ है। इसके तहत 23 वर्ष से अधिक आयु की माताओं, बहनों और बेटियों जिनकी पारिवारिक वार्षिक आय का 1 लाख रुपये से कम है, उनको 2100 रुपये की वित्तीय सहायता दी जाएगी। उन्होंने कहा कि इस योजना का उद्देश्य महिलाओं के सामने आने वाली विविध चुनौतियों का समाधान करना है, जिससे उनकी आर्थिक स्वतंत्रता बढ़ेगी और उनके स्वास्थ्य व कल्याण में सुधार होगा। इसके लिए हरियाणा सरकार ने इस योजना के लिए 2025 - 26 के वार्षिक बजट में 5,000 करोड़ रुपये का प्रावधान किया है। श्री बेदी ने कहा कि दीन दयाल लाडो लक्ष्मी योजना मोबाइल ऐप से महिलाओं को किसी भी सरकारी कार्यालय या सीएससी सेंटर जाने की आवश्यकता नहीं होगी। वे अपने मोबाइल पर ही आसानी से आवेदन कर सकेंगी।

## झज्जर के बहादुरगढ़ की जूता फैक्ट्री में भीषण आग, लाखों का माल जला

**एजेंसी**

**झज्जर।** हरियाणा के बहादुरगढ़ के आधुनिक औद्योगिक क्षेत्र (एमआईई) पार्ट-ए की प्लांट 767 में स्थित एक जूता फैक्ट्री में सुबह पौने नौ बजे भीषण आग लग गई। आग से लाखों रुपये का तैयार और कच्चा माल जलकर राख हो गया। फैक्ट्री में ज्वलनशील केमिकल और रबड़ होने से आग बुझाने में दमकल कर्मियों को सवा चार घंटे तक मशक्कत करनी पड़ी।बहादुरगढ़ के दमकल अधिकारी रविंद्र कुमार ने बताया कि सुबह पौने नौ बजे फैक्टरी में आग लगने की सूचना मिली थी। बहादुरगढ़ के तीनों स्टेशनों से गाड़ियां बुलाई। आग नहीं बुझी तो सोनीपत, रोहतक, झज्जर और बाढ़सा एम्स से भी दमकल गाड़ियां बुलानी पड़ीं। उन्होंने बताया कि कुल 13 दमकल गाड़ियों की मदद से 40 कर्मचारियों ने सवा चार घंटे में आग पर काबू पाया। फैक्टरी में अत्यंत ज्वलनशील केमिकल और रबड़ होने के कारण फायर कर्मचारियों को आग बुझाने में काफी मशक्कत करनी पड़ी। आग लगने के कारण अभी स्पष्ट नहीं है।

## मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने किया पानीपत भाजपा के जिला कार्यालय का उद्घाटन

**एजेंसी**

**पानीपत।** मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने पानीपत में भाजपा के जिला कार्यालय श्याम कमल के उद्घाटन के अवसर पर बतौर मुख्य अतिथि बोलते हुए कहा कि भाजपा के कार्यालय का नाम श्याम कमल अपने आप में बहुत बड़ा संदेश देता है। कमल केवल भाजपा का चुनाव चिन्ह नहीं है, यह हमारी संस्कृति, आध्यात्मिकता और जीवन मूल्यों का प्रतीक है। यह नाम भारतीय जनता पार्टी के विचार और मूल्यों से प्रेरित है,जिसमें पवित्रता, विकास और राष्ट्रीयता समाहित है।

उन्होंने कहा कि पानीपत में श्याम कमल कार्यालय के उद्घाटन का होना खुशी और गर्व की बात है। यह कार्यकर्ताओं के आत्मबल, कर्मठता और राष्ट्र सेवा के संकल्प को और मजबूती प्रदान करेगा। उन्होंने श्याम कमल कार्यालय के उद्घाटन के अवसर पर नवरात्रों के पावन दिनों की भी बधाई दी। मुख्यमंत्री नायब सिंह ने कहा कि पानीपत की पावन धरती हमेशा गौरवशाली इतिहास की रही है। यहां की मिट्टी में बलिदान की गंध है। यह धरती भारत की संस्कृति और राष्ट्रीय अस्मिता की रक्षा की साक्षी रही है। उन्होंने कहा कि भाजपा का श्याम कमल कार्यालय इसी पावन भूमि पर




स्थापित किया गया है। अब तक हरियाणा के 21 जिलों में भाजपा के जिला कार्यालय बनाए गए हैं और केवल महेंद्रगढ़ जिला ऐसा शेष बचा है। वहां भी भाजपा का कार्यालय जल्द बनाकर तैयार हो जाएगा। मुख्यमंत्री नायब सिंह ने कार्यक्रम में 70 करोड़ 42 लाख से बनने वाले और पुराने औद्योगिक क्षेत्र को जीटी रोड से जोड़ने वाले रेलवे ओवर ब्रिज और 18 करोड़ 95 लाख से बनने वाले फायर स्टेशन केंद्र का शिलान्यास भी किया। उन्होंने पानीपत शहरी विधायक प्रमोद विज द्वारा रखी गई विभिन्न मांगों पर गौर करते हुए पानीपत में ऑटो मार्केट बनाने, नाइट शेल्टर का निर्माण, नगर निगम के कर्मचारियों के रहने की जगह और पानीपत में स्लाटर हाउस के साथ-साथ भूमि उपलब्धता होने पर इनके निर्माण करवाने की घोषणा की। उन्होंने भगवत गीता चौक के लिए 50 लाख रुपए और पालिका बाजार पुनर्निर्माण के लिए 40 करोड रुपए भी देने की घोषणा की। उन्होंने पानीपत में अपराधों की रोकथाम के लिए सीसीटीवी कैमरे लगाने लगवाने की भी घोषणा की।

# प्रदेश में भाजपा सरकार बनवाने में बाबू-बेटे का अहम रोलः अभय चौटाला

**एजेंसी**

**रोहतक।** इंडियन नेशनल लोकदल के राष्ट्रीय अध्यक्ष चौ. अभय सिंह चौटाला ने प्रदेश में भाजपा की तीसरी बार सरकार बनवाने में पूर्व सीएम हुड्डा व उनके बेटे दीपेंद्र हुड्डा का अहम रोल है और प्रदेश की जनता को पता है कि पूर्व सीएम हुड्डा किस तरह से भाजपा के लिए काम करते है। राज्यसभा चुनाव में हुड्डा ने तो स्वंय ही कांग्रेस के वोट चोरी कर लिए थे, हुड्डा से बड़ा कोई वोट चोर नहीं है। उन्होंने कहा कि चौ. देवीलाल एक संघर्षशील नेता थे, आजादी के समर में संघर्ष जारी रखा। 1975 में इमरजेंसी में जेल गए और फिर 1977 में कांग्रेस को सत्ता से बाहर किया। भाजपा व कांग्रेस पर आरोप लगाते हुए अभय सिंह चौटाला ने कहा कि 2029 में भाजपा को सत्ता से बाहर करेंगे और कांग्रेस की रांद काटके किसान-कमेरे की सरकार लाएंगे। रोहतक रैली में पूर्व उपप्रधानमंत्री चौ. देवीलाल को अपने श्रद्धासुमन अर्पित करते हुए भाजपा एवं कांग्रेस पर सवालों की झड़ी लगा दी। मेवात और बृज खाप से पहुंचे उत्साहित समर्थकों ने अभय सिंह चौटाला को 331 मीटर लंबी पगड़ी पहनाई। देवीलाल की 112वीं जयंती पर आयोजित रैली में चौ. अभय सिंह चौटाला, पूर्व वित्त मंत्री व कांग्रेस नेता प्रो. संपत्त सिंह, जम्मू कश्मीर के उपमुख्यमंत्री सुरेंद्र चौधरी, पंजाब के पूर्व उपमुख्यमंत्री सुखबीर सिंह बादल, तेलांगना से पूर्व लोकसभा सदस्य के. कविता, भादरा के पूर्व विधायक बलवान पूनिया, रेवाड़ी के पूर्व विधायक रघु यादव, कांता चौटाला, सुनैना चौटाला, विधायक आदित्य देवीलाल, अर्जुन चौटाला एवं लंदन से राहुल अहलावत भी पहुंचे और पूर्व उपप्रधानमंत्री चौ.देवीलाल को अपने श्रद्धासुमन आर्पित किए। अभय सिंह चौटाला ने कहा कि उन्हें याद है 1985 में राजीव-लौंगोवाल समझौता हुआ। चंडीगढ़ राजधानी को पंजाब को देने पर सहमति बनी। चौ. देवीलाल ने इस समझौते के खिलाफ बिगुल बजा दिया और समझौते को नामंजूर कर दिया। चौ. देवीलाल ने न्याय युद्ध शुरू किया। हिसार से जब पैदल निकले। लोग उनसे जुड़ते चले गए और 1987 के चुनाव में जनता ने कांग्रेस का सुपड़ा साफ कर दिया। आज देश में भाजपा सरकार जनता के ऊपर मनमाने कानून थोप रही है। अभी कुछ समय पहले जनतंत्र को खत्म करने के मकसद से केंद्र सरकार लोकसभा में एक बिल लेकर आई।

# भारत में कंज्यूमर सेक्टर में सुधार के संकेत, जीएसटी रेट कटौती का दिखेगा असरः रिपोर्ट

**नई दिल्ली**

भारत में कंज्यूमर सेक्टर में शहरी मांग में एक वर्ष से अधिक समय तक कमजोर बने रहने के बाद, सुधार के संकेत मिल रहे हैं। यह जानकारी गुरुवार को आई रिपोर्ट में दी गई। रिपोर्ट में बताया गया है कि इन उपायों से करीब 2-2.5 लाख करोड़ रुपए सीधे उपभोक्ताओं के हाथ में आएंगे, जो कुल घरेलू खर्च का करीब 2-8 प्रतिशत होगा। रिपोर्ट में बताया गया हैं कि कोरोना के बाद खपत का माहौल सुस्त रहा है, लेकिन हाल के नीतिगत बदलावों से सेक्टर को जरूरी बढ़ावा मिल सकता है। सुस्त रही शहरी मांग में सुधार होने की उम्मीद है, जबकि बढ़ती वास्तविक मजदूरी से ग्रामीण मांग पहले से ही मजबूत बनी हुई है। हालांकि, रिपोर्ट में चेतावनी दी गई है कि अधिक बचत या ऋण की चुकौती से रिकवरी की गति धीमी हो सकती है।

रिपोर्ट में बताया गया हैं कि जीएसटी रेट में कटौती से घरेलू और पर्सनल केयर सेगमेंट की तुलना में खाद्य और पेय कंपनियों को अधिक लाभ होगा। छोटे पैक वाले बिस्कुट, नमकीन स्नैक्स और चॉकलेट जैसे उत्पादों की खपत में सीधे बढ़ोतरी होने की उम्मीद है। वहीं, साबुन और ओरल केयर जैसी कैटेगरी में मांग में केवल एक बार उछाल देखने को मिल सकता है। इस बीच, इस सप्ताह की शुरुआत में व्यापारियों और कारोबार मालिकों ने भी नई जीएसटी व्यवस्था का स्वागत कर कहा कि इन बदलावों से लोगों की क्रय शक्ति बढ़ेगी, आवश्यक वस्तुओं की कीमतें कम होंगी और अर्थव्यवस्था को बढ़ावा मिलेगा। उन्होंने त्यौहारों के मौसम में इन उपायों को लागू करने के लिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की तारीफ




भी की। एक ब्रांडेड कपड़ों की दुकान के मालिक ने बताया कि नई जीएसटी व्यवस्था ने सिस्टम को सरल बनाया है और कई टैक्स की पुरानी समस्याओं को ठीक किया है। उन्होंने कहा कि मोदी सरकार ने जीएसटी के माध्यम से 55 लाख करोड़ रुपए पहले जुटाए हैं, जिसका उपयोग राष्ट्रीय विकास और रक्षा के लिए किया जा रहा है।

# वाणिज्यिक पंचाटों में लंबित मामलों का बोझ बढ़ा, 24.72 लाख करोड़ फंसे

**नई दिल्ली**

देश के वाणिज्यिक पंचाटों में लंबित मामलों की संख्या सितंबर 2025 तक बढ़कर 3.56 लाख हो गई है। इनमें फंसी राशि 24.72 लाख करोड़ रुपये के करीब पहुंच गई है, जो भारत के सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) का लगभग 7.48 प्रतिशत है। वाणिज्यिक पंचाटों को त्वरित न्याय प्रदान करने के लिए स्थापित किया गया था, लेकिन विधायी और प्रक्रियागत कमियों के कारण उनकी प्रभावशीलता कम हो गई है। उदाहरण के लिए, राष्ट्रीय कंपनी विधक पंचाट (एनसीएलटी) और राष्ट्रीय कंपनी विधक अपील पंचाट (एनसीएलएटी) में एक मामले को निपटाने में औसतन 752 दिन लगते हैं, जो वैधानिक समयसीमा 330 दिनों से दोगुना है। एनसीएलटी और एनसीएलएटी के कुल मामले 18,000 से अधिक हैं।

इन पंचाटों में अनुबंध कर्मियों की संख्या अधिक है, एनसीएलटी में 88 फीसदी और एनसीएलएटी में 84.9 फीसदी कर्मी अनुबंध पर हैं।ऋण वसूली पंचाटों (डीआरटी) के पास 2.15 लाख से अधिक मामले लंबित हैं, जिनमें से 86त्र मामले वैधानिक सीमा से अधिक समय से लंबित हैं। देश के 18 राज्यों में डीआरटी की एक भी पीठ नहीं है। कर पंचाटों में 73,000 से अधिक मामले लंबित हैं, जिनमें लगभग 1.96 लाख करोड़ रुपये फंसे हैं।

# हीरो की बाइक एक्स440 की कीमत फिलहाल नहीं बढ़ेगी



**नई दिल्ली**

हीरो मोटोकॉर्प ने अपने ग्राहकों को राहत देते हुए साफ कर दिया है कि बाइक एक्स440 की कीमत फिलहाल नहीं बढ़ेगी और यह पहले की तरह ही 2.40 लाख रुपए (एक्स-शोरूम, दिल्ली) में उपलब्ध रहेगी। हीरो ने यह फैसला त्योहारों के सीजन को ध्यान में रखकर लिया है। एक्स440, जो हीरो और हार्ले-डेविडसन की साझेदारी से बनी है, पिछले दो क्वार्टर्स से अच्छी बिक्री कर रही है। इसके विपरीत, इसका सिबलिंग मॉडल हीरो मार्विक 440 खराब बिक्री के कारण बंद कर दिया गया था।

कंपनी ने तय किया कि अगर एक्स440 की कीमत बढ़ाई जाती तो बिक्री पर नकारात्मक असर पड़ सकता था। इसलिए हीरो ने टैक्स का बोझ स्वयं उठाने का निर्णय लिया, ताकि ग्राहकों को अतिरिक्त खर्च का सामना न करना पड़े। हीरो ने यह स्पष्ट नहीं किया है कि यह रिवाइज्ड कीमत कितने समय तक लागू रहेगी, लेकिन फिलहाल इसे ग्राहकों के लिए बड़ा फायदा माना जा रहा है।


एक्स440 में 440सीसी का दमदार इंजन मिलता है, साथ ही हार्ले-डेविडसन की क्लासिक स्टाइलिंग और प्रीमियम रोड प्रेजेंस भी मौजूद है। विशेषज्ञों का मानना है कि यह बाइक सेगमेंट में अपनी किफायती कीमत के कारण अन्य बाइक्स के मुकाबले अधिक आकर्षक बन गई है।

जीएसटी बढ़ने के बावजूद कीमत में कोई बदलाव न होने से ग्राहकों को सीधे फायदा हो रहा है और बाइक खरीदने का यह सबसे सही समय माना जा रहा है। इस कदम से हीरो मोटोकॉर्प ने अपने ब्रांड की विश्वसनीयता और ग्राहक संतुष्टि को भी मजबूत किया है। बता दें कि हाल ही में भारत में 350सीसी से ऊपर की मोटरसाइकिलों पर जीएसटी बढ़ाकर 28 प्रतिशत से 40 प्रतिशत कर दिया गया था। इसकी कीमत लगभग 20,000 रुपए तक बढ़ जाएगी।

# फोनपे, गूगलपे या पेटीएम यूजर आपके लिए ये खबर

**मुंबई**

अगर आप फोनपे, गूगलपे या पेटीएम जैसे एप से रोजाना पैसे भेजते या लेते हैं, थोड़ा ध्यान दें। ये खबर आपके लिए है। नेशनल पेमेंट्स कॉर्पोरेशन ऑफ इंडिया (एनपीसीआई) ने यूपीआई ट्रांजेक्शंस के लिए नए सेटलमेंट नियम लाए हैं। ये 3 नवंबर 2025 से लागू होगा। इससे पैसे के लेन-देन में कुछ बदलाव आएंगे, खासकर बैंकों और डिस्प्यूट्स को हैंडल करने में। अभी तक यूपीआई के सभी ट्रांजेक्शंस, चाहे वे कन्फर्म हो चुके हों या डिस्प्यूट वाले, एक ही साइकल में सेटल होते थे। लेकिन अब एनपीसीआई ने इन्हें अलग-अलग किया है। यानी, जो ट्रांजेक्शन पूरी तरह वैलिड हैं, वे तेजी से सेटल होने वाले है। वहीं, अगर कोई प्रॉब्लम हो, जैसे कि चार्जबैक या डिस्प्यूट, तब वे अलग प्रोसेस से हैंडल होगा। इससे सिस्टम ज्यादा स्मूथ चलेगा और बैंकों को कम झंझट होगा। हालांकि, यूजर्स के लिए इससे ज्यादा फर्क नहीं पड़ेगा, क्योंकि ये बदलाव बैकएंड पर हैं। पैसे भेजना या रिसिव वैसा ही रहेगा जैसे पहले से काम करता है। लेकिन अगर कभी ट्रांजेक्शन में गड़बड़ी हो, जैसे पैसे कट गए लेकिन रिसीवर को न पहुंचे, तब डिस्प्यूट सॉल्व करने का तरीका




अब पहले से बेहतर हो जाएगा। कुल मिलाकर, आपकी डेली पेमेंट्स सुरक्षित और तेज रहेंगी। इसका सबसे बड़ा फायदा बैंकों को मिलेगा। पहले डिस्प्यूट्स की वजह से सेटलमेंट में देरी होती थी, जो आरबीआई के फाइन का कारण बनती थी। अब अलग साइकल्स से वे क्लीन ट्रांजेक्शंस को प्राथमिकता दें सकते है। अगर आप पेटीएम यूजर हैं, तब एक और खबर है। एनपीसीए ने पुराने पेटीएम यूपीआई आईडी से जुड़े ऑटोपे मंडेट्स को बंद करने की डेडलाइन दो महीने बढ़ा दी है। अब ये 31 अक्टूबर 2025 तक चलेगी। मतलब, आपके रेगुलर बिल पेमेंट्स जैसे लोन ईएमआई या सब्सक्रिप्शंस में अभी कोई जल्दबाजी नहीं। लेकिन उसके बाद नई आईडी पर स्विच करना जरूरी होगा। एनवीसीआई के आंकड़ों के मुताबिक, बीते अगस्त में यूपीआई ने 20 अरब से ज्यादा लेनदेन किए, जिनका कुल मूल्य 24.85 लाख करोड़ रुपये था। यह पहली बार था जब यूपीआई ने एक महीने में 20 अरब लेनदेन का आंकड़ा पार किया।

# सीबीडीटी ने ऑडिट रिपोर्ट दाखिल करने की समय सीमा 31 अक्टूबर तक बढ़ाई

**नई दिल्ली**

केंद्रीय प्रत्यक्ष कर बोर्ड (सीबीडीटी) ने असेसमेंट ईयर 2025-26 के लिए कई ऑडिट रिपोर्ट दाखिल करने की समय सीमा 31 अक्टूबर तक बढ़ा दी है, जो पहले 30 सितंबर थी। सीबीडीटी ने अपने एक्स पर की पोस्ट में लिखा कि यह आयकर में निर्दिष्ट करदाताओं के लिए है। यह विस्तार चार्टर्ड अकाउंटेंटों समेत पेशेवर निकायों द्वारा उठाई गई मांग के बाद किया गया है, जिन्होंने समय पर ऑडिट पूरा करने में करदाताओं के सामने आने वाली कठिनाइयों के बारे में आयकर विभाग को बताया था। पेशेवर निकायों द्वारा विस्तार की मांग के समय में उठाए गए कुछ कारणों में बाढ़ और प्राकृतिक आपदाओं के कारण कुछ क्षेत्रों में सामान्य व्यावसायिक और व्यावसायिक गतिविधियों पर पड़ने वाले व्यवधान शामिल हैं। इनमें से कुछ चिंताएं उच्च न्यायालयों के समक्ष भी उठाई गई थीं। आयकर विभाग ने साफ कहा है कि ई-फाइलिंग पोर्टल सुचारू रूप से काम कर रहा है और इसमें कोई बड़ी गड़बड़ी की सूचना नहीं है। 24 सितंबर तक, 4.02 करोड़ से ज्यादा टैक्स ऑडिट रिपोर्ट अपलोड की जा चुकी थीं, जिनमें से 60,000 से ज्यादा अकेले 24 सितंबर को अपलोड की गईं। इसके अतिरिक्त, 23 सितंबर तक 7.57 करोड़ से ज्यादा आयकर रिटर्न दाखिल किए गए। प्रणाली की स्थिरता के बावजूद, सीबीडीटी ने करदाताओं और व्यवसायियों की चिंताओं को स्वीकार किया।




आयकर विभाग की ओर से व्यक्तिगत करदाताओं के लिए इनकम टैक्स रिटर्न जमा करने की तारीख में कोई विस्तार नहीं किया गया है। व्यक्तिगत करदाताओं के लिए आईटीआर जमा करने की तारीख 15 सितंबर को खत्म हो चुकी है।

## औषधि पर अमेरिकी शुल्क का जेनेरिक दवाओं पर असर नहीं होगा असरः आईपीए

**नई दिल्ली** भारतीय औषधि गठबंधन (आईपीए) ने शुक्रवार को कहा कि अमेरिका के एक अक्टूबर से औषधियों पर 100 प्रतिशत आयात शुल्क लागू करने का असर केवल पेटेंट और ब्रांडेड उत्पाद पर पड़ेगा जेनेरिक दवाओं पर नहीं। आईपीए के एक अे धिकारी ने कहा, यह शुल्क जेनेरिक दवाओं पर लागू नहीं होगा। उन्होंने कहा कि अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप का बयान अमेरिका को आपूर्ति किए जाने वाले पेटेंट और ब्रांडेड उत्पादों के बारे में है। ईपीए 23 अग्रणी भारतीय दवा कंपनियों का प्रतिनिधित्व करता है जिनमें डॉ. रेड्डी, सन फार्मा, ल्यूपिन, जायडस लाइफसाइंसेज शामिल हैं। रतलब है कि ट्रंप ने सोशल मीडिया मंच 'ट्रुथ सोशल' पर लिखा था '' हम एक अक्टूबर 2025 से सभी ब्रांडेड या पेटेंटेड औषधि उत्पाद पर 100 प्रतिशत शुल्क लगाएंगे, जब तक कि कोई कंपनी अमेरिका में अपना दवा विनिर्माण संयंत्र स्थापित नहीं करती।

## सोने और चांदी के भाव में गिरावट



**सोना 1,12,625 और चांदी लगभग 1,36,876 रुपए पर**

**नई दिल्ली** सोने और चांदी के वायदा भावों में शुक्रवार को नरमी देखी गई। घरेलू बाजार (एमसीएक्स) और अंतरराष्ट्रीय बाजार दोनों ही प्लेटफॉर्म पर कारोबार की शुरुआत गिरावट के साथ हुई। निवेशकों और ट्रेडर्स के लिए यह सत्र सतर्कता बरतने का संकेत दे रहा है। एमसीएक्स पर सोने का अक्टूबर वायदा भाव 1,12,625 पर खुला, जो पिछले बंद 1,12,629 से 4 रुपए कम है। इस समय यह 108 रुपए की गिरावट के साथ1,12,521 रुपए पर कारोबार कर रहा था। इस दौरान सोने ने 1,12,511 रुपए का न्यूनतम और 1,12,625 रुपए का अधिकतम स्तर छू लिया। इस सप्ताह इसका उच्चतम स्तर 1,14,179 रुपए रहा। चांदी के दिसंबर वायदा कॉन्ट्रेक्ट में भी कमजोरी दिखी। यह 1,36,876 रुपए पर खुला, जो 180 रुपए की गिरावट है। इस समय यह 318 रुपए की गिरावट के साथ 1,36,738 रुपए पर कारोबार कर रहा था। दिन का न्यूनतम स्तर 1,36,504 और अधिकतम 1,36,876 रुपए रहा। इस सप्ताह चांदी 1,37,530 रुपए प्रति किलो तक गई थी। अंतरराष्ट्रीय बाजार में भी दबाव नजर आया। सोना 3,781.50 डॉलर पर खुला और गिरकर 3,769.40 डॉलर पर आ गया। वहीं, चांदी 45.47 डॉलर पर खुलकर 44.98 डॉलर प्रति औंस पर आ गई। विशेषज्ञों के अनुसार, वैश्विक आर्थिक अनिश्चितता और डॉलर की मजबूती के कारण कीमती धातुओं में यह गिरावट देखी जा रही है।

## जेएसडब्ल्यू स्टील को राहतः सुप्रीम कोर्ट ने बीपीएसएल के अधिग्रहण को दी मंजूरी

**नई दिल्ली** उच्चतम न्यायालय ने शुक्रवार को भूषण पावर एंड स्टील लिमिटेड (बीपीएसएल) के अधिग्रहण के लिए जेएसडब्ल्यू स्टील की 19,700 करोड़ रुपए की समाधान योजना को मंजूरी दे दी। प्रधान न्यायाधीश बीआर गवई की अध्यक्षता वाली पीठ ने पुराने आदेश को वापस लेते हुए समाधान योजना को वैध करार दिया। इससे पहले दो मई को दिए गए आदेश में बीपीएसएल के परिसमापन और जेएसडब्ल्यू की योजना को रद्द कर दिया गया था। कोर्ट ने लेनदारों की समिति, समाधान पेशेवर और राष्ट्रीय कंपनी विधि न्यायाधिकरण के आचरण को दिवाला एवं दिवालियापन संहिता का गंभीर उल्लंघन बताया। पूर्व में न्यायमूर्ति बेला एम. त्रिवेदी की पीठ ने जेएसडब्ल्यू स्टील की योजना को अवैध ठहराया था। अब इस निर्णय से जेएसडब्ल्यू स्टील को बड़ी राहत मिली है और बीपीएसएल को दिवालियापन से बचने का अवसर मिला है।

## सितंबर 2025ः भारतीय आईपीओ बाजार का नया इतिहास




**मुंबई** सितंबर 2025 भारतीय आईपीओ बाजार के लिए ऐतिहासिक साबित हुआ है। मुख्य बोर्ड और एसएमई प्लेटफॉर्म मिलाकर इस महीने तीन दशक में सबसे ज्यादा आईपीओ आए हैं। सितंबर अंत तक मुख्य बोर्ड पर 25 आईपीओ पूरे हो जाएंगे। यह जनवरी 1997 के बाद किसी भी महीने में सबसे बड़ी संख्या है। एसएमई सेगमेंट में भी 56 आईपीओ आए, जो 2012 में इस प्लेटफॉर्म की शुरुआत के बाद अब तक का सबसे बड़ा आंकड़ा है। अधिकतर गतिविधियां स्मॉलकैप सेगमेंट में केंद्रित रहीं। मुख्य बोर्ड **IPO** का औसत आकार लगभग 530 करोड़ रहा।मार्च से मई के बीच सुस्ती रही लेकिन 30 सितंबर की नियामकीय समय सीमा से पहले कंपनियों ने पूंजी जुटाने की प्रक्रिया तेज की। दूसरी छमाही की फंडिंग योजनाओं और लिस्टिंग के बाद मजबूत प्रदर्शन ने कंपनियों को आईपीओ लाने के लिए प्रेरित किया। घरेलू नकदी प्रवाह और रिटेल निवेशकों की मजबूत भागीदारी ने बाजार को सहारा दिया। फिलहाल 70 कंपनियां सेबी की मंजूरी के साथ 1 लाख करोड़ रुपए से अधिक जुटाने की तैयारी कर रही हैं। इसके अलावा 90 कंपनियां अनुमानित 1.6 लाख करोड़ रुपए के आईपीओ के लिए सेबी की मंजूरी का इंतजार कर रही हैं। बड़े आकार के आईपीओ जैसे टाटा कैपिटल, ग्रो और एलजी अगले महीने आ सकते हैं।

# शेयर बाजार गिरावट पर बंद

## सेंसेक्स 733 , निफ्टी 236 अंक गिरा

**मुंबई**

भारतीय शेयर बाजार शुक्रवार को गिरावट पर बंद हुआ। सप्ताह के अंतिम कारोबारी दिन बाजार में ये गिरावट दुनिया भर से मिले कमजोर संकेतों के साथ ही फार्मा कंपनियों के शेयरों में बिकवाली हावी रहने से आई है। दिन भर के कारोबार के बाद 30 शेयरों पर आधारित बीएसई सेंसेक्स 733.22 अंक नीचे आकर 80,426.46 और 50 शेयरों वाला एनएसई निफ्टी 236.15 अंक नीचे आकर 24,654.70 पर बंद हुआ। लार्जकैप की अपेक्षा मिडकैप और स्मॉलकैप शेयरों में अधिक गिरावट रही।

आज सभी सूचकांक नीचे आकर लाल निशान पर बंद हुए हैं। निफ्टी ऑटो, निफ्टी आईटी, निफ्टी फाइनेंशियल सर्विसेज, निफ्टी फार्मा, निफ्टी एफएमसीजी, निफ्टी मेटल, निफ्टी रियल्टी, निफ्टी एनर्जी और निफ्टी कमोडिटीज इंडेक्स के शेयरों में भी गिरावट दर्ज की गयी। इस दौरान सेंसेक्स पैक में एलएंडटी, टाटा मोटर्स और आईटीसी के शेयर सबसे अधिक लाभ में रहे जबकि एमएंडएम, टाटा स्टील, बजाज फाइनेंस, एशियन पेंट्स, सन फार्मा, टेक महिंद्रा, इन्फोसिस, टीसीएस, एचसीएल टेक, बीईएल, ट्रेंट और एचयूएल के शेयरों को सबसे अधिक नुकसान हुआ।

दवा कंपनियों पर नए टैरिफ लगाने से निवेशकों की धारणा प्रभावित हुई, जिससे दवा कंपनियों के शेयरों में भारी गिरावट दर्ज की गई। वहीं तकनीकी शेयरों में भी बिकवाली हुई। वैश्विक अनिश्चितता के बीच निवेशकों ने सतर्क रुप अपनाया और वे बाजार से दूसरे बनाये रहे।




इससे पहले आज सुबह बाजार गिरावट के साथ खुले। सेंसेक्स 100 अंक की कमजोरी के साथ 80,956.01 पर खुला, वहीं निफ्टी 50 सूचकांक 24,818 पर खुलकर 99.65 अंकों की गिरावट के साथ 24,804 पर कारोबार कर रहा था। एशियाई बाजारों में भी कमजोरी देखी गई। साउथ कोरिया का कोस्पी इंडेक्स 1.9 फीसदी, जापान का निक्केई 0.3 फीसदी और ऑस्ट्रेलिया का एएसएक्स 200 भी 0.3 फीसदी गिरा। अमेरिका के बाजार भी गुरुवार को तीसरे दिन लगातार नीचे बंद हुए। एसएंडपी 500 और नेस्डेक दोनों में 0.5 फीसदी गिरावट दर्ज की गई।

# लॉन्ग टर्म निवेश के लिए पांच स्टॉक्स में 36 फीसदी तक रिटर्न की संभावना

## फार्मा, बैंकिंग, केमिकल, एफएमसीजी और सीमेंट सेक्टर में निवेश का बढ़िया मौका

**नई दिल्ली**

अगर आप शेयर बाजार में लंबी अवधि के लिए निवेश की योजना बना रहे हैं, तो फार्मा, केमिकल, बैंकिंग, एफएमसीजी और सीमेंट जैसे सेक्टर्स में चुनिंदा स्टॉक्स आपके पोर्टफोलियो को मजबूत बना सकते हैं।

टॉप ब्रोकरेज फर्म्स ऐं टिक, मोतीलाल ओसवाल और नूवामा ने कुछ स्टॉक्स पर भरोसा जताया है और इन पर 12 फीसदी से लेकर 36 फीसदी तक रिटर्न का अनुमान जताया है। जायडस लाइफ इंश्योरेंस जो फार्मा क्षेत्र की बड़ी कंपनी है, को ऐं टिक ने 'होल्ड' से अपग्रेड करके 'बाय' कर दिया है। इसका नया टारगेट 1255 रुपये है, जबकि अभी इसका शेयर 1035 रुपये पर कारोबार कर रहा है।

श्री सीमेंट को भी ऐं टिक ने बाय रे टिंग दी है। मौजूदा प्राइस 29,714 रुपये है और टारगेट 33,500 रुपये तय किया गया है। निर्माण क्षेत्र में बढ़ती मांग इसे सपोर्ट कर रही है। एयू स्माल फाइनेंस बैंक पर मोतीलाल ओसवाल ने 875 रुपये का टारगेट दिया है, जबकि इसका एलटीपी 706 रुपये है। बैंक ग्रामीण इलाकों में तेजी से विस्तार कर रहा है, जिससे 23 फीसदी तक रिटर्न की संभावना बन रही है। टाटा कंज्युमर प्रोडक्ट पर भी ब्रोकरेज की नजर है। टारगेट 1300 रुपये है




और मौजूदा भाव 1130 रुपये, यानी 15 फीसदी की बढ़त संभव है। नूवामा ने इसका टारगेट 5298 रुपये रखा है, जिससे 36 फीसदी का रिटर्न मिल सकता है।

## कोल इंडिया गैर-कार्यकारी कर्मचारियों को देगी 1.03 लाख के इनाम

**नई दिल्ली** सार्वजनिक क्षेत्र की कोल इंडिया लिमिटेड (सीआईएल) जैसी कोयला क्षेत्र की कंपनियों ने त्योहारों के मद्देनजर अपने गैर-कार्यकारी कर्मचारियों के लिए 1.03 लाख रुपये के पुरस्कार की शुक्रवार को घोषणा की। प्रदर्शन-आधारित पुरस्कार (पीएलआर) किसी व्यक्ति को विशिष्ट, मापनीय लक्ष्य प्राप्त करने के लिए दिया जाने वाला भुगतान या लाभ है।इसका उद्देश्य कोल इंडिया लिमिटेड (सीआईएल) की सभी अनुषंगी कंपनियों और सार्वजनिक क्षेत्र की कोयला खनन कंपनी सिंगरेनी कोलियरीज कंपनी लिमिटेड (एससीसीएल) के गैर-कार्यकारी कर्मचारियों के योगदान एवं कड़ी मेहनत को मान्यता देना और यह सुनिश्चित करना है कि उन्हें उनके प्रयासों के लिए उचित पुरस्कार मिले। पीएलआर से सीआईएल, उसकी अनुषंगी कंपनियों के करीब 2.1 लाख गैर-कार्यकारी संवर्ग के कर्मचारियों और ससीसीएल के करीब 38,000 गैर-कार्यकारी संवर्ग के कर्मचारियों को लाभ होगा। कोल इंडिया, घरेलू कोयला उत्पादन में 80 प्रतिशत से अधिक का योगदान देती है। कोयला मंत्रालय ने कहा कि कोयला उद्योग के लिए संयुक्त द्विपक्षीय समिति की मानकीकरण समिति की छठी बैठक के बाद इस प्रोत्साहन राशि की घोषणा की गई।

## सितंबर में आईपीओ बाजार गुलजार, 1997 के बाद सबसे ज्यादा निर्गम

**नई दिल्ली** सितंबर में आरंभिक सार्वजनिक निर्गम (आईपीओ) बाजार काफी गुलजार रहा है। इस महीने मुख्य बोर्ड और एसएमई प्लेटफॉर्म दोनों पर करीब तीन दशक में सबसे ज्यादा आईपीओ आए हैं। सितंबर अंत तक यानी अगले सप्ताह आने वाले चार निर्गम को जोड़ दें तो कुल 25 आईपीओ मुख्य बोर्ड में हो जाएंगे। जनवरी 1997 के बाद से किसी भी महीने में आईपीओ निर्गम की यह सबसे अधिक संख्या है। इस महीने एसएमई सेगमेंट में भी 56 आईपीओ आए हैं। वर्ष 2012 में छोटे व्यवसायों को शेयर बाजार में प्रवेश करने में मदद करने के लिए शुरू किए गए इस प्लेटफॉर्म की यह अब तक सबसे अधिक आईपीओ संख्या है। अधिकांश गतिविधियां स्मॉलकैप सेगमेंट में हुई हैं। मेनबोर्ड के निर्गम का औसत आकार लगभग 530 करोड़ रुपये है। बाजार के भागीदारों ने आईपीओ की इस बाढ़ का कारण दबी हुई मांग से लेकर नियामकीय समय सीमा तक को बताया है। विश्लेषकों के अनुसार आईपीओ बाजार में आगे भी यह तेजी बनी रह सकती है। फिलहाल 70 कंपनियां हैं, जिनकी योजना 1 लाख करोड़ रुपये से अधिक जुटाने की है। इन कंपनियों को आईपीओ के लिए भारतीय प्रतिभूति एवं विनिमय बोर्ड (सेबी) से मंजूरी मिल गई है। इसके अलावा 90 अन्य कंपनियां अनुमानित 1.6 लाख करोड़ रुपये जुटाने के लिए सेबी की मंजूरी का इंतजार कर रही हैं।

# विश्व पर्यटकों के लिये अनंत संभावनाओं का देश है भारत



ललित गर्ग

विश्व पर्यटन दिवस दुनिया के प्रमुख पर्यटन स्थलों की यात्रा के लिये तो आमंत्रित करता ही है, लेकिन भारत की विविधता और बहुसंस्कृतिवाद के कारण दुनिया के पर्यटकों के लिये विशेष आकर्षक का केन्द्र बन रहा है। जो जीवन में खुशियां एवं मुस्कान देने वाले पर्यटन के महत्व को उजागर भी करता है। आर्थिक विकास और सांस्कृतिक कूटनीति को बेहतर बनाने के लिए पर्यटन क्षेत्र को बढ़ावा देने की पहल बदलते समय के साथ विश्व पर्यटन दिवस नई पहलों, नीतिगत सुधारों और क्षेत्र की उपलब्धियों का जश्न मनाने पर ध्यान केंद्रित करने वाले दिन के रूप में विकसित हुआ है।

विश्व पर्यटन दिवस- 27 सितम्बर, 2025 इस बात का स्मरण कराता है कि पर्यटन केवल मनोरंजन का साधन भर नहीं है, बल्कि यह किसी भी राष्ट्र की आर्थिक, सामाजिक और सांस्कृतिक प्रगति का आधार स्तंभ है। इस वर्ष की थीम कुछ स्त्रोतों में 'पर्यटन और हरित निवेश' या 'पर्यटन और सतत परिवर्तन' बतायी जा रही है जिसका उद्देश्य पर्यटन को स्थिरता और समावेशिता के साथ बढ़ावा देना है। यह थीम स्थायी पर्यटन के लिए हरित निवेश की तत्काल आवश्यकता पर जोर देती है, जो समुदायों और ग्रह दोनों के लिए फायदेमंद है। जिसके माध्यम से, पर्यटन में वैश्विक सहयोग और टिकाऊ प्रथाओं को बढ़ावा दिया जाएगा, जिसमें हरित निवेश, नवीकरणीय ऊर्जा और पर्यावरणीय दुष्प्रभाव को कम करना शामिल है। यह दिवस मनाते हुए भारत की पर्यटन संभावनाओं पर चिन्तन-मंथन करना जरूरी है। क्योंकि भारत जैसे विविधताओं से भरे देश में पर्यटन की संभावनाएं अनंत हैं। यहाँ हिमालय की बफीर्ली चोटियों से लेकर गोवा और अंडमान के समुद्र तटों तक, काशी और बोधगया की आध्यात्मिक आभा से लेकर अजमेर और पुष्कर की आस्था तक, केरल के बैकवाटर्स से लेकर राजस्थान के रेगिस्तान तक हर अनुभव अपने आप में अद्वितीय है। यही कारण है कि भारत का पर्यटन उद्योग आज नई उड़ान भर रहा है और वैश्विक मानचित्र पर अपनी पहचान बना रहा है।

विश्व पर्यटन दिवस दुनिया के प्रमुख पर्यटन स्थलों की यात्रा के लिये तो आमंत्रित करता ही है, लेकिन भारत की विविधता और बहुसंस्कृतिवाद के कारण दुनिया के पर्यटकों के लिये विशेष आकर्षक का केन्द्र बन रहा है। जो जीवन में खुशियां एवं मुस्कान देने वाले पर्यटन के महत्व को उजागर भी करता है। आर्थिक विकास और सांस्कृतिक कूटनीति को बेहतर बनाने के लिए पर्यटन क्षेत्र को बढ़ावा देने की पहल बदलते समय के साथ विश्व पर्यटन दिवस नई पहलों, नीतिगत सुधारों और क्षेत्र की उपलब्धियों का जश्न मनाने पर ध्यान केंद्रित करने वाले दिन के रूप में विकसित हुआ है। इसका उद्देश्य रोजगार सृजन, विश्व मानवता को बल देना, युद्धमुक्त वातावरण और विविध वैश्विक सांस्कृतिक विरासत और डिजिटल परिवर्तन को बढ़ावा देकर विश्व समुदायों को सशक्त बनाना है।

भारत में पर्यटन के आर्थिक प्रभाव बेहद व्यापक हैं। यह भारत की जीडीपी में महत्वपूर्ण योगदान देता है और करोड़ों लोगों के लिए रोजगार का सबसे बड़ा साधन बन चुका है। गाँवों और कस्बों तक पर्यटन का असर पहुँच रहा है, जिससे स्थानीय हस्तशिल्प, लोककला और खानपान को अंतरराष्ट्रीय पहचान मिल रही है। विदेशी पर्यटक न केवल हमारी संस्कृति और आध्यात्मिकता से प्रभावित होते हैं। पर्यटन के सामाजिक प्रभाव भी उल्लेखनीय हैं। यह



सांस्कृतिक आदान-प्रदान का माध्यम बनकर विभिन्न धर्मों, भाषाओं और परंपराओं के बीच सद्भाव और भाईचारे को बढ़ाता है। महिला सशक्तिकरण और युवा उद्यमिता को पर्यटन ने नया आयाम दिया है। होम-स्टे, गाइडिंग, हस्तशिल्प और लोक-कलाओं में महिलाओं और युवाओं की सक्रिय भागीदारी से ग्रामीण अर्थव्यवस्था को बल मिल रहा है। यही नहीं, ग्रामीण पर्यटन ने गाँवों को विकास के नए अवसर प्रदान किए हैं और पलायन की समस्या को कम करने की क्षमता दिखाई है।

राजनीतिक और अंतरराष्ट्रीय परिप्रेक्ष्य से भी पर्यटन भारत की सॉफ्ट पावर को मजबूत करता है। 'इनक्रेडिबल इंडिया' और 'देखो अपना देश' जैसे अभियानों ने भारत की वैश्विक पहचान को और गहरी किया है। हाल के वर्षों में भारत ने जी-20 जैसे आयोजनों के जरिए अपने पर्यटन स्थलों की भव्यता और सांस्कृतिक विरासत को दुनिया के सामने प्रस्तुत किया, जिससे न केवल राजनीतिक विश्वास बढ़ा बल्कि भारत की सांस्कृतिक शक्ति का विस्तार भी हुआ। पड़ोसी देशों के साथ बौद्ध और आध्यात्मिक सर्किट की योजनाओं ने भारत को एशिया का आध्यात्मिक केंद्र स्थापित करने में मदद की है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने पर्यटन को भारत की शक्ति बनाने का संकल्प लिया है। उन्होंने 'भारत जोड़ो यात्रा', 'देखो अपना देश' अभियान और 'प्रोजेक्ट आध्यात्मिक सर्किट' जैसी योजनाओं के माध्यम से पर्यटन को जन-आंदोलन का रूप दिया है। योग और आयुर्वेद को विश्वभर में लोकप्रिय बनाने के उनके प्रयासों ने भारत को हेल्थ और वेलनेस टूरिज्म का प्रमुख केंद्र बना दिया है। मोदी सरकार स्मार्ट सिटी प्रोजेक्ट्स, हवाई अड्डों का विस्तार, चारधाम परियोजना, उच्च गति रेल और 'भारतमाला' जैसी योजनाएं पर्यटन को नई सुविधाओं से जोड़ रही हैं। प्रधानमंत्री का यह मानना है कि भारत का हर गाँव और हर शहर अपने आप में एक अनोखा पर्यटन स्थल है और उसकी कहानी दुनिया तक पहुँचाई जानी चाहिए।

आज जब डिजिटलाइजेशन ने पर्यटन को नई दिशा दी है, ऑनलाइन टिकटिंग, वर्चुअल टूर और एआई आधारित यात्रा मार्गदर्शन ने पर्यटन को आधुनिक युग से जोड़ दिया है। सस्टेनेबल टूरिज्म पर जोर देकर यह सुनिश्चित किया जा रहा है कि प्रकृति और संस्कृति दोनों की सुरक्षा बनी रहे। मिलेनियल्स और नई पीढ़ी अनुभव-आधारित और साहसिक पर्यटन की ओर आकर्षित हो रही है और भारत इस अवसर को भुनाने में आगे बढ़ रहा है।

भारत विश्व स्तर पर पांचवां सबसे बड़ा यात्रा और पर्यटन बाजार बनने के लिए तैयार है। भारत में पर्यटन क्षेत्र तेजी से बढ़ रहा है और 2027 तक तीसरा सबसे बड़ा घरेलू बाजार बनने की उम्मीद है। 2023 में, भारत में पर्यटन पर होने वाला खर्च 2019 के 127 बिलियन डॉलर से बढ़कर 174 बिलियन डॉलर तक पहुँच गया। सबसे ज्यादा पर्यटक तमिलनाडु, उत्तर प्रदेश, आंध्र प्रदेश, कर्नाटक और महाराष्ट्र सहित 5 राज्यों में गए, जहाँ कुल मिलाकर 65 प्रतिशत पर्यटक आए। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की दूरदर्शिता से धार्मिक पर्यटन को नये पंख लगे हैं, अयोध्या में बना भगवान श्रीराम का मन्दिर एवं प्रयागराज में आयोजित महाकुंभ ने धार्मिक पर्यटन के नये कीर्तिमान स्थापित किये हैं। धार्मिक पर्यटन आर्थिक उन्नति और सांस्कृतिक आदान-प्रदान में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। धार्मिक पर्यटन की संभावनाओं का अधिकतम लाभ लेने के लिए ऐसी सभी जगहों को बेहतरीन बुनियादी सुविधाओं, सड़क और एयर कनेक्टिविटी, आने वालों की सुरक्षा और सेवा दी जा रही है।

भारत असंख्य पर्यटन अनुभवों और मोहक स्थलों का देश है। चाहे भव्य स्मारक हों, प्राचीन मंदिर या मकबरे हों, नदी-झरने, प्राकृतिक मनोरम स्थल हो, इसके चमकीले रंगों और समृद्ध सांस्कृतिक विरासत का प्रौद्योगिकी से चलने वाले इसके वर्तमान से अटूट संबंध है। केरल, शिमला, गोवा, आगरा, राजस्थान, मध्य प्रदेश, मथुरा, काशी जैसी जगहें तो अपने विदेशी पर्यटकों के लिए हमेशा चर्चा में रहती हैं। हाल ही में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने अयोध्या एवं काशी की कायाकल्प करके दुनियाभर के पर्यटकों को अपनी ओर आकर्षित किया है। भारत में अपने लोगों के साथ लाखों विदेशी लोग प्रतिवर्ष भारत घूमने आते हैं। भारत में पर्यटन की उपयुक्त क्षमता है। यहां सभी प्रकार के पर्यटकों को चाहे वे साहसिक यात्रा पर हों, सांस्कृतिक यात्रा पर या वह तीर्थयात्रा करने आए हों या खूबसूरत समुद्री-तटों की यात्रा पर निकले हों, सबके लिए खूबसूरत जगहें हैं। दिल्ली, मुंबई, राजस्थान, मध्यप्रदेश, उत्तरप्रदेश, दक्षिण भारत के अनेक राज्यों में तो लोगों को घूमते-घूमते महीना बीत जाते हैं।

भारत अपनी समृद्ध सांस्कृतिक, ऐतिहासिक, प्राकृतिक धरोहर के कारण दुनिया के प्रमुख पर्यटन देशों में शुमार होता है। यहां के हर राज्य की अलौकिक और विलक्षण विशिष्टताएं हैं जो पर्यटकों को अपनी ओर आकर्षित करती हैं। उन पर्यटकों के लिए भारत-यात्रा का विशेष आकर्षण है जो शांत, जादुई, सौंदर्य और रोमांच की तलाश में रहते हैं। इन पर्यटकों के लिये भारत में विपुल यात्रा साहित्य अपनी एक विशेष पहचान और उपयोगिता को लेकर प्रस्तुत होता रहा है। पुखराज सेठिया की पुस्तक 'आओ घूमे अपना देश' एक सार्थक एवं उपयोगी पुस्तक है। विश्व पर्यटन दिवस हमें यह संदेश देता है कि भारत के पास विश्व को दिखाने के लिए अनंत वैभव और विविधता है। यदि हम पर्यावरण संरक्षण, आधुनिक सुविधाओं और वैश्विक मानकों को ध्यान में रखते हुए पर्यटन का विकास करें तो आने वाले समय में भारत न केवल एक पर्यटन शक्ति बनेगा बल्कि अपनी आध्यात्मिक विरासत और सांस्कृतिक धरोहर से विश्व का नेतृत्व भी करेगा।

## संपादकीय

### सुलग उठा लद्दाख

केंद्र शासित प्रदेश लद्दाख को पूर्ण राज्य का दर्जा देने की मांग को लेकर आंदोलनकारियों व पुलिस की झड़पों में चार लागों की मौत हो गई। हिंसा के बाद जलवायु कार्यकर्ता सोनम वांगचुक द्वारा लद्दाख को पूर्ण राज्य का दर्जा देने और छठी अनुसूची के विस्तार को लेकर पंद्रह दिनों से चली आ रही भूख हड़ताल भी खत्म कर दी। सरकार पूर्ण राज्य के दर्जे व छठी अनुसूची में शामिल करने को लेकर कुछ लोगों को दोषी ठहरा रही है, और कह रही है, वे बाधा उत्पन्न कर रहे हैं। केंद्र ने स्पष्ट किया कि इन विषयों पर बैठक अक्टूबर की बजाय इसी माह के अंत में की जा सकती है। आंदोलनकारी संगठनों से बातचीत भी की गई है। वांगचुक की निजी महत्त्वाकांक्षाओं के कारण लद्दाख व उसके युवाओं को भारी कीमत चुकाने की चर्चा भी गृह मंत्रालय कर रहा है। इस हिंसा को साजिश का नतीजा बताया जा रहा है, और माहौल खराब करने वालों पर कड़ी कार्रवाई की जा सकती है। लद्दाख जैसी शांत जगह में इससे पहले 1989 में बड़ी हिंसा हुई थी। वांगचुक पर आरोप है कि उन्होंने अरब स्प्रिंग और नेपाल के जेन-जी प्रदर्शनों का हवाल दिया जिससे जनता गुमराह हो सकती है। हालांकि उन्होंने युवाओं से अपील की कि हिंसा बंद करें क्योंकि इससे स्थिति खराब होगी। वांगचुक ने पांच बार भूख हड़ताल का हवाला देते हुए शांति के संदेश को असफल होते देख दुख व्यक्त किया। संविधान की छठी अनुसूची पूर्वोत्तर के राज्यों त्रिपुरा, मेघालय, मिजोरम व असम की जनजातीय आबादी के लिए बनाई गई है। इसके तहत विशेषाधिकार प्राप्त होते हैं। लद्दाख के युवाओं में आरक्षण के प्रति भी आक्रोश है। अनुसूचित जनजातियों के लिए 45प्र. से आरक्षण बढ़ा कर 84प्र. किया गया है व महिलाओं को तिहाई आरक्षण दिया गया है। आंदोलनकारी लेह व करगिल के लिए अलग-अलग लोक सभा सीटों की भी मांग कर रहे हैं। बेशक, सरकार के किसी भी निर्णय में स्थानीय जनता की मांगों व जरूरतों को तवज्जो दी जानी चाहिए। एकतरफा फैसले जनता को उकसाने वाले साबित हो सकते हैं। शांतिपूर्ण प्रदर्शनों का अधिकार देश के हर नागरिक को है पर भीड़.के उग्र होने, आगजनी, तोड़फोड़. व उन्माद फैलाने पर अंकुश रखना सरकार के लिए जरूरी है। इस इलाके के चीन के सीमा से लगे होने के चलते कोई भी बड़ा निर्णय लेने से पूर्व चौतरफा विचार-विमर्श की जरूरत को नजरंदाज नहीं किया जा सकता।

## चिंतन-मनन

### प्रयत्न में ऊब नहीं

संसार में गति के जो नियम हैं, परमात्मा में गति के ठीक उनसे उलटे नियम काम आते हैं और यहीं बड़ी मुश्किल हो जाती है। संसार में ऊबना बाद में आता है, प्रयत्न में ऊब नहीं आती। इसलिए संसार में लोग गति करते चले जाते हैं। पर परमात्मा में प्रयत्न में ऊब आती है और प्रयत्न पहले ही उबा देगा, तो आप रुक जाएंगे। कितने लोग हैं जो प्रभु की यात्रा शुरू भर करते हैं, पर कभी पूरी नहीं कर पाते। कितनी बार तय किया कि स्मरण कर लेंगे प्रभु का घड़ीभर! एकाध दिन, दो दिन। फिर ऊब गए। फिर छूट गया। कितने संकल्प, कितने निर्णय, धूल होकर पड़े हैं चारों तरफ! लोग कहते हैं कि ध्यान से कुछ हो सकेगा? मैं कहता हूं जरूर हो सकेगा। कठिनाई सिर्फ एक है, सातत्य! कितने दिन कर सकोगे? मुश्किल से कोई मिलता है, जो तीन महीने भी सतत कर पाता है। दस-पांच दिन बाद ऊब जाता है! आश्चर्य है कि मनुष्य जिंदगी भर अखबार पढ़कर नहीं ऊबता, रेडियो सुनकर नहीं ऊबता, फिल्म देखकर नहीं ऊबता, रोज वही बातें करके नहीं ऊबता। ध्यान करके क्यों ऊब जाता है? आखिर ध्यान में ऐसी क्या कठिनाई है! कठिनाई एक ही है कि संसार की यात्रा पर प्रयत्न नहीं उबाता, प्राप्ति उबाती है और परमात्मा की यात्रा पर प्रयत्न उबाता है, प्राप्ति कभी नहीं उबाती। जो पा लेता है, वह फिर कभी नहीं ऊबता। बुद्ध ज्ञान के बाद चालीस साल जिंदा थे। चालीस साल किसी ने एक बार उन्हें अपने ज्ञान से ऊबते हुए नहीं देखा। कोहनूर हीरा मिल जाता चालीस साल तो ऊब जाते। संसार का राज्य मिल जाता तो ऊब जाते। महावीर भी चालीस साल जिंदा रहे ज्ञान के बाद। निरंतर उसी ज्ञान में रमे रहे, कभी ऊबे नहीं! कभी चाहा नहीं कि कुछ और मिल जाए। परमात्मा की यात्रा पर प्राप्ति के बाद कोई ऊब नहीं है। इसलिए कृष्ण कहते हैं कि बिना ऊबे श्रम करना कर्त्तव्य है, करने योग्य है। अर्जुन कैसे माने और क्यों माने? अर्जुन तो जब प्रयास करेगा, तो ऊबेगा, थकेगा। कृष्ण कहते हैं, इसलिए धर्म में ट्रस्ट का, भरोसे का एक कीमती मूल्य है। श्रद्धा का अर्थ होता है, ट्रस्ट। उसका अर्थ होता है, कोई कह रहा है। अर्जुन भलीभांति कृष्ण को जानता है। कृष्ण को भी विचलित नहीं देखा है। कृष्ण को उदास नहीं देखा है। कृष्ण की बांसुरी से कभी दुख का स्वर निकलते नहीं देखा है। कृष्ण सदा ताजे हैं।

# ओबीसी और ईबीसी वोटों की लामवंदी की कवायद



कुमार कृष्णन

पिछले 20 सालों में जो नीतीश की खूंटा गाड़ राजनीति में पिछड़ा और अति पिछड़ा वर्ग काफी अहम रहे हैं।राहुल गांधी भी अपनी यात्रा के दौरान इसी वर्ग को साधने की कोशिश की है। पर नीतीश राजनीति के माहिर खिलाड़ी माने जाते हैं।बिहार में सत्ता की चाबी ओबीसी और ईबीसी के हाथों में ही मानी जाती है।

बिहार विधानसभा चुनाव प्रचार के लिए अपने अभियान की शुरूआत करते हुए कांग्रेस ने तथाकथित वोट चोरी , मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) और बढ़ते आर्थिक संकट को लेकर भाजपा पर चौतरफा हमला बोला और कहा कि आगामी चुनाव सरकार के भ्रष्ट शासन के अंत की शुरूआत का प्रतीक होंगे।

विपक्षी दल ने विदेश नीति को लेकर भी केंद्र की आलोचना की और आरोप लगाया कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की आलिंगनात्मक नीति उल्टी पड़ गई है, जिससे भारत कूटनीतिक रूप से अलग-थलग पड़ गया है और अपने राष्ट्रीय हितों को सुरक्षित रखने में असमर्थ हो गया है।

पटना स्थित पार्टी के सदाकत आश्रम मुख्यालय में कांग्रेस कार्य समिति (सीडब्ल्यूसी) की बैठक में किया गया। यह स्वतंत्रता के बाद बिहार में पार्टी की सर्वोच्च निर्णय लेने वाली संस्था की पहली बैठक थी।

कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे की अध्यक्षता में हुई सीडब्ल्यूसी की बैठक में दो प्रस्ताव पारित किए गए - एक राजनीतिक और दूसरा बिहार के मतदाताओं से अपील। बैठक में पूर्व पार्टी प्रमुख राहुल गांधी, कोषाध्यक्ष अजय माकन, महासचिव केसी वेणुगोपाल, सांसद राजेश रंजन उर्फ पप्पू यादव,जयराम रमेश और सचिन पायलट तथा बिहार कांग्रेस प्रमुख राजेश कुमार सहित अन्य लोग शामिल हुए। अपने उद्घाटन भाषण में खड़गे ने कहा कि भाजपा ने बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार को मानसिक रूप से सेवानिवृत्त कर दिया है और उन्हें बोझ समझती है। उन्होंने दावा किया कि आगामी विधानसभा चुनाव केंद्र में मोदी सरकार के भ्रष्ट शासन के अंत की शुरूआत होगी। उन्होंने वोट चोरी , आर्थिक मंदी, बेरोजगारी, सामाजिक ध्रुवीकरण और स्वायत्त संवैधानिक संस्थाओं को निशाना बनाने और कमजोर करने जैसे कई मुद्दों पर भाजपा पर सीधा हमला बोला।खड़गे ने कहा कि विभिन्न राज्यों से प्राप्त खुलासों पर सवालों के जवाब देने के बजाय, चुनाव आयोग हमसे हलफनामे की मांग कर रहा है।

कांग्रेस अध्यक्ष ने बिहार में मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण का जिक्र करते हुए कहा कि बिहार की तर्ज पर अब पूरे देश में लाखों लोगों के वोट हटाने की साजिश रची जा रही है।

उन्होंने कहा कि वोट चोरी का मतलब दलितों, आदिवासियों, पिछड़े वर्गों, अत्यंत पिछड़े वर्गों, अल्पसंख्यकों, कमजोरों और गरीबों के राशन, पेंशन, दवा, बच्चों की छात्रवृत्ति और परीक्षा शुल्क की चोरी है।बिहार पर ध्यान केंद्रित करते हुए खड़गे ने कहा, एनडीए गठबंधन के भीतर आंतरिक कलह अब खुले तौर पर दिखाई दे रही है। नीतीश कुमार को भाजपा ने मानसिक रूप से रिटायर कर दिया है। भाजपा अब उन्हें एक बोझ मानती है।

उन्होंने कहा, 2025 का विधानसभा चुनाव न केवल बिहार के लिए बल्कि पूरे देश के लिए मील का पत्थर साबित होगा। यह मोदी सरकार के भ्रष्ट शासन की उल्टी गिनती और अंत की शुरूआत होगी।

कांग्रेस ने बिहार में वोट चोरी और मतदाता सूची के एसआईआर मुद्दे को लेकर मोदी सरकार और चुनाव आयोग पर अपना हमला तेज कर दिया।अपने राजनीतिक प्रस्ताव में, सीडब्ल्यूसी ने कहा कि चुराए गए जनादेशों और धांधली वाली मतदाता सूचियों पर बनी सरकार की कोई नैतिक या राजनीतिक वैधता नहीं है, और दावा किया कि एसआईआर की साजिश भाजपा के टूल किट से एक और गंदी चाल थी, ताकि सत्ता पर काबिज रहने के लिए मतदाता सूचियों में हेरफेर किया जा सके।

बैठक के बाद कांग्रेस महासचिव (संचार) जयराम रमेश ने कहा कि अगले एक महीने में गांधी वोट चोरी पर और खुलासे करेंगे जो हाइड्रोजन बम, मिनी हाइड्रोजन बम, यूरेनियम बम और प्लूटोनियम बम के समान होंगे।

उन्होंने कहा, यह तो बस शुरूआत है। कर्नाटक में महादेवपुरा और अलंद से संबंधित खुलासे तो बस शुरूआत हैं, और इस प्रस्ताव में वोट चुराने के अभियान की एक लंबी कहानी है।


उन्होंने कहा कि वोट चोरी के खिलाफ 5 करोड़ हस्ताक्षर एकत्र करने का अभियान 15 सितंबर से शुरू किया गया है और यह 15 अक्टूबर तक जारी रहेगा तथा ये 5 करोड़ हस्ताक्षर चुनाव आयोग को सौंपे जाएंगे।

राजनीतिक प्रस्ताव में कांग्रेस कार्यसमिति ने कहा कि भारत का चुनाव आयोग, जो लंबे समय से हमारे जीवंत लोकतंत्र की आधारशिला रहा है, उसे सरकार का गुलाम मुखपत्र बना दिया गया है।प्रस्ताव में कहा गया, वोट चोरी और मतदाता सूची में अनियमितताओं ने हमारे लोकतंत्र की बुनियाद में जनता के विश्वास को हिला दिया है। कांग्रेस कार्यसमिति ने बेशर्मी से वोट चोरी का पदार्फाश करने और लोकतंत्र को तहस-नहस करने के इन बेशर्म प्रयासों का बहादुरी से मुकाबला करने के लिए राहुल गांधी को सलाम करने का संकल्प लिया।

प्रस्ताव में कहा गया है, यह भाजपा के लिए निर्वाचित बहुमत बनाने के लिए इस्तेमाल की गई व्यवस्थित और जानबूझकर की गई साजिश को उजागर करता है। चुराए गए जनादेश और धांधली वाली मतदाता सूचियों पर बनी सरकार की कोई नैतिक या राजनीतिक वैधता नहीं है।बिहार के मतदाताओं से अपनी अपील में कांग्रेस कार्यसमिति ने लोगों से अपने वोट की ताकत पहचानने का आग्रह किया।

कांग्रेस कार्यसमिति ने घोषणा की कि मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण की साजिश आज हमारे लोकतंत्र के लिए सबसे बड़ा खतरा है।कार्यसमिति ने कहा, जैसा कि बिहार में स्पष्ट है, इस प्रक्रिया को दलितों, ओबीसी, आदिवासियों और अल्पसंख्यकों जैसे हाशिए पर रहने वाले समुदायों के नागरिकों से उनके वोट के अधिकार को व्यवस्थित रूप से छीनने के लिए तैयार किया गया है।इसमें कहा गया है, मतदान के अधिकार पर हमले के माध्यम से यह वंचितता सरकारी कल्याणकारी योजनाओं में उनके अधिकारों के साथ-साथ संवैधानिक रूप से गारंटीकृत आरक्षण को भी छीन लेगी। जब लोगों का वोट चुराया जाता है, तो उसके साथ उनका भविष्य, उनकी गरिमा और उनके संवैधानिक अधिकार भी छीन लिए जाते हैं। बिहार में एनडीए सरकार को नोट चोर करार देते हुए कांग्रेस ने यह भी कहा कि भ्रष्टाचार और अपराध राज्य में तथाकथित डबल इंजन सरकार के दो असली इंजन साबित हुए हैं।

# एआईः अवसरों और चुनौतियों का युग



रजनीश कपूर

आज का युग तकनीकी नवाचारों का युग है, और कृत्रिम बुद्धिमत्ता (एआई) इस परिवर्तन का केंद्र बिंदु बन चुकी है। स्वास्थ्य सेवा से लेकर वित्त, शिक्षा, परिवहन और मनोरंजन तक एआई ने हर क्षेत्र में अपनी छाप छोड़ी है। लेकिन इस तकनीकी क्रांति के साथ एक गंभीर चुनौती भी उभर कर सामने आई है, रोजगार का नुकसान। जैसे-जैसे मशीनें और एल्गोरिदम मानव द्वारा किए जाने वाले कार्यों को अपने कब्जे में ले रहे हैं, लाखों कर्मचारी खुद को बेरोजगार और नई आर्थिक परिस्थितियों में अनुकूलन के लिए संघर्ष करते हुए पा रहे हैं। फिर भी, यह चुनौती एक अनूठा अवसर भी प्रदान करती है।

एआई ने उद्योगों को पहले की तुलना में कहीं अधिक तेजी और सटीकता के साथ कार्य करने में सक्षम बनाया है। स्वास्थ्य सेवा में एआई-संचालित उपकरण रोगों का शीघ्र निदान कर रहे हैं, और व्यक्तिगत उपचार योजनाएं बना रहे हैं। विनिर्माण क्षेत्र में स्वचालित मशीनें और रोबोट उत्पादन प्रक्रियाओं को तेज और लागत प्रभावी बना रहे हैं। वित्तीय क्षेत्र में एआई धोखाधड़ी का पता लगाने और निवेश रणनीतियों को अनुकूलित करने में मदद कर रहा है। यहां तक कि रचनात्मक क्षेत्रों जैसे लेखन, कला और संगीत में भी एआई नये रास्ते खोल रहा है। ये प्रगतियां न केवल उत्पादकता बढ़ा रही हैं, बल्कि उपभोक्ताओं को बेहतर सेवाएं और अनुभव भी प्रदान कर रही हैं।

हालांकि, इन फायदों के साथ एक कड़वी सच्चाई भी जुड़ी है। एआई और स्वचालन ने कई पारंपरिक नौकरियों को अप्रचलित कर दिया है। डेटा प्रविष्टि, विनिर्माण, ग्राहक सेवा और यहां तक कि कुछ विश्लेषणात्मक कार्य अब मशीनों द्वारा किए जा रहे हैं। अंतरराष्ट्रीय श्रम संगठन (आईएलओ) के अनुसार, अगले कुछ दशकों में विश्व स्तर पर लाखों नौकरियां स्वचालन के कारण खत्म हो सकती हैं। भारत जैसे देश, जहां बड़ी आबादी कार्यबल में शामिल है, में यह चुनौती और भी गंभीर है। निम्न-कौशल और मध्यम-कौशल वाली नौकरियां सबसे अधिक जोखिम में हैं। ड्राइवर, फैक्ट्री वर्कर और कॉल सेंटर कर्मचारी जैसे पेशे तेजी से मशीनों द्वारा प्रतिस्थापित किए जा रहे हैं। एआई के कारण होने वाला रोजगार नुकसान आर्थिक ही नहीं, बल्कि सामाजिक-मनोवैज्ञानिक चुनौती भी है। बेरोजगारी न केवल व्यक्तियों की आय को प्रभावित करती है, बल्कि उनके आत्मसम्मान और सामाजिक स्थिति को भी ठेस पहुंचाती है। भारत जैसे विकासशील देश, जहां पहले से ही बेरोजगारी और अंडरएंप्लॉयमेंट की समस्या है, में एआई-प्रेरित नौकरी हानि को और जटिल बना सकती है। इसके अलावाङ्क नई तकनीकों को अपनाने की गति और कौशल की कमी के बीच का अंतर बढ़ता जा रहा है। कई श्रमिकों के पास नई तकनीक सीखने के लिए आवश्यक संसाधन या अवसर नहीं हैं। परिणामस्वरूप वे आर्थिक मुख्यधारा से बाहर हो रहे हैं। इस संकट का सामना करने के लिए पुनः कौशल विकास और कौशल उन्नयन सबसे प्रभावी समाधान के रूप में उभर कर सामने आए हैं।

पुनः कौशल विकास का अर्थ है श्रमिकों को पूरी तरह से नये कौशल सिखाना जो उन्हें बदलते नौकरी बाजार में प्रासंगिक बनाए रखे। कौशल उन्नयन मौजूदा कौशलों को और उन्नत करने पर केंद्रित है ताकि श्रमिक अपनी वर्तमान भूमिकाओं में अधिक प्रभावी हो सकें। एक फैक्ट्री कर्मचारी को रोबोटिक्स या डेटा विश्लेषण में प्रशिक्षित किया जा सकता है, जबकि एक ग्राहक सेवा प्रतिनिधि को एआई-संचालित चैटबॉट्स के प्रबंधन में प्रशिक्षण दिया जा सकता है। इसके लिए सरकार को नीतियां बनानी होंगी जो प्रशिक्षण कार्यक्रमों को सुलभ और सस्ता बनाएं।

भारत में, 'स्किल इंडिया' जैसे कार्यक्रम पहले से ही इस दिशा में काम कर रहे हैं, लेकिन इनकी पहुंच और प्रभाव को और बढ़ाने की आवश्यकता है। विशेष रूप से, ग्रामीण और अर्ध-शहरी क्षेत्रों में प्रशिक्षण केंद्र स्थापित किए जाने चाहिए जहां अधिकांश निम्न-कौशल श्रमिक रहते हैं। शैक्षणिक संस्थानों को भी अपनी भूमिका निभानी होगी। स्कूलों और कॉलेजों को अपने पाठ्क्रमों को अद्यतन करना होगा ताकि वे डेटा साइंस, मशीन लर्निंग, साइबर सुरक्षा और अन्य उभरते




क्षेत्रों पर ध्यान दें।

रोजगार का नुकसान ऐसी चुनौती है जिसे नजरअंदाज नहीं किया जा सकता। हालांकि, पुनः कौशल विकास और कौशल उन्नयन के माध्यम से हम संकट को अवसर में बदल सकते हैं। भारत, जिसके पास दुनिया का सबसे अधिक युवा कार्यबल है, इस बदलाव का नेतृत्व कर सकता है बशर्ते सरकार, शैक्षणिक संस्थान और निजी क्षेत्र इसके लिए संयुक्त प्रयास करें। भारत ऐसी कार्यबल तैयार कर सकता है, जो न केवल एआई-प्रधान दुनिया में प्रासंगिक रहे, बल्कि वैश्विक अर्थव्यवस्था में भी अग्रणी भूमिका निभाए। समय की मांग है कि हम चुनौती को स्वीकार करें और समावेशी, कौशल-प्रधान भविष्य की दिशा में कदम बढ़ाएं।

(लेख में विचार निजी हैं)

## संक्षिप्त समाचार

### मलावी में पूर्व राष्ट्रपति मुथारिका ने प्रतिद्वंद्वी चकवेरा को दी मात, चुनाव जीता

**लिलोंग्वे, एजेंसी।** पूर्वी अफ्रीकी देश मलावी के पूर्व राष्ट्रपति पीटर मुथारिका ने चुनाव जीतकर मौजूदा राष्ट्रपति लाजरस चक्वेरा को पराजित कर सत्ता में वापसी की है। 85 वर्षीय मुथारिका ने 56 प्रतिशत वोट हासिल किए जबकि चक्वेरा को 33% वोट मिले। चक्वेरा ने टीवी पर भाषण देकर हार स्वीकार की। मुथारिका 2014-2020 तक राष्ट्रपति रह चुके हैं, लेकिन 2020 में ऐतिहासिक पुनर्निर्वाचन में हार गए थे। चक्वेरा की लोकप्रियता महंगाई, ईंधन व खाद्य संकट और आर्थिक संकट के कारण घटी। मुथारिका ने अर्थव्यवस्था सुधारने का वादा किया है, हालांकि उनके पिछले कार्यकाल में भ्रष्टाचार और संकटों को लेकर आलोचना हुई थी।

### यूएन में बोला चीन- कार्बन उत्सर्जन में कटौती करेंगे; नए जलवायु लक्ष्य की घोषणा की

**न्यूयार्क, एजेंसी।** संयुक्त राष्ट्र जलवायु शिखर सम्मेलन में चीन के राष्ट्रपति शी जिनपिंग ने 2035 तक उत्सर्जन में 7-10% कटौती का एलान किया है। चीन विश्व का सबसे बड़ा कार्बन उत्सर्जक है, जो वैश्विक उत्सर्जन का 31% से अधिक करता है। शी ने पवन व सौर ऊर्जा को छह गुना बढ़ाने, प्रदूषण-मुक्त वाहनों को मुख्यधारा बनाने और जलवायु अनुकूल समाज बनाने का वादा किया। यूरोपीय आयोग प्रमुख उर्सुला वॉन डेर लेयेन ने कहा कि यूरोप के उत्सर्जन 1940 से 40% घटे हैं और नवंबर की वार्ता से पहले नई योजना प्रस्तुत होगी। शी और ब्राज़ील ने अमेरिकी राष्ट्रपति ट्रंप की आलोचना भी की।

### निजी विमान वेनेजुएला में टेकऑफ के समय दुर्घटनाग्रस्त

**काराकस, एजेंसी।** वेनेजुएला की राजधानी काराकस के सिमोन बोलिवर अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे से उड़ान भरते समय एक निजी लियरजेट-55 विमान दुर्घटनाग्रस्त हो गया। वेनेजुएला की राष्ट्रीय नागरिक उड्डयन संस्थाने बताया कि विमान में मौजूद दो यात्रियों को सुरक्षित बचा लिया गया और उन्हें चिकित्सकीय देखभाल के बाद स्थिर बताया गया। यह स्पष्ट नहीं हुआ कि विमान में अन्य लोग सवार थे या नहीं। सोशल मीडिया पर साझा वीडियो में हवाई अड्डे के रनवे से धुआं उठता दिखा। फ्लाइट ट्रैकिंग वेबसाइट फ्लाइटरडार24 के अनुसार, यह विमान पिछले महीने वेनेजुएला, पनामा और क्यूबा में उड़ान भर चुका था।

### कोलंबिया खदान हादसा : 43 घंटे फंसे रहने के बाद 23 खनिकों को बचाया गया

**बोगोटा, एजेंसी।** कोलंबिया के उत्तरी एंटिओक्विया में ला रेलिक्विया सोने की खदान धंसने के कारण 23 मजदूर फंस गए थे। करीब 43 घंटे की कड़ी मशक्कत के बाद फंसे हुए श्रमिकों को सुरक्षित बाहर निकाला गया। मुख्य सुरंग सोमवार को अचानक धंस गई थी। कोलंबिया की राष्ट्रीय खनन एजेंसी ने बताया कि बचाव अभियान के दौरान मजदूरों को भोजन, पानी और वेंटिलेशन उपलब्ध कराया गया। खदान कनाडा की एरिस माइनिंग कॉर्प की जमीन पर है, लेकिन स्थानीय सहकारी द्वारा चलाई जाती है। भावुक माहौल में परिवार के लोगों ने तालियों से श्रमिकों का स्वागत किया। बता दें कि इस देश में अवैध और असुरक्षित खनन के कारण लगातार हादसे होते रहते हैं।

### पाकिस्तान की एयरलाइंस को 5 साल बाद मिली ब्रिटेन की सीधी उड़ान की अनुमति

**लंदन, एजेंसी।** ब्रिटेन ने पांच साल बाद पाकिस्तान इंटरनेशनल एयरलाइंस (पीआईए) को देश में सीधी वाणिज्यिक उड़ान संचालित करने की अनुमति दे दी है। पीआईए अब अगले महीने से मैनचेस्टर के लिए यात्री और मालवाहक उड़ानों का संचालन शुरू करेगी। एयरलाइन ने एक बयान में कहा कि जल्द ही बर्मिंघम और लंदन के लिए भी इन सेवाओं का विस्तार किया जाएगा। ब्रिटेन और यूरोपीय संघ ने 2020 में सुरक्षा चिंताओं के चलते अपने क्षेत्र में पीआईए के संचालन को निलंबित कर दिया था।

### नावों पर हमले के लिए ट्रंप के खिलाफ चले केस : कोलंबिया

**बोगोटा, एजेंसी।** कोलंबिया के राष्ट्रपति गुस्तावो पेट्रो ने इस महीने कैरिबियन सागर में नावों पर हुए घातक हमलों के लिए अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के खिलाफ आपराधिक जांच की मांग की। व्हाइट हाउस के अनुसार, ये नाव ड्रग्स ले जा रही थीं। पेट्रो ने संयुक्त राष्ट्र महासभा की वार्षिक बैठक में अपने भाषण में इन तीनों हमलों की निंदा की और ट्रंप पर गरीबी और प्रवासन को अपराध बनाने का भी आरोप लगाया।

# ट्रम्प बोले- मैं यूएन में तीन साजिशों का शिकार हुआ, यूएन से की जांच मांग

### अमेरिकी सीक्रेट सर्विस भी शामिल होगी



वॉशिंगटन, एजेंसी। अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने कहा कि मंगलवार को संयुक्त राष्ट्र में उनके साथ तीन संदिग्ध घटनाएं घटनाएं हुईं, जिनका वह शिकार बने। उन्होंने कहा कि इन घटनाओं की जांच अब सीक्रेट सर्विस करेगी। ट्रंप संयुक्त राष्ट्र महासभा (यूएनजीए) की बैठक में शामिल हुए थे, जहां उन्होंने इस संस्था की निंदा की। ट्रंप ने कहा कि यह अपनी पूरी क्षमता का उपयोग नहीं कर पाई है। उन्होंने अमेरिका के सहयोगी यूरोपीय देशों की रूस-यूक्रेन युद्ध में भूमिका और प्रवासियों को स्वीकार करने के तरीके की भी आलोनचा। उन्होंने अन्य विश्व नेताओं से कहा कि उनके देश पतन की ओर जा रहे हैं।

**जिन लोगों ने यह किया, उन्हें गिरफ्तार किया जाना चाहिए :** अपने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर ट्रंप ने संकेत दिया कि संयुक्त राष्ट्र में तीन अशुभ घटनाओं के कारण उनका मूड बहुत खराब था। उन्होंने इसे अपने खिलाफ साजिश का हिस्सा बताया। पहली घटना में जब ट्रंप और उनके साथी एस्केलेटर (चलती हुई सीढ़ी) पर थे, तो यह अचानक रुक गई। ट्रंप ने इसे एक साजिश करार दिया। संयुक्त राष्ट्र के प्रवक्ता स्टीफन दुजारिक ने बताया कि अमेरिकी प्रतिनिधिमंडल के एक वीडियोग्राफर ने गलती से एस्केलेटर के ऊपर स्थित स्टॉप मैकेनिज्म को सक्रिय कर दिया होगा। ट्रंप ने कहा, जिन लोगों ने यह किया उन्हें गिरफ्तार किया जाना चाहिए।

**फुटेज संभालकर रखे यूएन, जांच करेगी सीक्रेट सर्विसः ट्रंप :** दूसरी घटना में ट्रंप जब संयुक्त राष्ट्र में भाषण दे रहे थे, तो टेलीप्रॉम्प्टर अचानक बंद हो गया। संयुक्त राष्ट्र के एक अधिकारी ने नाम न बताने की शर्त पर कहा कि इस दावे में विरोधाभास यह है कि टेलीप्रॉम्प्टर का संचान खुद व्हाइट हाउस करता है, न कि संयुक्त राष्ट्र। ट्रंप ने दावा किया तीसरी घटना में जब वह भाषण दे रहे थे, तो उनका माइक ठीक से काम नहीं कर रहा था। उनकी बात उन्हें लोगों तक पहुंच रही थी, जिनके पास कान में लगाने वाले अनुवादक उपकरण मौजूद थे। उन्होंने कहा कि उनकी पत्नी मेलानिया ने भी उन्हें बताया कि वह उनका भाषण ठीक से सुन नहीं सकीं। अमेरिकी राष्ट्रपति ने कहा, यह कोई संयोग नहीं था। यह तीसरी साजिश थी। उन्होंने इस मामले की जांच कराने की बात कही। ट्रंप ने संयुक्त राष्ट्र से कहा कि एस्केलेटर के रुकने की फुटेज को संभालकर रखें, क्योंकि सीक्रेट सर्विस इस जांच में शामिल होगी।

संयुक्त राष्ट्र में एस्केलेटर के बंद होने की घटना आम बात है। कर्मचारियों और आगंतुकों को यह अच्छी तरह से मालूम है। हाल के महीनों में न्यूयॉर्क और जिनेवा में संयुक्त राष्ट्र कार्यालयों ने पैसे की कमी के कारण लिफ्ट और एस्केलेटर को बंद करने जैसे कदम भी उठाए हैं। यह समस्या अमेरिका से आंशिक रू से फंडिंग में देरी की वजह से है, जो संयुक्त राष्ट्र का सबसे बड़ा दाता है।

**ट्रम्प के साथ यूएन में 3 गड़बड़िया :** पहली घटनाः मुख्य फ्लोर तक जाने वाला एस्केलेटर अचानक रुक गया। ट्रम्प ने कहा कि यदि वे और मेलानिया हैंडल पकड़े नहीं रहते, तो हादसा हो सकता था। उन्होंने इसे साजिश बताया और जिम्मेदारों की गिरफ्तारी की मांग की।

**दूसरी घटनाः** 80वें यूएनजीए सत्र में भाषण शुरू करते समय टेलीप्रॉम्प्टर काम नहीं कर रहा था। ट्रम्प ने कहा, एस्केलेटर के बाद अब टेलीप्रॉम्प्टर भी खराब। यह क्या जगह है? इसके बावजूद उन्होंने बिना टेलीप्रॉम्प्टर के 57 मिनट का भाषण दिया।

**तीसरी घटनाः** भाषण के बाद सभा हॉल में साउंड सिस्टम बंद था, जिससे दुनिया के अन्य नेताओं को ट्रम्प की बात सुनने के लिए ट्रांसलेटर के ईयरपीस का सहारा लेना पड़ा। ट्रम्प ने बताया कि भाषण के बाद मेलानिया ने कहा, मैंने एक शब्द भी नहीं सुना।

# हम इजराइल से डरते हैं, सीरिया के राष्ट्रपति ने खुद कबूली ये बात



**न्यूयार्क, एजेंसी।** संयुक्त राष्ट्र महासभा में अपनी पहली ऐतिहासिक उपस्थिति दर्ज कराने के बाद, सीरिया के नए राष्ट्रपति अहमद अल-शरा ने मंगलवार को एक गंभीर चेतावनी जारी की है. उन्होंने कहा कि यदि इजरायल उनके देश की संप्रभुता का सम्मान करते हुए सुरक्षा समझौता करने में असफल रहता है, तो पूरा मध्य-पूर्व फिर से संकट के गर्त में जा सकता है. हालांकि शरा ने यह भी माना कि सीरिया इजरायल से खतरा नहीं पैदा करता बल्कि उन्हें खुद इजरायल से डर लगता है. दिसंबर में बशर अल-असद के लंबे शासन के बाद सत्ता संभालने वाले अहमद अल-शरा ने कहा कि उनकी प्राथमिकता इजरायल के साथ स्थायी और सुरक्षित समझौते पर काम करना है. उन्होंने आरोप लगाया कि इजरायल जानबूझकर बातचीत में देरी कर रहा है और उनकी सीमाओं का उल्लंघन लगातार कर रहा है. शरा ने स्पष्ट किया कि सीरिया किसी भी तरह के देश के बंटवारे को स्वीकार नहीं करेगा और उनकी सरकार ड्रूज अल्पसंख्यक सहित सभी समुदायों के हितों की रक्षा कर रही है.

शरा ने बताया कि जॉर्डन पर दबाव है और अगर सीरिया बंटा तो इसका असर इराक और तुर्की पर भी पड़ेगा, जिससे क्षेत्र में स्थिरता खतरे में पड़ सकती है. उन्होंने याद दिलाया कि सीरिया ने डेढ़ दशक के खूनी युद्ध के बाद अभी-अभी स्थिरता की ओर कदम बढ़ाए हैं. मध्यस्थता कर रहे अमेरिका के विशेष दूत टॉम बरैक ने संकेत दिए हैं कि सीरिया और इजरायल के बीच डि-एस्केलेशन यानी तनाव कम करने का समझौता करीब है. इसके तहत इजरायल हवाई हमले और घुसपैठ बंद करेगा, जबकि सीरिया सीमा के निकट कोई भारी हथियार नहीं तैनात करेगा. बरैक ने कहा कि यह समझौता दोनों देशों के बीच व्यापक सुरक्षा व्यवस्था के लिए पहला कदम होगा और सभी पक्ष अच्छे इरादों के साथ आगे बढ़ रहे हैं. गोलान हाइट्स के मुद्दे पर शरा ने कहा कि वे चाहते हैं कि इजरायल उनके क्षेत्र में तैनात सैनिकों को वापस बुलाए और हवाई हमले बंद करे. असद के शासन के पतन के बाद से इजरायल ने बार-बार सैन्य कार्रवाई की है ताकि सीरियाई सैन्य शक्ति को कम किया जा सके. साथ ही, दक्षिणी सीरिया में ड्रूज समुदाय पर हमलों को रोकने के लिए भी इजरायल ने हस्तक्षेप किया है. अमेरिका के पूर्व राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप इस सुरक्षा समझौते की घोषणा जल्द करने की इच्छा जता चुके हैं।

# यूएनजीए के दौरान मिले अमेरिका और रूस के विदेश मंत्री, जेलेंस्की ने पुतिन पर साधा निशाना

**वॉशिंगटन, एजेंसी।** संयुक्त राष्ट्र महासभा (यूएनजीए) के 80वें सत्र के दौरान अमेरिका के विदेश मंत्री मार्को रुबियो और रूस के विदेश मंत्री सर्गेई लावरोव के बीच अहम बैठक हुई। यह मुलाकात महासभा के इतर हुई, जिसकी पुष्टि रूस के विदेश मंत्रालय ने बुधवार को की। इस बीच, महासभा के दूसरे दिन दुनिया के कई प्रमुख नेताओं ने सभा को संबोधित किया, जिनमें यूक्रेन के राष्ट्रपति वोलोदिमीर जेलेंस्की, ईरान के मसूद पेजेश्कियान, अर्जेंटीना के जेवियर माईली और सीरिया के अंतरिम नेता अहमद अल-शरा शामिल रहे। खास बात यह रही कि 60 से पहले बार ऐसा हुआ कि सीरिया के किसी नेता ने संयुक्त राष्ट्र महासभा के मंच पर भाषण दिया हो।

**जेलेंस्की का संबोधन में रूस के खिलाफ सख्त संदेश :** बता दें कि महासभा के दूसरे दिन जब यूक्रेनी राष्ट्रपति जेलेंस्की सं बोधित कर रहे थे, तब रूस के खिलाफ उनका रवैया और संदेश सख्त था। उन्होंने रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन पर कड़ा हमला बोला। जेलेंस्की ने कहा कि सभा में मौजूद कई देश या तो युद्ध में हैं या उससे बाहर निकले हैं या फिर युद्ध रोकने की कोशिश कर रहे हैं या खुलकर उसकी तैयारी कर रहे हैं। हमने कल राष्ट्रपति ट्रंप से मुलाकात की और कई अन्य मजबूत नेताओं से भी बात हुई। हम सब मिलकर बहुत कुछ बदल सकते हैं। हमें जो समर्थन मिल रहा है, उसके लिए मैं आभारी हूं।

**जेलेंस्की ने सभी देशों से की अपील :** जेलेंस्की ने आगे कहा कि जी7 और जी20 जैसे समूह महत्वपूर्ण हैं, लेकिन असली जिम्मेदारी पूरे संयुक्त राष्ट्र समुदाय की है। उन्होंने सभी देशों से अपील की कि वे रूस की आक्रामकता के खिलाफ बोलें और अंतरराष्ट्रीय कानून और व्यवस्था की रक्षा में यूक्रेन का साथ दें। इस दौरान उन्होंने संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद की संरचना पर भी नाराजगी जताई, जिसमें रूस एक स्थायी सदस्य है और वीटो पावर रखता है। उन्होंने कहा कि अंतरराष्ट्रीय कानून तभी काम करता है जब आपके पास ऐसे ताकतवर दोस्त हों जो उसके लिए खड़े हों।

# पाकिस्तान की फिर किरकिरीः एआई पर चर्चा के दौरान सात बार अटके पाकिस्तानी रक्षा मंत्री



**न्यूयार्क, एजेंसी।** वैश्विक मंच पर पाकिस्तान की किरकिरी कोई नई बात नहीं है। ऐसे में एक बार फिर पाकिस्तान को इसी तरह की बेज्जती का सामना तब करना पड़ा जब पाकिस्तानी रक्षा मंत्री ख्वाजा आसिफ संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद (यूएनएससी) में आयोजित एक उच्च स्तरीय बहस के दौरान आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई) पर बोल रहे थे। इस दौरान ख्वाजा ने एक नहीं, दो नहीं कुल सात बार अटक गए, जो कि सोशल मीडिया पर चर्चा का विषय बन गया। इतना ही नहीं इस बात को लेकर वे सोशल मीडिया पर खुब ट्रोल भी हो रहे हैं।

बता दें कि ये बात तब की है जब यूएनएससी में ख्वाजा एआई को दोहरे उपयोग वाली तकनीक बताया। उन्होंने कहा कि यह जहां सामाजिक-आर्थिक तरक्की में मदद कर सकती है, वहीं इसके गलत उपयोग से असमानताएं बढ़ सकती हैं और वैश्विक शांति को खतरा हो सकता है। उन्होंने आगाह किया कि एआई के सैन्य इस्तेमाल को संयुक्त राष्ट्र चार्टर और अंतरराष्ट्रीय कानूनों के तहत पूरी तरह नियंत्रित किया जाना चाहिए।

**भारत-पाकिस्तान के हालिया संघर्ष का जिक्र :** पाकिस्तानी नेता ने आगे इशारों-इशारों में भारत-पाकिस्तान संघर्ष को लेकर भी बातें कही। उन्होंने कहा कि हालिया भारत-पाकिस्तान संघर्ष के दौरान एक परमाणु संपन्न देश ने एआई आधारित हथियारों और क्रूज मिसाइलों का इस्तेमाल किया, जो एआई के सैन्य उपयोग के खतरे को दर्शाता है।

इस दौरान आसिफ ने कहा कि ऐसी एआई तकनीकों का उपयोग, जिनमें मानव का कोई सक्रिय नियंत्रण न हो, प्रतिबंधित किया जाना चाहिए। उन्होंने खास तौर पर चेताया कि एआई आधारित हथियार और नियंत्रण प्रणालियां युद्ध की संभावनाओं को बढ़ा सकती हैं, जिससे फैसले लेने का समय कम हो जाएगा और कूटनीतिक प्रयासों का मौका घटेगा।

**सोशल मीडिया पर चर्चा का विषय बने ख्वाजा :** गौरतलब है कि संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद में पाकिस्तानी नेता ख्वाजा आसिफ ने एआई के खतरों को गंभीरता से उठाया, लेकिन उनका भाषण भाषाई गलतियों से भरपूर रहा, जिससे वैश्विक मंच पर एक बार फिर पाकिस्तान को बेज्जती का सामना करना पड़ा। सोशल मीडिया पर जारी उनके वीडियो में वे कई बार वाक्यों को दोहराते या शब्दों को गलत उच्चारित करते दिखे, जिससे उनका भाषण सोशल मीडिया पर ट्रोलिंग का कारण बन गया।

# डलास आईसीई केंद्र में गोलीबारी, एक बंदी की मौत, दो गंभीर रूप से घायल

**डलास, एजेंसी।** अमेरिका के डलास शहर में बुधवार सुबह एक हमलावर ने पास की इमारत की छत से राइफल से गोलीबारी की। गोलीबारी का निशाना अमेरिकी आव्रजन एवं सीमा शुल्क प्रवर्तन केंद्र का दफ्तर था। इस हमले में एक बंदी की मौत हो गई, जबकि परिवहन वैन में सवार दो अन्य गंभीर रूप से घायल हो गया। हमलावर ने बाद में खुद भी आत्महत्या कर ली। एक कानून प्रवर्तन अधिकारी ने संदिग्ध की पहचान 29 वर्षीय जोशुआ जहान के रूप में की है।

हमले की वजह साफ नहीं हो पाई है। स्न्नक्ष्ठ प्रमुख काश पटेल ने एक तस्वीर जारी की, जिसमें घटना स्थल से मिली गोली पर एंटी-आईसीई शब्द मार्कर से लिखा हुआ दिखाई दिया। यह घटना अमेरिका में हाल के सार्वजनिक और निशाना बनाकर किए गए हमलों में से एक है। दो हफ्ते पहले भी रूफटॉप से गोली चलाकर कंजरवेटिव नेता चार्ली किर्क की हत्या की गई थी।

**लक्षित हिंसा के रूप में की जा रही घटना की जांच :** होमलैंड सुरक्षा विभाग ने कहा, हमलावर ने आईसीआई भवन पर अंधाधुंध गोलीबारी की, जिसमें एक वैन भी निशाना बनी। उसी दौरान बंदियों को गोलियां लगीं। घायल बंदियों को अस्पताल में भर्ती कराया गया है और उनकी हालत गंभीर है। आईसीई एजेंटों को कोई चोट नहीं आई। एफबीआई ने कहा कि मामले की जांच लक्षित हिंसा के रूप में की जा रही है। प्रेस कॉन्फ्रेंस में इसके अलावा और कोई जानकारी नहीं दी गई।

**अधिकारी सहायता की कॉल पर पहुंची पुलिस :** डलास पुलिस प्रवक्ता जोनाथन ई. मानेर के मुताबिक, सुबह 6:40 बजे नॉर्थ स्टेमन्स फ्रीवे पर अधिकारी-सहायता के कॉल पर पुलिस पहुंची और पता चला कि पास की इमारत से सरकारी भवन पर गोलियां चलाई गई थीं। वेनजुएला से आए अप्रवासी एडविन कार्डोना ने बताया कि वह अपने बेटे के साथ सुबह 6:20 बजे ढ्ढष्ट्ठ बिल्डिंग में एक अपॉइंटमेंट के लिए पहुंचे थे, तभी गोलीबारी शुरू हो गई। कार्डोना ने कहा, मैं अपने परिवार के लिए डरा हुआ था, क्योंकि वे बाहर खड़े थे। शुक्र है कि उन्हें कुछ नहीं हुआ।

**कानून प्रवर्तन एजेसियों पर हमले रुकने चाहिएः वेंस :** हमले के बाद आईसीई भवन को सुरक्षित किया गया और आसपास का इलाका खाली कराया गया। हाईवे पर यातायात रोक दिया गया। हमले पर राजनीतिक प्रतिक्रियाएं भी तेज हो गईं। उपराष्ट्रपति जेडी वेंस ने सोशल मीडिया पर लिखा, कानून प्रवर्तन एजेंसियों, खासकर आईसीई, पर लगातार हो रहे हमले रुकने चाहिए। टेक्सास के रिपब्लिकन सीनेटर टेड क्रूज ने भी राजनीतिक हिंसा खत्म करने की अपील की।

# अगले महीने भारत आ सकती हैं कनाडा की विदेश मंत्री



**ओटावा, एजेंसी।** कनाडा की विदेश मंत्री अनीता आनंद अगले महीने भारत का दौरा करेंगी, जहां वह अपने भारतीय समकक्ष एस जयशंकर से मुलाकात करेंगी। 2023 में दोनों देशों के संबंधों में खटास आई थी। जिसके बाद से कनाडा के किसी विदेश मंत्री का यह पहला आधिकारिक दौरा होगा। सूत्रों ने गुरुवार को यह जानकारी दी। 2023 में कनाडा के तत्कालीन प्रधानमंत्री जस्टिन ट्रूडो ने भारत सरकार पर आरोप लगाया था कि वह खालिस्तानी आतंकवादी हरदीप सिंह निज्जर की हत्या करने की साजिश में शामिल है। इसके बाद द्विपक्षीय संबंधों में भारी गिरावट देखने को मिली। सूत्रों के मुताबिक, दौरे की तारीख अभी तय नहीं हुई है। लेकिन दोनों देशों के अधिकारी आपस में संपर्क में हैं और तारीख पर सहमति बनाने की कोशिश कर रहे हैं।

**प्रधानमंत्री मोदी की कनाडाई समकक्ष से मुलाकात :** इस साल जून में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और उनके कनाडाई समकक्ष मार्क कार्नी की मुलाकात हुई थी। इसके बाद से दोनों देशों के संबंध लगातार सुधर रहे हैं। इस मुलाकात के बाद से भारत और कनाडा ने संबंधों को सामान्य करने की दिशा में कई कदम उठाए हैं। बुधवार को भारत के नए उच्चायुक्त दिनेश पटनायक ने ओटावा में रिड्यू हॉल में औपचारिक रूप से अपना कार्यभार संभाला। इससे पहले कनाडा के कई शीर्ष अधिकारियों ने भी भारत का दौरा किया है।

**राजनयिक कर्मचारियों की बहाली की तैयारी :** पिछले हफ्ते भारत ने संकेत दिया कि वह कनाडा में अपने सभी राजनयिकों की बहाली पर विचार कर सकता है। दो साल पहले भारत ने कनाडा के दो-तिहाई राजनयिकों की कूटनीतिक सुरक्षा को हटा दिया था। जिसके बाद अक्तूबर 2023 में 41 कनाडाई अधिकारियों को भारत छोड़ने पर मजबूर होना पड़ा था। पिछले शुक्रवार को भारत के विदेश मंत्रालय ने कहा था कि दोनों देश अपने-अपने मिशनों और वाणिज्य दूतावासों में क्षमता से जुड़ी समस्याओं को रचनात्मक तरीके से हल करने पर सहमत हुए हैं।

भारत और कनाडा के संबंध उस वक्त सबसे निचले स्तर पर पहुंच गए थे, जब 2023 में तत्कालीन कनाडाई प्रधानमंत्री ट्रूडो ने निज्जर की हत्या के मामले में भारत की संलिप्तता का आरोप लगाया था। इस आरोप के बाद भारत ने कनाडा से अपने उच्चायुक्त और पांच अन्य राजनयिकों को वापस बुला लिया था। जवाब में भारत ने भी कनाडा के कई राजनयिकों को देश से निकाल दिया था। हालांकि, इस साल अप्रैल में संसदीय चुनाव में लिबरल पार्टी के नेता मार्क कार्नी की जीत के बाद संबंधों को फिर से सुधारने की प्रक्रिया शुरू हुई।

# अमेरिका बोला-भारत किसी से भी तेल खरीदे, रूस से नहीं, हम भारत को सजा नहीं देना चाहते, यूक्रेन जंग खत्म कराना मकसद

**वॉशिंगटन डीसी, एजेंसी।** अमेरिका के ऊर्जा मंत्री क्रिस राइट ने भारत से अपील की है कि वह रूस से कच्चे तेल का आयात करने पर दोबारा सोचे। न्यूयॉर्क में प्रेस कॉन्फ्रेंस के दौरान राइट ने कहा, आप दुनिया के किसी भी देश से तेल खरीद सकते हैं, बस रूस से नहीं। अमेरिका भी तेल बेचता है और बाकी देश भी। हम भारत को सजा नहीं देना चाहते, बल्कि युद्ध खत्म करना चाहते हैं और भारत के साथ अपने रिश्ते मजबूत करना चाहते हैं।

राइट ने कहा कि अमेरिका चाहता है कि भारत उसके साथ मिलकर काम करे। राइट ने कहा कि राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प भी चाहते हैं कि यह युद्ध जल्द खत्म हो। उन्होंने कहा कि ऊर्जा और व्यापार सहयोग में भारत के साथ बहुत उज्ज्वल भविष्य है, लेकिन हमें मिलकर ऐसा तरीका निकालना होगा जिससे रूस पर दबाव डाला जा सके और यह युद्ध बंद हो। राइट ने बताया कि उन्होंने हाल ही में विदेश मंत्री जयशंकर से मुलाकात की और भविष्य में सहयोग पर बातचीत शुरू की है।

**रूस ने कहा था- हमारे तेल का कोई विकल्प नहीं :** रूस ने अगस्त में कहा था कि उसके कच्चे तेल का कोई विकल्प नहीं है, क्योंकि यह सबसे सस्ता है। सीनियर रूसी डिप्लोमेट रोमन बाबुश्किन ने उस समय बताया कि भारत को रूसी तेल पर लगभग 5 प्रतिशत की छूट मिल रही थी, जिससे उसे बड़ा मुनाफा हो रहा था। बाबुश्किन ने यह भी कहा था




कि भारत समझता है कि तेल आपूर्ति बदलने का कोई विकल्प नहीं है और अमेरिका द्वारा लगाए गए दबाव को भी गलत बताया। यह बयान ऐसे समय में आया था जब भारत और अमेरिका के रिश्तों में तनाव बढ़ रहा था। अमेरिका ने रूस से तेल खरीदने के चलते भारत पर 50 प्रतिशत टैरिफ लगाया था।

**रूसी तेल खरीदने से भारत पर एक्स्ट्रा 25 प्रतिशत टैरिफ :** ट्रम्प प्रशासन अगस्त 2025 में भारत पर रूस से तेल खरीदने की वजह से भारत पर 25 प्रतिशत एक्स्ट्रा टैरिफ लगा चुका है। इससे पहले उसने 25 प्रतिशत रेसीप्रोकल यानी जैसे को तैसा टैरिफ लगाया था। इससे भारत पर कुल टैरिफ 50 प्रतिशत हो गया है।

**सस्ते रूसी तेल से भारतीय तेल कंपनियों का मुनाफा बढ़ा :** वित्त वर्ष 2020 में भारत अपनी जरूरत का केवल 1.7 प्रतिशत तेल रूस से आयात करता था। ये हिस्सेदारी वित्त वर्ष 2025 में बढ़कर 35.1 प्रतिशत हो गई है। रूस से सस्ता तेल खरीदने का फायदा ऑयल कंपनियों के मुनाफे पर भी दिखा है।

### कंपनियों की फाइलिंग के मुताबिक...

2022-23 में इंडियन ऑयल, भारत पेट्रोलियम और हिंदुस्तान पेट्रोलियम का कुल मुनाफा 3,400 करोड़ रूपए था।


2023-24 में इन तीनों सरकारी कंपनियों का मुनाफा 25 गुना बढ़ गया। तीनों ने मिलकर 86,000 करोड़ रुपए कमाए।

2024-2025 में इन कंपनियों का मुनाफा कम होकर 33,602 करोड़ रुपए हो गया, लेकिन ये 2022-23 के मुनाफे से ज्यादा है।

जानकारी

# अगर तनाव को रखना है दूर तो डाइट में शामिल करें ये पांच सुपर फूड

आज हर दूसरा व्यक्ति किसी न किसी बात को लेकर तनाव में रहता है। अगर कहा जाए कि व्यक्ति के तनाव के पीछे समस्याओं से ज्यादा उसका खान-पान जिम्मेदार है तो शायद कुछ गलत नहीं होगा। जी हां, आजकल लोग पोषण से ज्यादा स्वाद के लिए भोजन करते हैं। जबकि व्यक्ति का आहार ऐसा होना चाहिए, जो उसके शारीरिक विकास के साथ-साथ उसके मानसिक पोषण का भी ध्यान रखें। ऐसा इसलिए, क्योंकि आप जिस तरह का भोजन करेंगे, वैसी ही आपकी दिमागी सेहत होगी। तो आइए आपको बताते हैं, 5 ऐसे सुपर फूड जो आपकी दिमागी सेहत का ध्यान रखते हुए आपको स्ट्रेस से रखेंगे कोसों दूर।



## खूब पानी पीएं

आपको तनाव दूर करने के लिए सबसे पहले पानी पीने की आदत डालनी होगी। व्यक्ति को दिनभर में कम से कम 8 गिलास पानी पीना चाहिए। ऐसा करने से शरीर में डिहाइड्रेशन की समस्या नहीं होती है। हाल ही में हुए एक शोध में भी यह पाया गया कि डिहाइड्रेशन व्यक्ति के मेंटल कॉन्सेंट्रेशन लेवल को बिगाड़ देता है।

## सुबह का नाश्ता न भूलें

सुबह का नाश्ता शरीर के मेटाबॉलिज्म को बनाए रखने का काम करता है। सेहत से जुड़े एक शोध में बताया गया है कि जो लोग सुबह का नाश्ता किसी भी वजह से मिस नहीं करते हैं उनमें न करने वालों की तुलना में डिप्रेशन की संभावना 30 प्रतिशत तक कम होती है।

## विटामिन डी

विटामिन डी दिमाग और शरीर दोनों को पोषण देने का काम करता है। जिसकी वजह से व्यक्ति को डिप्रेशन यानि मानसिक परेशानियों का सामना नहीं करना पड़ता। मनोविशेषज्ञों ने पाया है कि विटामिन डी जिन लोगों में कम होता है, उनमें डिप्रेशन ज्यादा पाया जाता है। जबकि इसकी जरुरतभर भर मात्रा लेने वाले लोगों में डिप्रेशन कम होता है। विटामिन डी का सबसे अच्छा स्रोत सूरज की किरणें हैं। हफ्ते में दो बार 30 मिनट सूरज के सामने खड़े रहने से आपको इसका लाभ मिल सकेगा।

## ओमेगा 3

मूड लिफ्टिंग से परेशान लोगों को अपनी डाइट में ऐसी चीजों को शामिल करना चाहिए, जिसमें ओमेगा 3 फैटी एसिड पाया जाता हो। ओमेगा 3 फैटी एसिड अवसाद के इलाज के लिए कारगर है। ये न व्यक्ति का अवसाद दूर करता है बल्कि अस्थमा और गठिया को भी ठीक करने का काम करता है। मछली, अखरोट, अलसी के बीज, ऑलिव ऑयल और गाढ़े हरे रंग की पत्तेदार सब्जियों में ओमेगा 3 फैटी एसिड काफी मात्रा में पाया जाता हैं।

## कैफीन की मात्रा कम करें

तनाव को लाइफ से दूर भगाने के लिए आपको कैफिन से दोस्ती तोड़नी होगी, जी हां कैफीन उन लोगों में पैनिक अटैक की संभावना को बढ़ा देती है, जिनको ऐंग्जाइटी डिसऑर्डर है।



# जल्दी मोटे कैसे हों?

हम बताएंगे उपाय

आप में से कई ऐसे लोग होंगे, जिनका ऐसा मानना है कि वह कितना भी भोजन कर लें, लेकिन उनका शरीर पतला का पतला ही है। दुबले-पतले शरीर को मोटा बनाने के लिए कई तरह के उपाय करने के बाद भी अगर आप इसमें सफल नहीं हो पा रहे हैं, तो आपके लिए आज कुछ आसान उपाय बताने जा रहे हैं, जिसके नियमित प्रयोग से आपका वजन जरूर बढ़ेगा और आपको दुबले पतले शरीर से छुटकारा भी मिलेगा।

## कैलोरी के साथ उच्च मात्रा में प्रोटीन भी लें

सिर्फ कैलोरी ही आपके वजन को बढ़ाने में मदद नहीं करती। वजन को बढ़ाने के लिए सही मात्रा में प्रोटीन लेना भी बेहद जरूरी है। अंडा, मीट, मछली, चिकन, दाल, अंकुरित अनाज और डेरी उत्पाद की प्रोटीन से शरीर समृद्ध होता हैं। प्रोटीन में एमिनो एसिड होता है, जो आपकी मांसपेशियों के लिए बेहद फायदेमंद है। ये आहार आपकी मांसपेशियों को टोन और बढ़ाने के लिए बेहद लाभदायक हैं।



## स्वस्थ वसा

अच्छा वसा मांसपेशियों के विकास और हॉर्मोन्स के उत्पादन के लिए बेहद जरूरी है, जैसे टेस्टोस्टेरोन। ये मांसपेशियों के विकास और मजबूती के लिए बेहद आवश्यक है। ये मेटाबोलिक के स्तर को बढ़ाती है और इससे शरीर में बेकार वसा निकलने लगता है और अच्छा वसा जमा होता जाता है। अच्छा वसा नट्स, हरी सब्जियों, सल्मोन, अलसी के तेल, एवोकाडो के तेल और अन्य बीज से मिलता है।

## वजन बढ़ाने वाले सप्लीमेंट्स

कुछ मामलों में, डाइट और व्यायाम आपकी उम्मीदों को पूरा नहीं कर पाते और इस तरह आपका वजन वहीं का वहीं रह जाता है। इसलिए वजन को बढ़ाने के लिए दूसरा विकल्प आप चुन सकते हैं - अपने आहार के साथ साथ सप्लीमेंट्स का भी सेवन करें, जैसे प्रोटीन पाउडर जिसे आप अपने दूध में मिलाकर पी सकते हैं। ये सप्लीमेंट्स मांसपेशियों और वजन को बढ़ाने में मदद करते हैं।

**योग:** योग कई समस्याओं का इलाज करता है, जैसे तनाव, बेकार मेटाबोलिज्म और स्टामिना की कमी आदि। ये आपके वजन को बढ़ाने में भी बेहद फायदेमंद है। कई योगासन को करने से आपकी भूख बढ़ती है जैसे सर्वांगासन और पवनमुक्तासन। ये आपके पेट से संबंधित समस्याओं को ठीक करते हैं और भूख को बढ़ाते हैं।

**व्यायाम:** कमजोर मांसपेशियों में वसा जमा होने से न ही ये मजबूत होती है, बल्कि इनमे मॉस भी बढ़ता है। इसके अलावा कुछ व्यायाम भी हैं जो आपकी मांसपेशियों को बढ़ाने में मदद करेंगे।

- हर दिन दो चम्मच च्यवनप्राश खाने से आपके शरिर को रोगों से लड़ने की क्षमता बढ़ती है, तब आप जो भी भोजन करेंगे उसका सार्थक असर आपके शरिर पर पड़ेगा।
- पाचन तंत्र को बेहत बनाने के लिए मुलेठी का प्रयोग लाभदायक होता है, अगर आपका पाचन तंत्र बेहतर होगा तब आप जो भी भोजन करेंगे वो बेहतर तरीके से पचगेगा और आपके शरिर पर इसका सार्थक असर होगा।
- इसके अलावा शतावरी का प्रयोग भी पाचन तंत्र के लिए बेहतर होता, जो आपको जल्दी मोटा होने भी मदद करेगा।

हालांकि, ध्यान रखें कि बीएमआई स्केल के साथ कई समस्याएं भी होती हैं, जो केवल वजन और ऊंचाई पर आधारित होती हैं। यह मांसपेशियों से संबंधित नहीं होता है। कुछ लोग स्वाभाविक रूप से बहुत पतले होते हैं, लेकिन फिर भी स्वस्थ होते हैं। इस पैमाने के अनुसार वजन कम होने का मतलब यह नहीं है कि आपको स्वास्थ्य समस्या है।

कम वजन की समस्या 2-3 गुना लड़कियों और महिलाओं में होना अधिक आम है।

## सामान्य से कम वजन होने के कारण

कई चिकित्सकीय स्थितियां हैं जो अस्वास्थ्यकर वजन घटाने का कारण होती हैं। उनमें से कुछ इस प्रकार हैं-

**आहार-संबंधी विकार:** इसमें एनोरेक्सिया नर्वोसा की स्थिति हो सकती है, जो गंभीर मानसिक बीमारी है। इसमें व्यक्ति की अपने शरीर, भोजन और खाने की आदतों के बारे में सोचने-समझने की क्षमता बदल जाती है।

- अशवगंधा का दो चम्मच चूर्ण एक चम्मच मक्खन के साथ मिलाकर रात को सोने से पहले लेने से बेहद फायदा होता है। इसका इस्तेमाल लंबाई बढ़ाने में भी फायदेमंद साबित होता है।
- सुखी अंजीर और किशमिश को शाम में पानी में डालकर छोड़ दें और इसका सेवन सुबह करें, कुछ ही दिनों के नियमित प्रयोग से आपको जरूर लाभ होगा।
- एक गिलास दूध के साथ एक आम खाएं, अगर दिन में ऐसा दो-तीन बार करते हैं तो आपको इसका सार्थक असर सप्ताह भर में ही देखने को मिलेगा।

**थायराइड संबंधी समस्याएं:** हाइपर थायरायडिज्म (थाइरोइड हार्मोन की अधिक मात्रा) होने से चयापचय को बढ़ावा मिलता है और अस्वास्थ्यकर वजन घटने का कारण बन सकता है।

**सीलिएक रोग:** सीलिएक रोग में ग्लूटन गेहूं में पायी जाने वाली प्रोटीन) खाने से छोटी आंतों को नुकसान होता है। इस बीमारी से ग्रस्त अधिकांश लोग यह नहीं जानते कि उन्हें ये बीमारी है।

**डायबिटीज अनियंत्रित:** डायबिटीज (मुख्य रूप से टाइप 1) से भी वजन कम हो जाता है।

**कैंसर :** कैंसर ट्यूमर अक्सर बड़ी मात्रा में कैलोरी बर्न करते हैं और इसके कारण बहुत अधिक वजन कम हो जाता है।

**संक्रमण:** कुछ संक्रमण बहुत अधिक वजन कम कर सकते हैं। इनमें परजीवी, टीबी और एचआईवी-एड्स संक्रमण प्रमुख हैं। यदि आपका भी वजन कम है, तो आपको डॉक्टर के पास जाना चाहिए। यदि आपने हाल ही में बिना कोशिश किए काफी वजन कम किया है तो उपर्युक्त स्थितियां गौर करने योग्य हैं।

सुझाव




# आईलाइनर लगाना भी एक कला है

## रखें इन बातों का ध्यान

खूबसूरत दिखने के लिए हल्का सा काजल ही यूं तो काफी होता है, मगर अवसर और पहनावे को देखते हुए कई बार आंखों को आकर्षक दिखाने के लिए अतिरिक्त मेकअप करने की जरूरत होती है। ऐसे में काजल के बाद याद आता है आईलाइनर। मगर इसे इस्तेमाल करना इतना आसान नहीं है। इसके लिए कुछ बातों का ध्यान रखें-

- आंखों का मेकअप चेहरे का लुक बदल देता है। काजल के बाद अगर आईलाइनर लगा लिया जाए तो आंखें बोल उठती हैं। आजकल आईलाइनर के कई ट्रेंड्स हैं, जो लड़कियों और महिलाओं के बीच पसंद किए जा रहे हैं। रोजाना भले ही ब्लैक आईलाइनर लगाती हों, मगर बात जब पार्टी या फंक्शन की आती है तो ज्यादातर लड़कियां कलर आईलाइनर ही लगाना पसंद करती हैं। हालांकि रंग कोई भी हो इसमें सबसे ज्यादा जरूरी है कि आईलाइनर लगाया कैसे गया है। इसलिए कुछ बातों का ध्यान रखें-
- **पलकों के कोने से लगाएं:** आईलाइनर लगाते समय उसे पलकों के बाहरी कोने से लगाना शुरू करें, क्योंकि अंदर के कोने से लाइनर लगाते समय वह मोटी बन सकती है, जिससे चेहरे का लुक बिगड़ सकता है।
- **पेंसिल है बेहतर:** लिक्विड के बजाय कलर या ब्लैक आईलाइनर लगाने के लिए पेंसिल का उपयोग किया जा सकता है। इससे भी आपको पार्टी या फंक्शन में ग्लैमरस लुक मिल सकेगा। ग्लिटर हो तो ऐसा हल्के पेस्टल शेड्स गहरी और लाइट स्किन टोन के साथ मिक्स हो जाते हैं। इसलिए लाइट शेड वाले ग्लिटरी आईलाइनर का ही चुनाव करें।
- ब्लैक या रंग-बिरंगे आईलाइनर हमेशा स्किन टोन के हिसाब से लगाएं। इससे रंगत और निखर जाती है। ब्रश का ध्यान रखें आईलाइनर के लिए ब्रश के इस्तेमाल में सावधानी बरतनी चाहिए। इसके लिए एंगल्ड या पतले लाइनर ब्रश सही रहते हैं। ब्लैक और कलर्ड लाइनर, दोनों के लिए ऐसे ब्रश ठीक रहते हैं।



# टाईम पास

## आज का राशिफल

**मेष** (चू चे चो ला ली लू ले लो आ): मन प्रसन्न बना रहेगा। अचल संपति की खरीद अथवा कृषि उद्यम में रुचि पैदा होगी। परिवार के साथ मनोरांजनिक स्थल की यात्रा होगी। आपसी प्रेम-भाव में बढ़ोतरी होगी। भविष्य की योजनाओं पर विचार विमर्श होगा। अपनों का सहयोग प्राप्त होगा। सभी का सहयोग मिलेगा। शुभांक-1-3-5

**वृष** (इ उ ए ओ वा वी वू वे वो): दिन-भर का माहौल आडंबरपूर्ण और व्ययकारी होगा। वरिष्ठ लोगों से कहासुनी के कारण तनाव पैदा हो सकता है। संयमित भाषा का इस्तेमाल करें। कुछ कार्यक्रम बदलने होंगे। आवेग में आकर किये गए कार्यों का म्लान, अवसाद रहेगा। उतावलेपन से बचें। प्रेमभाव बढ़ेगा। शुभांक-3-6-9

**मिथुन** (का की कू घ ड छ के को हा): घर के सदस्य मदद करेंगे और साथ ही आर्थिक बदहाली से भी मुक्ति मिलने लगेगी। प्रियजनों से समागम का अवसर मिलेगा। मनोरथ सिद्धि का योग है। अवरुद्ध कार्य संपन्न हो जाएंगे। सभा-सोसायटी में सम्मान मिलेगा। पद-प्रतिष्ठा बढ़ाने के लिए कुछ सामाजिक कार्य संपन्न होंगे। शुभांक-5-6-7

**कर्क** (ही हू हे हो डा डी डू डे डो): सामाजिक कार्य संपन्न होंगे। प्रेमभाव बढ़ेगा। आमोद-प्रमोद का दिन होगा और व्यावसायिक प्रगति भी होगी। स्वास्थ्य और जीवन स्तर में सुधार की अपेक्षा रहेगी। ज्ञान-विज्ञान की वृद्धि होगी और सज्जनों का साथ भी रहेगा। स्त्री-संतान पक्ष का सहयोग मिलेगा। शुभांक-3-5-7

**सिंह** (मा मी मू मे मो टा टी टू टे): कुछ कार्य भी सिद्ध होंगे। व्यर्थ की भाग-दौड़ से यदि बचा ही जाए तो अच्छा है। प्रियजनों से समागम का अवसर मिलेगा। अवरुद्ध कार्य संपन्न हो जाएंगे। महत्वपूर्ण कार्य को समय पर बना लें तो अच्छा ही होगा। भाई-बहनों का प्रेम बढ़ेगा। स्वविवेक से कार्य करें। दुर्लभ स्वप्न साकार होंग। शुभांक-3-5-7

**कन्या** (टो पा पी पू ष ण ठ पे पो): आशा और उत्साह के कारण सक्रियता बढ़ेगी। आगे बढ़ने के अवसर लाभकारी सिद्ध हो रहे हैं। कुछ आर्थिक संकोच पैदा हो सकते हैं। कोई प्रिय वस्तु अथवा नवीन वस्त्राभूषण प्राप्त होंगे। सभा-गोष्ठियों में मान-सम्मान बढ़ेगा। धार्मिक आस्थाएं फलीभूत होंगी। स्त्री पक्ष का सहयोग मिलेगा शुभांक-2-5-7

**तुला** (रा री रु रे रो ता ती तू ते): व्यापार में स्थिति नरम रहेगी। शत्रुभय, चिंता, संतान को कष्ट, अपव्यय के कारण बनेंगे। भ्रातृपक्ष में विरोध होने की संभावना है। आय-व्यय समान रहेगा। स्वास्थ्य उत्तम रहेगा। व्यर्थ प्रपंच में समय नहीं गंवाकर अपने काम पर ध्यान दीजिए। मेल-मिलाप से कोशिश सफल होगी। शुभांक-2-4-6

**वृश्चिक** (तो ना नी नू ने नो य यी यू): कामकाज में आ रहा अवरोध दूर होकर प्रगति का रास्ता मिल जाएगा। मान-सम्मान में वृद्धि होगी। अच्छे कार्य के लिए रास्ते बना लेंगे। अपने हित के काम सुबह-सबेरे ही निपटा लें क्योंकि आगे कामकाज सीमित तौर पर ही बन पाएंगे। स्वास्थ्य का पाया भी कमजोर बना रहेगा। शुभांक-3-6-9


**धनु** (ये यो भा भी भू धा फा ढा भे): यात्रा प्रवास का सार्थक परिणाम मिलेगा। मेल-मिलाप से काम बनाने की कोशिश लाभ देगी। अपने काम में सुविधा मिल जाने से प्रगति होगी। समाज में मान-सम्मान बढ़ेगा। नवीन जिम्मेदारी बढ़ने के आसार रहेंगे। अपने काम को प्राथमिकता से करें चिंतनीय वातावरण से मुक्ति मिलेगी। शुभांक-4-6-8

**मकर** (भे जा जी खी खू खे खो गा गी): मेहमानों का आगमन होगा। राजकीय कार्यों से लाभ। पैतृक सम्पत्ति से लाभ। नैतिक दायरे में रहें। मेहमानों का आगमन होगा। पुरानी गलती का पश्चाताप होगा। विद्यार्थियों को लाभ। दाम्पत्य जीवन सुखद रहेगा। वाहन चालन में सावधानी बरतें। आय के अच्छे योग बनेंगे। सफलता मिलेगी। शुभांक-3-6-8

**कुंभ** (गू गे गो सा सी सू से सो दा): परिवारजन का सहयोग व समन्वय काम को बनाना आसान करेगा। समाज में मान-सम्मान बढ़ेगा। आय-व्यय की स्थिति समान रहेगी। शैक्षणिक कार्य आसानी से पूरे होते रहेंगे। स्वास्थ्य उत्तम रहेगा। व्यापार व व्यवसाय में ध्यान देने से सफलता मिलेगी। ज्ञानार्जन का वातावरण बनेगा। सफलता मिलेगी। शुभांक-3-6-8

**मीन** (दी दू थ झ ञ दे दो चा ची): अपनों का सहयोग प्राप्त होगा। शिक्षा में आशानुकूल कार्य होने में संदेह है। व्यापार व व्यवसाय में स्थिति उत्तम रहेगी। नौकरी में पदोन्नति की संभावना है। मित्रों से सावधान रहें तो ज्यादा उत्तम है। शारीरिक सुख के लिए व्यसनों का त्याग करें। इच्छित कार्य सफल होंगें। सुख-आनंद कारक समय है। शुभांक-2-4-6

## काकुरो पहेली - 2599




खाली वर्गों में 1 से 9 तक के अंक लिखकर नीचे से ऊपर व दाएं से बाएं की जोड़ हल्के रंग के आधे वर्ग की संख्या से मेल खानी चाहिए. किसी भी अंक का उस जोड़ में पुनः उपयोग नहीं किया जा सकता.

उदाहरणत:

6+8+9=23
7+8+9=24
1+2+3+4+5=15
1+2+3+4+6=16

### काकुरो - 2598 का हल



## लॉफिंग ज़ोन

एक घर से पति-पत्नी के हँसने की कुछ ज्यादा ही आवाजें आती रहती थीं। मोहल्ले के कई लोग एकत्र होकर उनके यहाँ खुशहाली का राज जानने को पहुँचे।

मोहल्ले वालों की जिज्ञासा को शांत करते हुए पति बोला- बहुत सरल है, हमारे यहाँ मेरी बीबी बेलन, चिमटा आदि फेंककर मारती है। हम लट्ठमार होली खेलते हैं...! अगर मुझे लग जाता है तो वो हँसती और नहीं लगता है तो मैं हँसता हूँ।

एक बार रीमा बन-ठनकर पिक्चर देखने जा रही थी। तभी एक सहेली मिल गई। रीमा का ठाठ-बाट देखकर बोली- 'अ...हा...आ हाथों में हीरों की चूड़ियाँ, कानों में हीरे के टॉप्स, गले में हीरों का हार, यह बनारसी साड़ी क्यों, क्या तुम्हारे पति ने नौकरी कर ली है?'

रीमा बोली- 'नहीं गीता, मैंने पति बदल लिया है।'


चमन (नरेश से)- सुना है तुमने एक उपन्यास लिखा है?

नरेश- हाँ! एक बहुत अच्छा उपन्यास लिखा तो है।

चमन- कुछ बिके भी है?

नरेश- हाँ, बिके है न..। इस उपन्यास को प्रकाशित करने में मेरी अँगूठी, स्कूटर, बीवी की चूड़ियाँ और मंगलसूत्र जैसी कई चीजें बिक गई है।

## फिल्म वर्ग पहेली- 2599



**बायें से दायें:-**

१. 'तुम्हें और क्या' गीत वाली राजेंद्र कुमार, सायरा की फिल्म-२,३,१,२
६. अमिताभ, जया भादुड़ी की 'मैं ने कहा फूलों से' गीत वाली फिल्म-२
७. 'दिल्ली की सर्दी' गीत वाली अजय देवगन, अभिषेक बच्चन, बिपाशा बसु की फिल्म-३
९. संजयदत्त, विवेक मुशरान, मनीषा कोइराला की 'आँखों में नींदें ना' गीत वाली फिल्म-३
१२. 'मार ओडारी नी कुकिए' गीत वाली मनोज बाजवेयी, उर्मिला की फिल्म-३
१५. अजय देवगन, अमीषा की 'जो पल्लू गिरा दिया' गीत वाली फिल्म-४
१७. 'मैं निकला गड्डी लेके' गीत वाली सनी देओल, अमीषा पटेल की फिल्म-३
१८. मनोजकुमार, आशा की 'लो आ गई उनकी' गीत वाली फिल्म-१,३
२१. 'कमसिन कली हूँ' गीत वाली नाना पाटेकर, पुरू राजकुमार, अनुपमा वर्मा की फिल्म-२
२५. 'पाप दी ग्रेट' में किशनकुमार के साथ नायिका कौन थी?-३
२६. 'छोड़ दे जवानी में' गीत वाली राजेश खन्ना, राखी की फिल्म-४
२७. कमल सदाना, दिव्या की 'दिल चीर के देख' गीत वाली फिल्म-२
२८. 'एक लड़की दिल से गई' गीत वाली शरदकुमार, नंदा की फिल्म-२,२

**ऊपर से नीचे:-**

१. सुनील, सुष्मिता, नम्रता की 'दोस्ती हो गई रे' गीत वाली फिल्म-३
२. 'बोल गोरी बोल' गीत वाली सुनीलदत्त, नूतन की फिल्म-३
३. फिल्म 'बाबुल' में दिलीपकुमार के साथ नायिका कौन थी-३
४. 'यारा ओ यारा इश्क ने मारा' गीत वाली अमिताभ, मौसमी की फिल्म-३
५. धर्मेन्द्र, जीनत अमान की 'हम बेवफा हरगिज न थे' गीत वाली फिल्म-४
८. फिल्म 'शारदा' में राज कपूर के साथ नायिका कौंन थी?-२
१०. ऋषिकपूर, श्रीदेवी की फिल्म-३
११. 'खोया है तूने जो' गीत वाली लक्की अली, गौरी कार्णिक की फिल्म-२
१३. 'चिनाई चुन चुन' गीत वाली फिल्म-३
१४. फरदीन खान, उर्मिला की फिल्म-३
१५. वसंत चौधरी, मोतीलाल, साधना की 'ओ सजना बरखा बहार' गीत वाली फिल्म-३
१६. संजयदत्त, नम्रता शिरोडकर की 'मेरी दुनिया है' गीत वाली फिल्म-३
१९. 'जीने की तमन्ना हो' गीत वाली फिल्म-३
२०. वी. शांताराम की 'आधा है चंद्रमा रात आधी' गीत वाली फिल्म-४
२२. 'नाजुक सी कली थी' गीत वाली अजय, मनीषा, करिश्मा की फिल्म-४
२३. 'दिल जंगली कबूतर' गीतवाली फिल्म-३
२४. नवीन निश्चल, आशा की फिल्म-३
२७. फिल्म 'क्रोध' में सुनील शेट्टी के साथ नायिका कौन थी-२

### फिल्म वर्ग पहेली- 2598

| | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| ह | म | तु | म | | बं | दि | श | | जं |
| स्ती | | म | हा | रा | जा | | रा | जा | जी |
| | दी | | न | | र | | बी | | र |
| दी | वा | ना | | जी | न | त | | क | |
| | र | | अं | त | | ला | वा | रि | स |
| आ | | दा | दा | | जो | श | | श्मा | |
| क्रो | ध | | ज | मी | र | | अ | | इं |
| श | | आ | | रा | | ज | मा | न | त |
| | म | ह | ल | | जीं | | न | | का |
| दो | स्त | | क्ष्य | | स | पू | त | | म |

## सूडोकु -2599


| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | | 1 | | | 6 | |
| | | | | | 5 | | | |
| 2 | | 3 | 9 | | | 8 | | |
| 6 | | | | | | | 5 | |
| | | | 8 | | 3 | | | |
| | 1 | | | | | | | 4 |
| | | 7 | | | 1 | 3 | | 9 |
| | | | 2 | | | | | |
| | 5 | | | 6 | | | | |

- प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरे जाने आवश्यक हैं.
- प्रत्येक आड़ी और खड़ी पंक्ति में एवं 3×3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनरावृत्ति न हो इसका विशेष ध्यान रखें.
- पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते .
- पहेली का केवल एक ही हल है.

### सूडोकु -2598 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 7 | 6 | 8 | 2 | 1 | 9 | 3 | 4 | 5 |
| 2 | 1 | 5 | 6 | 3 | 4 | 8 | 7 | 9 |
| 3 | 4 | 9 | 5 | 7 | 8 | 6 | 1 | 2 |
| 5 | 7 | 4 | 8 | 6 | 1 | 9 | 2 | 3 |
| 9 | 2 | 1 | 3 | 4 | 5 | 7 | 8 | 6 |
| 8 | 3 | 6 | 7 | 9 | 2 | 1 | 5 | 4 |
| 1 | 5 | 3 | 4 | 8 | 5 | 2 | 9 | 7 |
| 4 | 9 | 7 | 1 | 2 | 3 | 5 | 6 | 8 |
| 6 | 8 | 2 | 9 | 5 | 7 | 4 | 3 | 1 |

## शब्द पहेली - 2599



**बाएँ से दाएँ**

1.पवनपुत्र,हनुमान-3,3
5.मजार-4
8.बगीचा (अंग्रेजी में-2)
9.तहजीब,तमीज-3
10.सत्य,तेज-2
11.पतंगा-4
12.ईसाई साध्वी-2
14.इंकार करना-4
16.उत्तम,आदर्शवादी-3
18.रोमांच,उद्वेग-4
20.पागलपन,सनक-5
23.पालन-पोषण-5
26.आनंद लेना-2,2
27.बेईमानी,अमानत में खयानत-3
29.अप्रधान,गौण-4
30.ठाठ-बाट-2
32.अति काला,एक प्रकार की लकड़ी-4
33.रहस्य-2
35.गरुड़ जो रावण से लड़ा था-3
36.कमरा,रूम-2
37.जल में रहने वाला-4
38.धर्म के उपदेश देनेवाला-6

**ऊपर से नीचे**

1.पलायन करने वाला-6
2.जंगल-2
3.दांत से छोटे टुकड़े करना-4
4.जिव्हा,जीभ-3
5.घर,भवन-3
6.यात्री गाड़ी-2
7.चौबीस घंटे का समय-4
11.परीक्षण करना-4
13.भीगा हुआ-2
15.खीजना-4
17.उपस्थिती-3
18.रोमांच,उद्वेग-4
19.संपत्ति-2
21.उचित,सही-3
22.पंख,पराया-2
24.देश निर्वासन-4
25.अंगरक्षक-3,3
27.हाथी-4
28.मद,सरूर-2
29.अनुसार,समान-4
31.निगाह,दृष्टि-3
32.हथियार-3
34.पानी,नीर-2
36.सिगरेट का धुआं खींचना,सुट्टा-2

### शब्द पहेली -2598 का हल

| | | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| उ | प | चा | र | | नि | | वि | रा | स | त |
| | र | | घु | | ग | द | र | | ही | न |
| क | | | व | रा | ह | | ह | | | हा |
| म | हा | वी | र | | बा | ल | | क | मा | ई |
| जो | | रा | | ना | न | | श | | ख | |
| र | म | णी | य | ता | | भा | व | ही | न | ता |
| | न | | म | | ज | ल | | ट | | र |
| अ | का | ल | | शू | ल | | नी | र | व | ता |
| प | | | न | | प्र | ख | र | | | र |
| रा | ल | | म | हु | वा | | स | | मी | |
| ध | ड़ | क | न | | ह | | ता | र | त | म्य |

## सरहद पार से ड्रग्स व हथियारों की तस्करी में छह गिरफ्तार, 4 किलो हेरोइन व दो पिस्तौल बरामद

एजेंसी

**चंडीगढ़।** अमृतसर कमिश्नरेट पुलिस ने सरहद पार से चल रहे बड़े नशा और हथियार तस्करी नेटवर्क के छह सदस्यों को गिरफ्तार कर गिरोह को निष्क्रिय कर दिया है। इनके पास से 4.03 किलो हेरोइन और 2 अत्याधुनिक पिस्तौल बरामद की गई हैं। पंजाब के पुलिस महानिदेशक गौरव यादव ने बताया कि फिरोज़पुर के गांव मुल्ला रहीमा उताड़ निवासी जगीर सिंह उर्फ सुच्चा (35), फिरोज़पुर के गांव चाह बोहरिया निवासी अंग्रेज सिंह (20), तरनतारन के मस्तगढ़ निवासी गुरप्रीत सिंह (30), तरनतारन के मस्तगढ़ निवासी पलविंदर सिंह (35), फिरोज़पुर की चिननीवाला कैनाल कॉलोनी निवासी लखविंदर सिंह उर्फ लक्की (24) और फिरोज़पुर की नौरंग के स्याल कैनाल कॉलोनी निवासी बलजिंदर सिंह (42) को गिरफ्तार किया है। इनके पास से बरामद पिस्तौलों में एक 9 एमएम ग्लॉक और एक .30 बोर पिस्तौल शामिल है। डीजीपी गौरव यादव ने बताया कि प्रारंभिक जांच से पता चला है कि गिरफ्तार आरोपित सोशल मीडिया प्लेटफ़ॉर्मों के माध्यम से पाकिस्तान स्थित हैंडलर शाह के संपर्क में थे। उन्होंने कहा कि आरोपित फिरोज़पुर क्षेत्र में पाकिस्तानी तस्करों द्वारा ड्रोन से भेजी गई हेरोइन और हथियारों की खेप प्राप्त करते थे, जिन्हें आगे अमृतसर क्षेत्र में सप्लाई किया जाता था।

## पुलिस ने कैंट रेलवे स्टेशन के सामने होटलों में की छापेमारी, संचालकों में मचा हड़कंप

वाराणसी। पुलिस कमिश्नर मोहित अग्रवाल के निर्देश पर सिगरा एसओ संजय मिश्रा के नेतृत्व में पुलिस टीम ने कैंट रेलवे स्टेशन के सामने कई होटलों में छापेमारी की। इस कार्रवाई में रोडवेज चौकी इंचार्ज पुष्कर दुबे और सब-इंस्पेक्टर कुसुम जायसवाल समेत पूरी पुलिस टीम शामिल रही। अचानक हुई इस छापेमारी से होटल संचालकों और कर्मचारियों में हड़कंप मचा रहा। पुलिस कमिश्नर मोहित अग्रवाल के निर्देश पर सिगरा एसओ संजय मिश्रा के नेतृत्व में पुलिस टीम ने कैंट रेलवे स्टेशन के सामने कई होटलों में छापेमारी की। इस कार्रवाई में रोडवेज चौकी इंचार्ज पुष्कर दुबे और सब-इंस्पेक्टर कुसुम जायसवाल समेत पूरी पुलिस टीम शामिल रही। अचानक हुई इस छापेमारी से होटल संचालकों और कर्मचारियों में हड़कंप मचा रहा। पुलिस टीम ने स्टेशन क्षेत्र के आस-पास बने छोटे-बड़े होटलों और लॉज की तलाशी ली। इस दौरान यात्रियों के सत्यापन की प्रक्रिया भी की गई और संदिग्ध लोगों से पूछताछ की गई। बताया जा रहा है कि कुछ होटलों में उचित रजिस्टर न मिलने और नियमों के अनुपालन में लापरवाही पाए जाने पर पुलिस ने कड़ी फटकार लगाई। पुलिस कमिश्नर मोहित अग्रवाल के निर्देश पर सिगरा एसओ संजय मिश्रा के नेतृत्व में पुलिस टीम ने कैंट रेलवे स्टेशन के सामने कई होटलों में छापेमारी की। इस कार्रवाई में रोडवेज चौकी इंचार्ज पुष्कर दुबे और सब-इंस्पेक्टर कुसुम जायसवाल समेत पूरी पुलिस टीम शामिल रही।

## जलसंकट वाले क्षेत्रों में मनरेगा की 65 फीसदी राशि जल संरक्षण पर होगी खर्च: शिवराज

**नई दिल्ली।** केंद्रीय ग्रामीण विकास एवं कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान और केंद्रीय जल शक्ति मंत्री सीआर पाटिल ने कृषि भवन में महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी अधिनियम (मनरेगा) के अंतर्गत 'जल सुरक्षा पर राष्ट्रीय पहल' का शुभारंभ किया। इस अवसर पर ग्रामीण विकास राज्यमंत्री कमलेश पासवान, ग्रामीण विकास विभाग के सचिव शैलेश कुमार सिंह भी उपस्थित थे, वहीं केंद्र और राज्यों के वरिष्ठ अधिकारी तथा जिला कलेक्टर्स सहित ग्रामीण ब्लॉकों के प्रतिनिधि एवं जल संरक्षण से जुड़े गणमान्यजन बड़ी संख्या में वर्चुअल जुड़े थे। शिवराज सिंह ने कहा कि ग्रामीण विकास मंत्रालय ने मनरेगा के अंतर्गत जल सुरक्षा को एक राष्ट्रीय प्राथमिकता बनाया है, जिसके तहत देश के जल-संकटग्रस्त ग्रामीण ब्लॉकों में जल-संबंधी कार्यों को प्राथमिकता देने के लिए महात्मा गांधी नरेगा अधिनियम, 2005 की अनुसूची में संशोधन किया गया है। इस ऐतिहासिक संशोधन के अंतर्गत ग्रामीण ब्लॉकों में जल संरक्षण एवं संचयन कार्यों पर न्यूनतम व्यय को अनिवार्य रूप से सुनिश्चित करने का निर्णय लिया गया है। शिवराज सिंह ने कहा कि भूजल स्तर लगातार नीचे गिर रहा है। पानी की किल्लत दुनिया की एक बड़ी समस्या है।

## लद्दाख हिंसा पर शमा मोहम्मद बोलीं, अंतर्राष्ट्रीय साजिश के आरोप गलत

**नई दिल्ली।** लद्दाख में हुए हिंसक विरोध प्रदर्शन और भाजपा कार्यालय में आगजनी के बाद आरोप-प्रत्यारोप का दौर जारी है। कांग्रेस प्रवक्ता शमा मोहम्मद ने इस घटना के लिए भाजपा को ही जिम्मेदार बताया है। उन्होंने कहा कि लद्दाख के लोग राज्य का दर्जा चाहते हैं। पहले उनके पास राज्य था, अब वे उसे वापस चाहते हैं और विशेष दर्जा भी मांग रहे हैं। यह मांग पहले से चली आ रही है, लेकिन भाजपा ने इस पर ध्यान नहीं दिया। भाजपा वालों ने वहां के लोगों से बातचीत नहीं की और अब बोल रहे हैं कि यह अंतर्राष्ट्रीय साजिश है।हाथरस हत्याकांड को लद्दाख से जोड़ते हुए शमा मोहम्मद ने कहा कि उस समय भी उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने इसे अंतर्राष्ट्रीय साजिश बताया था, लेकिन उसके बाद सीबीआई की जांच में पता चला कि यह अंतर्राष्ट्रीय साजिश नहीं है। स्थानीय लोगों ने लड़की की हत्या की थी। मणिपुर हिंसा पर कांग्रेस प्रवक्ता ने कहा कि मणिपुर में लगातार हिंसा हो रही है।

# सामाजिक सहयोग से ही पंच परिवर्तन संभव : स्वांत रंजन

एजेंसी

**झांसी।** राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के अखिल भारतीय प्रचारक प्रमुख स्वांत रंजन ने मुख्य वक्ता के रूप में कहा कि पंच परिवर्तन में जब समाज लगता है तब यह सम्पूर्ण हो पाता है। ऋषि-मुनियों ने भारतीय संस्कृति का प्रचार प्रसार गांव-गांव तक किया। आखिर कैसे पहुंचे होंगे। गांव में जाकर हवन, यज्ञ, प्रवचन आदि किए। लोगों की जिज्ञासाओं का समाधान किया, तब जाकर लोगों के दिनचर्या में आया। रंजन पंच परिवर्तन-समाज परिवर्तन हमारी भूमिका विचार गोष्ठी में बुंदेलखंड विश्वविद्यालय के गांधी सभागार में लोगों को सम्बोधित कर रहे थे। इसमें पंच परिवर्तन (सामाजिक समरसता, कुटुम्ब प्रबोधन, स्वदेशी, पर्यावरण संरक्षण और नागरिक दायित्व) के विषय पर अतिथियों ने प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि एक मां अपने बच्चे को सिखाती है कि रात में पेड़ के पत्ते नहीं तोड़ना है। आज वैज्ञानिक इसे सिद्ध करने में जुटे हैं। पाप पुण्य की अवधारणा, सनातन संस्कृति ने



कर्म का सिद्धांत हजारों वर्ष पहले ही सिखा दिया गया। शंकराचार्य ने भगवान बुद्ध को नवम अवतार बताया। समाज को 4 मठ बनाते हुए दिशा दी। कुम्भ के आयोजन विद्वानों के जुटने और संस्कृति पर मंथन करने का कार्य शुरू हुआ। 7- 800 वर्ष तक आक्रमण हुए। संघ के संस्थापक डॉ हेडगेवारजी ने उस समय के देश के प्रति कार्य करने वाले महापुरुषों को एकत्र कर विचार विमर्श किया। देश को शक्तिशाली बनाने का विचार हुआ। नौजवान शिक्षित व संस्कारित हो तभी देश महान बन सकता है। आक्रमणों के बाद आत्मविस्मृत में चला गया। उस समय कोई अखिल भारतीय संगठन नहीं था। 1925 में समाज को जोड़ने के लिए संघ के रूप में कार्य आरम्भ किया। व्यक्ति निर्माण स्व राष्ट्र निर्माण का कार्य शुरू हुआ। गुणात्मक वृद्धि हुई। कितने असम्भव कार्य भी पूर्ण हुए। प्रचारक प्रमुख स्वांत रंजन ने कहा कि विवेकानंद स्मारक शिला समिति बनाकर स्मारक बनाने की पूरी चर्चा सभी लोगों से विस्तार से की। समाज के सभी लोगों की सहभागिता कराई गई। जम्मू कश्मीर में धारा 370 हटाई। इसके लिए डॉ श्यामाप्रसाद मुखर्जी ने कहा था कि एक देश में दो निशान, दो विधान व दो प्रधान नहीं चलेगा। जम्मू कश्मीर अध्ययन केंद्र द्वारा जनजागरण किया गया। श्रीराम जन्मभूमि का मंदिर आज हम देख पा रहे हैं। यह वर्ष संकल्प वर्ष है। समाज परिवर्तन के लिए क्या बातें हो सकती हैं। जो उनके मन में बस जाए। पंच परिवर्तन में सामान्य कार्य - पर्यावरण संरक्षण, कुटुंब प्रबोधन ,सामाजिक समरसता, नागरिक दायित्व व स्वदेशी को समाज में बिना किसी भय के स्वीकार करना ही जन जागरूकता है।

## उत्तराखंड में 5388 वक़्फ़ संपत्तियों पर अतिक्रमण का स्पष्ट रिकॉर्ड नहीं

एजेंसी

**देहरादून।** उत्तराखंड में पंजीकृत कुल 5388 वक़्फ़ संपत्तियों में से कितनी संपत्तियों पर अतिक्रमण है, इस संबंध में फिलहाल उत्तराखंड वक़्फ़ बोर्ड के पास कोई स्पष्ट जानकारी उपलब्ध नहीं है। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने अल्पसंख्यक कल्याण विभाग को निर्देश दिए हैं कि वक़्फ़ संपत्तियों का संपूर्ण ब्यौरा अद्यतन कर शीघ्र उपलब्ध कराया जाए। अल्पसंख्यक कल्याण विभाग के विशेष सचिव डॉ. पराग मधुकर धकाते की अध्यक्षता में आयोजित समीक्षा बैठक में यह तथ्य सामने आया। इस दौरान डॉ. धकाते ने वक़्फ़ संपत्तियों के समयबद्ध पंजीकरण और प्रबंधन को लेकर सख्त निर्देश जारी किए। उन्होंने कहा कि सभी वक़्फ़ संपत्तियों का रिकॉर्ड भारत सरकार के 'उम्मीद पोर्टल' पर अनिवार्य रूप से दर्ज किया जाए। साथ ही जिन मामलों से संबंधित प्रकरण न्यायालयों में लंबित हैं, उनकी प्रभावी पैरवी सुनिश्चित की जाए, ताकि अतिक्रमण पर रोक लगाई जा सके और संपत्तियों की सुरक्षा हो। डॉ. धकाते ने कहा कि मुख्यमंत्री धामी का स्पष्ट निर्देश है कि वक़्फ़ बोर्ड पारदर्शी तरीके से अद्यतन रिकॉर्ड तैयार करे और विभाग को नियमित रूप से प्रगति रिपोर्ट प्रस्तुत करे, ताकि राज्य की सभी वक़्फ़ संपत्तियों का संरक्षण और बेहतर उपयोग सुनिश्चित किया जा सके।

आधिकारिक आंकड़ों के अनुसारः-

-राज्य में सबसे अधिक वक़्फ़ संपत्तियां देहरादून जिले में 1,930, हरिद्वार में 1,721, उधमसिंह नगर में 949 और नैनीताल में 457 हैं।

-पर्वतीय जिलों में अपेक्षाकृत कम संपत्तियां दर्ज हैं। इनमें अल्मोड़ा में 94, पौड़ी में 60, टिहरी में 128, चंपावत में 13, बागेश्वर में 2 और रुद्रप्रयाग में 2 संपत्तियां शामिल हैं।

# सत्य की रक्षा करने के लिए शक्ति का होना जरूरी : आलोक कुमार

एजेंसी

**रांची।** रांची के ग्रीन होराइजन होटल में विश्व हिंदू परिषद के दुर्गावाहिनी-मातृशक्ति ने शस्त्रपूजन का कार्यक्रम आयोजित किया। कार्यक्रम का शुभारंभ दीप प्रज्वलन और शस्त्र पूजन के साथ हुआ। इस मौके पर दुर्गा वाहिनी प्रांत सह संयोजिका कीर्ति गौरव ने कार्यक्रम की भूमिका रखते हुए दुर्गावाहिनी के संगठनात्मक स्वरूप का परिचय कराया।

इस अवसर पर विश्व हिंदू परिषद के केन्द्रीय अध्यक्ष आलोक कुमार बतौर मुख्यातिथि के रूप में कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि सत्य की रक्षा करने के लिए हमारे पास शक्ति का होना जरूरी है। देश की संस्कृति पर आक्रमण के कारण माता और बहनों के रहन सहन में बदलाव आया। बहनें अपनी रक्षा के लिए पर्दा करना शुरू कर दिया। शादियां दिन की जगह रात में होनी शुरू हो गयीं। छोटी लड़की के साथ अत्याचार होना शुरू हुआ तब बाल विवाह होना शुरू हो गया। उन्होंने कहा कि जब समाज कमजोर होता है तो ये सब होता है। जब युद्ध होता था तो पुरुष भगवा कपड़ा पहन कर किले के बाहर लड़ाई करते थे




और जब वो हार या मर नहीं जाते थे तब तक लड़ाई करते थे और उनके मारने के बाद रानियां जौहर कर लेती थीं। तब उस समय से समाज में महिलाओं को अबला समझना शुरू किया गया और तब से सुरक्षा के लिए महिलाओं के साथ हमेशा किसी को रहना जरूरी कर दिया गया। समाज में महिला के कमजोर होने की बात कही जाने लगी। लेकिन इस तरह के कार्यक्रम में अपने अंदर के आत्मविश्वास को बढ़ाना होगा कि हम अकेले निकलेंगे तो शस्त्रन के साथ निकलेंगे। बिना डर भय के निकलना इस कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य है। उन्होंने कहा कि बेटियों को सिर्फ सुविधा देने से नहीं होगा उनका संस्कार, उनका इतिहास, रीति रिवाज भी सीखना होगा। कार्यक्रम को क्षेत्र प्रमुख डॉ शोभा रानी, प्रांत प्रमुख दीपा रानी और प्रांत उपाध्यक्षा रेखा जैन ने भी कार्यक्रम को संबोधित किया। उन्होंने कहा कि अधर्म के मार्ग में न ही कोई फला-फूला है और न ही किसी का कल्याण हुआ है।

# विकासशील अघले बने छत्तीसगढ़ के 13वें मुख्य सचिव, आदेश जारी

एजेंसी

**रायपुर।** वरिष्ठ आईएएस अधिकारी विकासशील अघले (1994 बैच के) छत्तीसगढ़ के अगले मुख्य सचिव होंगे। वह अमिताभ जैन की जगह लेंगे, जिनका कार्यकाल 30 सितंबर को खत्म हो रहा है। इस संबंध में गुरुवार शाम सामान्य प्रशासन ने आदेश जारी कर दिया है। राज्य शासन के सामान्य प्रशासन विभाग द्वारा जारी आदेश के अनुसार, मुख्य सचिव अमिताभ जैन 30 सितंबर 2025 को सेवानिवृत्त हो रहे हैं। उनकी जगह 1994 बैच के आईएएस अधिकारी विकास शील को नया मुख्य सचिव नियुक्त किया गया है। विकासशील एशियाई डेवलपमेंट बैंक मनीला में कार्यकारी निदेशक के पद पर तैनात थे, जहां से मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय की पहल के बाद वापस बुलाया गया था।वर्ष 1994 में भारतीय प्रशासनिक सेवा ज्वाइन करने वाले विकासशील रायपुर और बिलासपुर जैसे बड़े जिलों में कलेक्टर रहे। इसके अलावा छत्तीसगढ़ शासन में उद्योग, वित्त, स्वास्थ्य और सामान्य प्रशासन जैसे महत्वपूर्ण विभागों का दायित्व भी संभाल चुके हैं है। केंद्रीय प्रतिनियुक्ति पर रहने के दौरान उन्हें स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय और जल शक्ति मंत्रालय में वरिष्ठ पदों पर कार्य



का अनुभव मिला। जल जीवन मिशन में मिशन डायरेक्टर के रूप में उनकी भूमिका विशेष रूप से उल्लेखनीय रही। मार्च 2025 में केंद्र सरकार ने उन्हें सचिव ग्रेड के लिए एंपैनल किया। इस एंपैनलमेंट को छत्तीसगढ़ कैडर में उनकी सीनियरिटी और अनुभव के लिहाज से एक बड़ी उपलब्धि माना जाता है।छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने विकासशील को छत्तीसगढ़ वापस बुलाए जाने की पहल की थी। उनके निर्देश पर राज्य ने केंद्र सरकार को पत्र भेजा था। इसके बाद भारत सरकार के कार्मिक एवं प्रशिक्षण विभाग ने हाल ही में ,छ्क्क को पत्र लिखकर विकासशील को समय से पहले रिलीव कर दिया। विकासशील अघले की पत्नी निधि छिब्बर भी 1994 बैच की आईएएस अधिकारी हैं। वे भी केंद्रीय प्रतिनियुक्ति से मुक्त होकर छत्तीसगढ़ लौट रही हैं। दिसंबर 2020 से मुख्य सचिव पद संभाल रहे अमिताभ जैन को जून 2025 में रिटायरमेंट पर तीन माह का एक्सटेंशन मिला था, जो 30 सितंबर को खत्म होगा। माना जा रहा है कि वे अब मुख्य सूचना आयुक्त बन सकते हैं। राज्य गठन के बाद से अब तक 12 अधिकारी मुख्य सचिव रह चुके हैं। विकासशील अघले इस सूची में 13वें मुख्य सचिव होंगे। अघले का अनुभव और नेतृत्व छत्तीसगढ़ प्रशासन को नई दिशा देने वाला माना जा रहा है।

# मप्र के मुख्यमंत्री मोहन यादव की बड़ी घोषणा, सोयाबीन के लिए लागू होगी भावांतर योजना

एजेंसी

**भोपाल।** मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने सागर जिले के सुरखी विधानसभा क्षेत्र की नगर पंचायत जैसीनगर में पं. दीनदयाल उपाध्याय की जयंती पर आयोजित मुख्यमंत्री अन्न सेवा जागरूकता कार्यक्रम समारोह में किसानों के हित में बड़ी घोषणा की है। उन्होंने कहा कि किसानों का कल्याण मध्य प्रदेश सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकता है। सोयाबीन उत्पादक किसानों के लिए भावान्तर योजना लागू की जा रही है। किसानों को किसी भी हालत में घाटा नहीं होने देंगे। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि हमारी सरकार किसानों को सोयाबीन का उचित मूल्य दिलवाने के लिए प्रतिबद्ध है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने सोयाबीन के लिए एमएसपी प्रति क्विंटल 5328 रुपए घोषित की है। किसान संघों के सुझाव पर राज्य सरकार ने निर्णय लिया है कि इस वर्ष सोयाबीन के किसानों



को भावान्तर का लाभ दिया जाएगा। मुख्यमंत्री ने कहा कि किसान पहले की भांति मंडियों में सोयाबीन का विक्रय करेगा। अगर एमएसपी से कम कीमत पर सोयाबीन बिकता है तो किसानों के घाटे की भरपाई भावान्तर योजना के तहत सरकार द्वारा की जाएगी। फसल के विक्रय मूल्य और न्यूनतम समर्थन मूल्य रूस्क्क के अन्तर की राशि सीधे सरकार देगी। उन्होंने कहा कि भावांतर योजना में किसानों के पंजीयन की प्रक्रिया शीघ्र प्रारंभ की जा रही है।

मुख्यमंत्री ने बताया कि यदि मंडी में औसत गुणवत्ता की कृषि उपज का विक्रय मूल्य न्यूनतम समर्थन मूल्य से कम हो लेकिन राज्य सरकार द्वारा घोषित औसत मॉडल भाव से अधिक हो तो किसान को केवल न्यूनतम समर्थन मूल्य और वास्तविक बिक्री मूल्य के अंतर की क्षतिपूर्ति दी जाएगी। यदि मंडी में कृषि उपज का विक्रय मूल्य राज्य सरकार द्वारा घोषित औसत मॉडल भाव से भी कम हो तो किसान को न्यूनतम समर्थन मूल्य और घोषित औसत मॉडल भाव के अंतर की क्षतिपूर्ति दी जाएगी। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि पूर्व में भी फसलों की क्षति पर किसानों को राहत राशि प्रदान की गई है। किसान हितैषी निर्णय पहले भी लिए गए हैं। बाढ़ से प्रभावित किसानों को भी सहायता दी गई। सकंट की घड़ी में किसानों के साथ सरकार सदैव खड़ी है।

## धामी सरकार 27 जनवरी 2026 को मनाएगी पहला यूसीसी दिवस

एजेंसी

**देहरादून।** उत्तराखंड सरकार आगामी 27 जनवरी 2026 को पहला समान नागरिक संहिता (यूसीसी) दिवस मनाएगी। राज्य के सभी जिलाधिकारियों से यूसीसी दिवस के लिए कार्यक्रम की रूपरेखा के लिए सुझाव भी मांगे गए हैं। प्रत्येक जिलों में विवाह का पंजीकरण अनिवार्य रूप से यूसीसी के अंतर्गत कराने और लोगों को प्रोत्साहित करने के लिए विभिन्न जनजागरूकता कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। सचिवालय में सचिव गृह शैलेश बगौली ने राज्य में समान नागरिक संहिता (यूसीसी) के क्रियान्वयन की समीक्षा करते हुए सभी जिलाधिकारियों के साथ वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से की। इस दौरान सचिव ने कहा कि आगामी 27 जनवरी 2026 को पहला यूसीसी दिवस मनाया जाएगा, इसके अंतर्गत प्रत्येक जिले में यूसीसी से संबंधित विभिन्न जनजागरूकता कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। उन्होंने कहा कि सभी जिलाधिकारी विभिन्न मंचों के माध्यम से लोगों को जागरूक करें और उन्हें प्रोत्साहित करें कि अपने विवाह का पंजीकरण यूसीसी के अंतर्गत कराएं। सचिव ने यह भी कहा कि मानसून के बाद अब ग्राम स्तर तक फिर से यूसीसी से जुड़ी जानकारी का व्यापक प्रचार-प्रसार किया जाए और विशेष शिविर लगाए जाएं। जो ग्राम शत प्रतिशत विवाह पंजीकरण का लक्ष्य पूरा करें,उनके ग्राम प्रधानों को सम्मानित किया जाए। उन्होंने सभी जिलाधिकारियों को निर्देश दिया कि अगले तीन माह में शत-प्रतिशत विवाह पंजीकरण सुनिश्चित करने के लिए योजनाबद्ध तरीके से कार्य किया जाए।

# मध्य प्रदेश में राष्ट्रीय उद्यानों में हाथी महोत्सव की धूम, हाथियों का श्रृंगार कर दिया जा मनपसंद खाना

एजेंसी

**भोपाल।** मध्य प्रदेश के राष्ट्रीय उद्यानों में इन दिनों सात दिवसीय हाथी महोत्सव धूमधाम से मनाया जा रहा है। हाथियों की पूजा कर उन्हें उनके पसंद का भोजन दिया जा रहा है। उन्हें सजाकर आसपास रहने वाले लोगों के सामने दर्शन के लिए प्रस्तुत किया जा रहा है। साथ ही हाथियों के सामाजिक व्यवहार की जानकारी दी जा रही है। टाइगर रिजर्व में वन्य जीवों की ट्रैकिंग, गश्त और रेस्क्यू में हाथियों की अहम भूमिका है। आयोजन का उद्देश्य बांधवगढ़ में जंगली हाथियों के लगातार निवास करने के कारण जन-सामान्य में जागरूकता बढ़ाना तथा हाथियों की सेवा, देखभाल और संरक्षण की भावना बढ़ाना है। जनसम्पर्क अधिकारी केके जोशी ने बताया कि शहडोल के बांधवगढ़ टाइगर रिजर्व में 25 सितम्बर से 30 सितम्बर तक रामा हाथी कैम्प, ताला, बांधवगढ़ में हाथी महोत्सव का आयोजन किया जा रहा है। हाथी महोत्सव के दौरान हाथियों को पूरी तरह से विश्राम दिये जाने के साथ ही उनके मन-पसंद व्यंजन उपलब्ध कराए जा रहे हैं। पार्क प्रबंधन द्वारा इस बार हाथी



महोत्सव को हाथियों के पुनर्जीवन के लिए समर्पित किया है। कैंप में कुल 15 हाथी हैं, जिनमें नौ नर तथा छह मादा शामिल हैं। कैंप में गौतम नाम का हाथी सबसे बुजुर्ग है, जिसकी उम्र 79 वर्ष है, वह रिटायर हो चुका है, जबकि कैंप में सबसे छोटा हाथी गंगा है, जिसकी उम्र मात्र एक साल है। उन्होंने हाथी महोत्सव के दौरान हाथियों को सुबह-सुबह चरण गंगा नदी में स्नान कराया गया, जहां पानी में हाथी मस्ती करते हैं। कैंप में वापस लाकर नीम एवं आरंडी के तेल से उनकी मालिश की जाती है। वन्य-जीव विशेषज्ञ डॉक्टर्स डीवार्मिंग, पैर एवं दाँतों की देखभाल करते हैं। इस दौरान हाथियों को चंदन लगाकर सजाया गया। उन्हें पसंदीदा भोजन गन्ना, नाशपाती, नारियल, गुड़, मक्का, केला, सेव, अमरूद तथा रोटी परोसी जाती है। डॉक्टर द्वारा उनकी डाइट तय की जाती है, जिसमें खनिज आहार, पारंपरिक भोजन और ऊर्जा प्रदान करने वाले खाद्य पदार्थ शामिल किए जाते हैं।

## सीबीआई ने यूपी के मऊ में डाक विभाग के अधिकारी को रिश्वत लेते रंगे हाथों दबोचा

एजेंसी

**नई दिल्ली।** केंद्रीय अन्वेषण ब्यूरो (सीबीआई) ने उत्तर प्रदेश के मऊ जिले के मोहम्मदाबाद गोहना डाकघर में तैनात ओवरसियर त्रिभुवन यादव को 10 हजार रुपये की रिश्वत लेते हुए रंगे हाथ गिरफ्तार किया। सीबीआई ने बताया कि शिकायत मऊ जिले से ग्राम डाक सेवक, शाखा डाकघर बांदीकला आजमगढ़ डिवीजन से मिली थी। शिकायतकर्ता ने एक माह की छुट्टी ऑनलाइन पोर्टल के जरिए मांगी थी, जो ऑनलाइन संदेश के माध्यम से स्वीकृत होती है। आरोप है कि उप मंडलीय निरीक्षक (एसडीआई) ने मेल ओवरसियर के जरिए छुट्टी स्वीकृत करने और काम से मुक्त करने के बदले 10 हजार रुपये की रिश्वत की मांग की थी। इसके बाद सीबीआई ने जाल बिछाया और आरोपी मेल ओवरसियर त्रिभुवन को रिश्वत लेते गिरफ्तार कर लिया। उसे हिरासत में लेकर सक्षम न्यायालय के समक्ष पेश किया जाएगा।

# नदियां सिर्फ संसाधन नहीं, संस्कृति की धारा हैः सीआर पाटिल

एजेंसी

**नई दिल्ली।** केंद्रीय जल शक्ति मंत्री सीआर पाटिल ने कहा कि भावी पीढ़ियों के लिए नदियों का संरक्षण एक सामूहिक जिम्मेदारी है। नदियां सिर्फ संसाधन नहीं बल्कि हमारी संस्कृति की धारा है। पाटिल ने यह बात दिल्ली स्थित इंदिरा गांधी राष्ट्रीय कला केंद्र (आईजीएनसीए) की ओर से आयोजित छठे नदी उत्सव के उद्घाटन के अवसर पर कही। इस दौरान विद्वान, कलाकार, सामाजिक कार्यकर्ता और छात्र बड़ी संख्या में उपस्थित थे। महोत्सव के पहले दिन, 'रिवरस्केप डायनेमिक्स, चेंजेस एंड कंटिन्युटी' (नदी परिदृश्य गतिशीलताः परिवर्तन और निरंतरता) विषय पर एक राष्ट्रीय संगोष्ठी का आयोजन किया गया।

पाटिल ने कहा, हमारा कर्तव्य है कि हम नदियों को गंदा न करें। नदियां हमारी संस्कृति का आधार हैं। नदियां केवल संसाधन नहीं हैं, बल्कि हमारी संवेदना और संस्कृति की धारा हैं। मानवीय हस्तक्षेप ने नदियों का बहुत नुकसान किया है। उनका संरक्षण हमारी ज़िम्मेदारी है। उद्घाटन समारोह के दौरान, मंत्री ने पांचवें नदी उत्सव में प्रस्तुत किए गए शोध पत्रों के संकलन की एक पुस्तिका का लोकार्पण किया। इसके साथ ही उन्होंने एक विशेष नदी उत्सव पोर्टल का भी अनावरण किया, जो नदियों से संबंधित जानकारी और उत्सव के कार्यक्रमों को एक मंच पर लाएगा। इस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि सीआर पाटिल, आईजीएनसीए के अध्यक्ष रामबहादुर राय, विशिष्ट अतिथियों में इस्कॉन के आध्यात्मिक




नेता गौरांग दास और सामाजिक कार्यकर्ता साध्वी विशुद्धानंद (भारती दीदी) और आईजीएनसीए के सदस्य सचिव डॉ. सच्चिदानंद जोशी सहित विद्वान, कलाकार, सामाजिक कार्यकर्ता और छात्र उपस्थित थे। इस दौरान, सभी वक्ताओं ने नदियों, आध्यात्मिकता और भारतीय सभ्यता के बीच अटूट संबंधों पर अपने विचार साझा किए। रामबहादुर राय ने कहा, नदियां केवल जलधारा नहीं, बल्कि हमारी संस्कृति, आस्था और उत्तरदायित्व का प्रतीक हैं। आज जब यमुना की सफाई और तटबंध निर्माण की दिशा में ठोस कार्य हो रहे हैं, तो उसमें एक आशा दिखाई देती है। समाज को नदियों की अविरल धारा को सुरक्षित रखने के लिए सजग और सक्रिय रहना चाहिए। गौरांग दास ने कहा, नदियां केवल जलधारा नहीं, बल्कि शक्ति, ऊर्जा और जीवन की निरंतर प्रगति का प्रतीक हैं। गंगा की तरह, जो गंगोत्री से खाड़ी तक बाधाओं के बीच भी अपना मार्ग खोज लेती है, वैसे ही हमें भी जीवन की प्रतिकूलताओं में आशा और दिशा बनाए रखनी चाहिए। नदियां हमारी संस्कृति और संवेदना की धारा हैं, जो हमें सिखाती हैं कि विपत्तियों को ऊर्जा और आशा के बल पर अवसर में बदला जा सकता है।

डॉ. सच्चिदानंद जोशी ने कहा, शहरी जीवनशैली ने नदी से हमारे जुड़ाव को दूर कर दिया। जैसे-जैसे विकास की गति बढ़ी, जैसे-जैसे हम प्रकृति का दोहन करने लगे, प्रकृति से हमारा नाता टूट गया। प्रकृति से हमारा नाता उपभोक्ता का हो गया है। नदी उत्सव का उद्देश्य नदियों के प्रति भाव, उत्साह, श्रद्धा और आस्था उत्पन्न करना है। ईशान (उत्तर-पूर्व) भारत से लेकर दक्षिणी कन्याकुमारी तक की नदियों के साथ अपने अनुभव साझा करते हुए साध्वी विशुद्धानंद (भारती ठाकुर) ने कहा, लोगों को नदियों के साथ सार्थक संवाद स्थापित करना चाहिए और उनके द्वारा प्रदान की जाने वाली समृद्धि को पहचानना चाहिए। उन्होंने रेखांकित किया कि नदियों का सांस्कृतिक और आध्यात्मिक महत्व केवल एक पक्ष है, बल्कि उनकी पारिस्थितिक विविधता का अध्ययन और संरक्षण भी गंभीरता से किया जाना चाहिए।

# गैरपरंपरागत फसलों को बढ़ावा देने से सिक्किम की बागवानी में आई विविधताः शिवराज

एजेंसी

**नई दिल्ली।** केंद्रीय कृषि एवं किसान कल्याण मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने केंद्रीय कृषि विश्वविद्यालय, इम्फाल के अंतर्गत सिक्किम के बर्मीओक स्थित बागवानी महाविद्यालय के प्रशासनिक एवं शैक्षणिक भवन और वार्षिक क्षेत्रीय कार्यशाला का वर्चुअल उद्घाटन किया। कार्यक्रम में सिक्किम के राज्यपाल ओम प्रकाश माथुर, केंद्रीय कृषि एवं किसान कल्याण राज्यमंत्री भागीरथ चौधरी, सिक्किम के कृषि मंत्री पूरन कुमार गुरुंग, कुलपति डॉ. अनुपम मिश्रा सहित अन्य गणमान्यजन उपस्थित थे। शिवराज सिंह ने कहा कि मधुमक्खीपालन, मशरूम की खेती, बांस, औषधीय पौधों की रोपण



जैसी गैरपरंपरागत फसलों को बढ़ावा देने से सिक्किम की बागवानी गतिविधियों में बहुत विविधता आई है। सिक्किम एक जैविक राज्य है। केमिकल फर्टिलाइजर से दूर शुद्ध उत्पाद यहां के किसान सिक्किम ही नहीं, पूरे देश में पहुंचाने का काम कर रहे हैं। सिक्किम में खेती को आगे बढ़ाने में भारत सरकार अपनी ओर से कोई कोर-कसर नहीं छोड़ेगी। देश में जैविक उत्पादन बढ़ रहा है और यह आज की जरूरत भी है। उन्होंने कहा कि फूलों की खेती, बांस की खेती, बागवानी में किसानों की आय में वृद्धि करने की संभावना है। इसके साथ ही चौहान ने कहा कि एक चिंता यह है कि हम कैसे जैविक और प्राकृतिक खेती की ओर बढ़ें। केमिकल फर्टिलाइजर के अत्यधिक उपयोग के कारण अनेकों प्रकार के रोगों को हमने एक प्रकार से निमंत्रण दिया है। ये धरती केवल हमारी नहीं है बल्कि आने वाली हमारी पीढ़ियों के लिए भी है। अगर ऐसे ही केमिकल फर्टिलाइजर का उपयोग होता रहा तो आने वाले दिन आने वाली पीढ़ियों के लिए बहुत शुभ नहीं होंगे।

# भारत की अंडर-19 टीम ने ऑस्ट्रेलिया को 167 रनों से करारी हार दी, सीरीज में किया क्लीन स्वीप

**ब्रिसबेन (एजेंसी)।** वेदांत त्रिवेदी (86) और राहुल कुमार (62) की अर्धशतकीय पारियों के बाद खिलन पटेल (चार विकेट) और उद्धव मोहन (तीन विकेट) की घातक गेंदबाजी की बदौलत भारत की अंडर-19 टीम ने शुक्रवार को तीसरे एकदिवसीय मैच में ऑस्ट्रेलिया को 167 रनों से करारी शिकस्त दी। इसी के साथ भारतीय टीम ने तीन मैचों की सीरीज 3-0 से अपने नाम कर ली।

281 रनों के लक्ष्य का पीछा करने उतरी ऑस्ट्रेलिया की अंडर -19 को पहले ही ओवर में कनिष्क चौहान ने एलेक्स ली यंग (चार) को आउटकर पहला झटका दिया। इसके बाद उद्धव मोहन ने स्टीवन होगन (नौ), कप्तान विल मालाजचुक (15) को आउटकर ऑस्ट्रेलिया पर दबाव बनाया। टॉम होगन ने एलेक्स टर्नर के साथ चौथे विकेट के लिए 50 रन जोड़े। 20वें ओवर में कनिष्क चौहान ने एलेक्स टर्नर (32) को आउटकर ऑस्ट्रेलिया को बड़ा झटका दिया।

इसके बाद भारतीय क्षेत्ररक्षकों ने दबाव बनाते हुए टॉम होगन (28) को रन आउट कर दिया। भारतीय गेंदबाजी आक्रमण के आगे ऑस्ट्रेलिया के बल्लेबाज अधिक देर नहीं टिक सके और ऑस्ट्रेलिया की पूरी टीम 28.3 ओवर में 113 रन पर ढ़ेर हो गई। ऑस्ट्रेलिया के आठ बल्लेबाज दहाई आंकड़े तक भी नहीं पहुंच सके। भारत की ओर से खिलन पटेल ने 7.3 ओवर में 26 रन देकर (चार विकेट) लिये। उद्धव मोहन ने पांच ओवर में 26 रन देकर तीन विकेट झटके। कनिष्क चौहान ने दो बल्लेबाजों को आउट किया।

इससे पहले आज यहां भारत की अंडर-19 टीम ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करने का फैसला किया। बल्लेबाजी करने उतरी भारत को पहला झटका दूसरे ही ओवर में कप्तान आयुष म्हात्रे (चार) के रूप में लगा। इसके बाद बल्लेबाजी करने आये विहान मल्होत्रा ने वैभव सूर्यवंशी के साथ पारी को आगे बढ़ाया और स्कोर को 36 रन तक ले गये, इसी दौरान चार्ल्स लैचमुंड ने वैभव सूर्यवंशी (16) को अपना शिकार बना लिया। वेदांत त्रिवेदी ने विहान मल्होत्रा के साथ तीसरे विकेट के लिये 69 रन जोड़े। 21वें ओवर में विल मालाजचुक ने विहान मल्होत्रा (40) को आउटकर पवेलियन भेज दिया।

इसके बाद बल्लेबाजी करने आए राहुल मल्होत्रा ने वेदांत त्रिवेदी के साथ चौथे विकेट के लिए 101 रनों की शतकीय साझेदारी कर टीम के लिए बड़े स्कोर की नींव रखी। 38वें ओवर में केसी बाटर्न ने शतक की ओर बढ़ रहे वेदांत त्रिवेदी को आउट कर पवेलियन भेज दिया। वेदांत त्रिवेदी ने 92 गेंदों में आठ चौकों की मदद से 86 रनों की पारी खेली। हरवंश पंगालिया (23) पांचवें विकेट के रूप में आउट हुए। राहुल कुमार ने 84 गेंदों में छह चौकों की मदद से 62 रन बनाए।



कनिष्क चौहान (सात), अमब्रिश (एक), दीपेश देवेंद्रन दो रन बनाकर आउट हुये। भारत ने निर्धारित 50 ओवरों में नौ विकेट पर 280 रन का स्कोर बनाया। खिलन पटेल 20 रन बनाकर नाबाद रहे। ऑस्ट्रेलिया अंडर -19 टीम के लिए विल बायरोम, केसी बाटर्न ने तीन-तीन विकेट लिये। चार्ल्स लैचमुंड, बेन गॉडर्न, विल मलाजचुक ने एक-एक बल्लेबाज को आउट किया।

# चाइना ओपन में कोको गॉफ की विजयी शुरुआत, रूस की राखिमोवा को सीधे सेटों में हराया



**बीजिंग (चीनी) (एजेंसी)।** अमेरिका की दिग्गज टेनिस खिलाड़ी कोको गॉफ ने शुक्रवार को रूस की कामिला राखिमोवा को सीधे सेटों में हराकर चाइना ओपन में अपने खिताब के बचाव के अभियान की शुरुआत की। आज यहां खेले गये मुकाबले में गॉफ ने राखिमोवा को 6-4, 6-0 से हराया। 21 वर्षीय अमेरिकी टेनिस स्टार के लिए पहले सेट में युवा खिलाड़ी के खिलाफ शुरुआत थोड़ी मुश्किल रही, क्योंकि उन्हें चार ब्रेक पॉइंट का सामना करना पड़ा।

दूसरे सेट की शुरुआत में कुछ और ब्रेक पॉइंट बचाने के बाद, उन्होंने पहले दौर का मुकाबला मात्र 44 मिनट में जीत लिया। मैच के बाद गॉफ ने कहा, 'मुझे उम्मीद थी कि मुकाबला कांटे का होगा। वह एक बेहतरीन खिलाड़ी हैं और पिछले कुछ टूर्नामेंटों में उन्होंने शीर्ष खिलाड़ियों के साथ कड़ी टक्कर दी है। मैंने अपनी लय पकड़ ली और लय में आ गई।

कोई भी पहला राउंड हारना नहीं चाहता, इसलिए मुझे लगता है कि मैं थोड़ी तनाव में थी, लेकिन मैं खुद को संभालने में कामयाब रही और मुझे लगता है कि इसका असर मेरे स्कोर पर दिखा।% गॉफ का अगला मुकाबला कनाडा की विश्व नंबर 25 खिलाड़ी लेयला फर्नांडीज़ से होगा, जिन्होंने मारिया सक्कारी को 6-2, 6-0 से हराया।

# एशिया कप फाइनल में पहली बार भारत-पाकिस्तान का होगा मुकाबला

**दुबई (एजेंसी)।** एशिया कप फाइनल में रविवार को भारत और पाकिस्तान की टीमों के बीच पहली बार मुकाबला होगा। एशिया कप में ये पहली बार होगा जब फाइनल में इन दोनो टीमों में टक्कर हो रही है। इस बार दोनो टीमों के बीच लीग और सुपर फोर में भी मुकाबला हुआ था जिसमें भारतीय टीम जीती थी। अब एक बार फिर दोनों टीमें फाइनल में उतरने जा रही हैं। भारतीय टीम का लक्ष्य पाकिस्तान को हराकर रिकॉर्ड नौवीं बार विजेता बनना रहेगा। भारतीय टीम ने अभी तक अपने सभी मैच जीते हैं। ऐसे में फाइनल में भी भारतीय टीम जीत की प्रबल दावेदार मानी जा रही है। आंकड़ों पर नजर डालें तो भारतीय टीम ने एशिया कप 8 बार जीता है जबकि पाकिस्तान ने 2 बार जीता है। भारतीय टीम ने साल 1984, 1988, 1990-91, 1995, 2010, 2016, 2018 और 2023 में जीत दर्ज की जबकि पाक ने साल 2000 और 2012 में इस टूर्नामेंट को जीता था। इस बार



भारतीय टीम ने सुपर फोर में बांग्लादेश को 41 रन से हराकर फाइनल में जगह बनाई, वहीं पाकिस्तान ने बांग्लादेश को 11 रन से हराया। भारतीय टीम ने इस बार लीग और सुपर फोर के पहले ही मैच में पाक को एकतरफा अंदाज में हराया था । ऐसे में भारतीय टीम का लक्ष्य उसके खिलाफ तीसरी जीत दर्ज करना रहेगा। पाकिस्तान ने आखिरी बार 2022 में फाइनल खेला था। पाकिस्तान ने आखिरी बार 2022 में एशिया कप का फाइनल खेला था। उस संस्करण में पाकिस्तानी टीम उपविजेता रही थी। दूसरी ओर, भारत ने कोलंबो के आर प्रेमदासा स्टेडियम में एशिया कप 2023 के फाइनल में श्रीलंका को 10 विकेट से हराकर आठवी बार चैंपियन बनने का गौरव हासिल किया था.

# एशिया कप फाइनल : सूर्यकुमार पर बड़ा एक्शन, आईसीसी ने फाइनल से पहले की कार्रवाई

**स्पोर्ट्स डेस्क।** भारतीय कप्तान सूर्यकुमार यादव को पाकिस्तान के खिलाफ एशिया कप 2025 के सुपर-4 मुकाबले के लिए आचार संहिता उल्लंघन का दोषी पाया गया है। दरअसल 14 सितम्बर को खेले मैच के बाद एक बयान में उन्होंने भारत और पाकिस्तान के बीच हालिया सैन्य झड़प का हवाला दिया था।

आईसीसी की आचार संहिता के मुताबिक क्रिकेट से इतर राजनीतिक या संवेदनशील मुद्दों को जोड़कर टिप्पणी करना नियमों के खिलाफ माना जाता है। पाकिस्तान ने सूर्यकुमार के खिलाफ आईसीसी में राजनीतिक टिप्पणी करने का मामला दर्ज कराया था। सूर्यकुमार ने 14 सितंबर को चिर प्रतिद्वंद्वी पाकिस्तान पर अपनी टीम की जीत को पहलगाम आतंकी हमले के पीड़ितों और भारतीय सशस्त्र बलों को समर्पित किया था। पहलगाम पीड़ितों



के प्रति एकजुटता दिखाने के लिए टॉस के समय और मैच के बाद भारत द्वारा पाकिस्तानी खिलाड़ियों से पारंपरिक हाथ मिलाने से इनकार करने के बाद से दोनों पक्षों के बीच तनाव चरम पर है।

### 30 प्रतिशत मैच फीस का जुर्माना

मैच रेफरी ने जांच के बाद सूर्यकुमार यादव पर उनकी मैच फीस का 30 प्रतिशत जुर्माना लगाया। हालांकि यह एक लेवल-1 अपराध माना गया है, इसलिए किसी तरह का बैन या निलंबन नहीं लगाया गया। भारतीय कप्तान की सुनवाई आईसीसी मैच रेफरी रिची रिचर्डसन ने की। सूर्यकुमार ने आरोप हालांकि से इनकार किया और उन्हें टूर्नामेंट के बाकी मैचों में ऐसा कोई बयान नहीं देने को कहा गया जिसे राजनीतिक माना जा सके।

### आचार संहिता के तहत मामला

आईसीसी की आचार संहिता खिलाड़ियों को मैदान के अंदर और बाहर दोनों जगह ऐसी टिप्पणियों से बचने की सलाह देती है, जो किसी राष्ट्र, धर्म या राजनीतिक विवाद को छूती हों। सूर्यकुमार यादव ने फैसले को स्वीकार कर लिया है इसलिए अब किसी औपचारिक सुनवाई की जरूरत नहीं होगी।

### हारिस रऊफ पर भी लगा जुर्माना

वहीं भारत के खिलाफ मैच एशिया कप सुपर 4 मैच के दौरान पाकिस्तान के साहिबजादा फरहान को गोली चलाने का इशारा करके जश्न मनाने के लिए चेतावनी दी गई है। इसी के साथ ही हारिस रऊफ पर अभिषेक शर्मा के साथ आक्रामक व्यवहार के लिए उनकी मैच फीस का 30 प्रतिशत जुर्माना लगाया गया है।

# एकदिवसीय विश्वकप के लिए अभ्यास कर रही भारतीय महिला क्रिकेट टीम



नई दिल्ली। भारतीय महिला क्रिकेट टीम 30 सितंबर से शुरु हो रहे एकदिवसीय विश्वकप के लिए आजकल अभ्यास में लगी हुई है। विश्वकप भारत और श्रीलंका के मैदानों में खेला जाएगा। भारतीय टीम अभ्यास के दौरान सबसे अधिक ध्यान क्षेत्ररक्षण सुधारने पर लगा रही है। इसका कारण है कि टीम का क्षेत्ररक्षण कमजोर है और उसे इस विभाग में सुधार की जरूरत लगी है। अभ्यास सत्र का एक विडियो भी आया है। इसमें टीम वॉर्म-अप की शुरुआत फुटबॉल खेलने से करती दिखी। इसके बाद फिर उसने कैच और थ्रो का अभ्यास किया। अभ्यास सत्र का अधिकतर हिस्सा क्षेत्ररक्षण पर ही केंद्रित था जिसमें खिलाड़ी नजदीक से स्टंप्स पर हिट करती, तेजी से 'पिक और थ्रो' करती दिखीं। मैच के सामान ही तेजी से गेंद विकेटकीपर को देते दिखीं। हाल में ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ घरेलू सीरीज में भारतीय टीम का क्षेत्ररक्षण काफी कमजोर था इस कारण उसे 1-2 से हार झेलनी पड़ी थी। एकदिवसीय विश्व कप गुवाहाटी में भारत और श्रीलंका के बीच मैच 30 सितंबर को होने वाले पहले मैच से शुरू होगा। इसमें दो बार की उप विजेता भारतीय टीम का लक्ष्य अपना पहला खिताब जीतना रहेगा।

# ऑस्ट्रेलिया दौरे के लिए फिटनेस हासिल करने में लगे हैं रोहित, 10 किलो वजन घटाया



मुम्बई। भारतीय एकदिवसीय क्रिकेट टीम के कप्तान रोहित शर्मा आजकल ऑस्ट्रेलिया दौरे की तैयारियों में लगे हैं। रोहित इसी कारण फटनेस बेहतर बनाने में लगे हुए हैं। पिछले कुछ समय में बढ़ते हुए वजन को लेकर उठते हुए सवालों के कारण रोहित ने अपनी वजन भी 10 किलों घटा लिया है। भारतीय टीम अक्टूबर में ऑस्ट्रेलिया दौरे पर जाएगी। इस दौरे में रोहित के प्रशंसकों को उन्हें देखने का अवसर मिलेगा। रोहित चैम्पियंस ट्रॉफी से ही खेल से दूर हैं। ऐसे में प्रशंसक उन्हें लंबे समय के बाद किसी अंतरराष्ट्रीय मैच को खेलते हुए देखेंगे। रोहित अब केवल एकदिवसीय प्रारुप में ही खेलते हैं। ऐसे में उनका लक्ष्य ऑस्ट्रेलिया दौरे में बेहतर प्रदर्शन कर एकदिवसीय विश्वकप 2027 के लिए टीम में जगह बनाये रखना रहेगा। इस दौरान बढ़ती उम्र में फिटनेस बनाये रखना उनके लिए सबसे कठिन होगा। भारतीय टीम के पूर्व बल्लेबाजी कोच अभिषेक नायर ने रोहित के नये लुक ककी तस्वीर साझा करते हुए लिखा है कि उन्होंने आना वजन 10 किलोग्राम कम किया है। उन्होंने रोहित के अभ्यास सत्र की एक तस्वीर भी साझा करते हुए लिखा है कि दस किलो वजन कम करने के बाद भी काम में लगे हुए हैं। गौरतब है कि भारत और ऑस्ट्रेलिया के बीच तीन मैचों की एकदिवसीय सीरीज अगले महीने 19 अक्टूबर से शुरु होगी। इसके साथ करीब सात माह के बाद रोहित एक बार फिर अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट खेलते हुए दिखाई देंगे। वह पिछली बार मार्च में आखिरी बार अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट खेलते हुए दिखाई दिए थे। आईसीसी चैंपियंस ट्रॉफी का फाइनल उनका आखिरी मैच था।

# शोएब अख्तर ने एशिया कप फाइनल से पहले पाकिस्तान टीम को दिया जीत का फॉर्मूला

**स्पोर्ट्स डेस्क।** एशिया कप 2025 का महामुकाबला तय हो चुका है। भारत और पाकिस्तान तीसरी बार आमने-सामने होंगे, लेकिन इस बार दांव कहीं ज्यादा बड़ा है ट्रॉफी का। भारत दोनों पिछली भिड़ंत में बाज़ी मार चुका है, जबकि पाकिस्तान ने बांग्लादेश को हराकर शानदार अंदाज़ में फाइनल का टिकट कटाया। ऐसे माहौल में पाकिस्तान के दिग्गज तेज़ गेंदबाज शोएब अख्तर ने अपनी टीम को खास सलाह दी है।



### पाकिस्तान को मानसिकता बदलनी होगी

रावलपिंडी एक्सप्रेस शोएब अख्तर ने 'गेम ऑन है' शो में कहा कि पाकिस्तान को मानसिकता बदलनी होगी। अख्तर का मानना है कि भारतीय खिलाड़ियों का दबदबा पाकिस्तानी टीम पर असर डालता है और इसे तोड़ना ही सबसे बड़ी चुनौती होगी। उन्होंने कहा, 'इस मानसिकता से बाहर निकलो, उनके आभामंडल को किनारे रखो। बस उनके आभामंडल को तोड़ दो। वही रवैया अपनाओ जो बांग्लादेश के खिलाफ दिखाया था। तुम्हें 20 ओवर बस निकालने नहीं हैं, तुम्हें विकेट लेने हैं।'

### अभिषेक शर्मा पर नजर

रणनीति के तौर पर अख्तर ने साफ कहा कि पाकिस्तान को भारत के युवा ओपनर अभिषेक शर्मा पर फोकस करना होगा। अख्तर के मुताबिक अभिषेक को जल्दी आउट कर दिया गया तो भारत दबाव में आ जाएगा और पाकिस्तानी गेंदबाजों के लिए मौके खुलेंगे। उन्होंने कहा, 'मेरी बात याद रखना, अगर अभिषेक शर्मा पहले दो ओवरों में आउट हो गए तो भारत मुश्किल में पड़ जाएगा। उन्हें शुरुआती बढ़त वही देता है। हां, वह गलत टाइमिंग करेंगे, बस आपको पूरा दम लगाना होगा।'

### भारत पाकिस्तान के खिलाफ अलग खेलता है

गंभीर के अनुभव साझा करते हुए अख्तर ने कहा, 'मैं गौतम गंभीर को जानता हूं। वह अपनी टीम से हमेशा कहते हैं, पाकिस्तान के खिलाफ अपना सर्वश्रेष्ठ दो। पाकिस्तान चाहे लीग स्टेज में ढीला खेले, लेकिन जैसे ही फाइनल आता है, वो सबसे अच्छा क्रिकेट खेलता है। हमारे साथ पहले भी ऐसा कई बार हुआ है।'

### फाइनल से पहले का माहौल

भारत फाइनल में बड़े दावेदार के तौर पर उतर रहा है, लेकिन पाकिस्तान की जीत के लिए शाहीन अफरीदी की गेंदबाजी और बल्लेबाज़ी के साथ टीम की आत्मविश्वास भरी मानसिकता अहम होगी। शोएब अख्तर के संदेश ने साफ कर दिया है कि यह मैच सिर्फ कौशल नहीं, बल्कि दिमाग और हिम्मत का भी इम्तिहान होगा।

# भारी बारिश के कारण अंतिम दिन का खेल रद्द, जमाल हुसैन ने जीता गोलकोंडा मास्टर्स का खिताब



हैदराबाद। बांग्लादेश के जमाल हुसैन को शुक्रवार को हैदराबाद गोल्फ एसोसिएशन (HGA) में भारी बारिश के कारण अंतिम राउंड रद्द होने के बाद 1 करोड़ रुपए की एनएसएल लक्स प्रेजेंट्स तेलंगाना गोलकोंडा मास्टर्स 2025 का विजेता घोषित किया गया। टूर्नामेंट का परिणाम 54 होल के बाद कुल स्कोर के आधार पर घोषित किया गया क्योंकि खराब मौसम के कारण चौथे राउंड में कोई खेल संभव नहीं था। जमाल हुसैन (61-62-64), जिन्होंने 54 होल के अपने 23-अंडर 187 के स्कोर की बदौलत तीसरे राउंड के बाद चार शॉट से बढ़त बनाई, ने इस तरह अपना छठा और पिछले साल नवंबर के बाद पहला खिताब जीता। परिणामस्वरूप, ढाका के 40 वर्षीय खिलाड़ी ने 15 लाख रुपये की विजयी राशि प्राप्त की, जिससे वह 2025 पीजीटीआई ऑर्डर ऑफ मेरिट में 14वें स्थान से 10वें स्थान पर पहुंच गए। चंडीगढ़ के अक्षय शर्मा (62-64-65) ने तीन राउंड के बाद 19-अंडर 291 का कुल स्कोर बनाकर उपविजेता स्थान प्राप्त किया। अक्षय ने 10 लाख रुपये का चेक प्राप्त किया और पीजीटीआई की मेरिट सूची में 34वें स्थान से 21वें स्थान पर पहुंच गए। बेंगलुरू के खलिन जोशी (65-66-66) ने 13-अंडर 197 के कुल स्कोर के साथ तीसरा स्थान हासिल किया।

# टीम इंडिया ए ने रचा इतिहास, केएल राहुल और साई सुदर्शन ने ठोके शतक

लखनऊ। इंडिया ए टीम ने ऑस्ट्रेलिया ए के खिलाफ बेहतरीन प्रदर्शन करते हुए 5 विकेट से जीत दर्ज की है। 412 रन के लक्ष्य को चेज कर भारतीय टीम ने इतिहास रच दिया। इससे पहले टीम ए टेस्ट क्रिकेट इतिहास में किसी भी टीम ने ऐसा कमाल नहीं किया। भारत के इस रिकॉर्ड रन चेज में दो बल्लेबाजों ने शतकीय पारी खेली। दरअसल, टीम ए टेस्ट क्रिकेट के इतिहास में ऐसा पहली बार हुआ है जब किसी टीम ने 400 से ज्यादा रनों का टारगेट चेज किया हो। इससे पहले किसी भी टीम ने टेस्ट क्रिकेट के इतिहास में 400 से ज्यादा रनों का टारगेट चेज नहीं किया था। भारत के इस रिकॉ्ड रन में केएल राहुल और साई सुदर्शन ने अहम भूमिका निभाई।

भारत ने चेज किया 412 रन का टारगेट- मैच में इंडिया ए के सामने जीत के लिए 412 रनों का टारगेट था। लक्ष्य का पीछा करते हुए इंडिया ए को इस मैच में बेहतरीन शुरुआत मिली। एन जगदीशन और केएल राहुल के बीच पहले विकेट के लिए 176 रन की पार्टनरशिप हुई। एन जगदीशन 36 रन बनाकर आउट हुए जिसके बाद केएल राहुल रिटायर्ड हर्ट होकर पवेलियन लौटे।

वहीं चौथे दिन केएल राहुल ने फिर से बल्लेबाजी की और 176 रन बनाकर नाबाद लौटे। अपनी इस पारी में उन्होंने 16 चौके और 4 छक्के लगाए। वहीं साई सुदर्शन ने भी बेहतरीन शतक जड़ा। वह 172 गेंद में 100 रन बनाकर आउट हुए। कप्तान ध्रुव जुरेल ने 66 गेंद में 56 रनों की पारी खेली। नितीश कुमार रेड्डी 16 रन बनाकर नाबाद लौटे। राहुल को प्लेयर ऑफ द मैच से नवाजा गया।

# इरफान पठान ने पाक सलामी बल्लेबाज सैम अयूब को टीम में जगह मिलने पर सवाल उठाये

दुबई। भारतीय क्रिकेट टीम के पूर्व ऑलराउंडर इरफान पठान ने पाकिस्तान के सलामी बल्लेबाज सैम अयूब को टीम में जगह मिलने पर ही सवाल खड़े कर दिये हैं। पठान ने कहा कि बेहद खराब बल्लेबाजी के बाद भी सैम को गेंदबाजी के तौर पर टीम को जगह मिलना हैरानी की बात है। पठान ने कहा कि सैम ने अब तक के पांच मैचों में केवल 23 रन बनाये हैं और वह चार बार शून्य पर ही आउट हुए हैं। अगर ऐसा प्रदर्शन किसी अन्य देश में होता तो करियर ही समाप्त हो जाता पर सैम कैसे टीम में बने हुए हैं, समझ नहीं आ रहा। सैम अयूब एशिया कप में बल्लेबाज के तौर पर फ्लाप रहे हैं। वह भारत के खिलाफ सुपर 4 के पहले मैच में 21 रन जबकि श्रीलंका के खिलाफ 2 रन ही बना पाये। बाकि के मैचों में शून्य पर आउट हुए। सैम अयूब के



बांग्लादेश के खिलाफ सुपर सिक्स मैच में शून्य पर आउट होने के बाद पठान ने कमेंट्री के दौरान करा, अगर ऐसा प्रदर्शन किसी और देश के लिए होता तो करियर कब का खत्म हो जाता। इस बल्लेबाज ने 6 मैच खेलने के बाद केवल 23 रन बनाए हैं ये सोचने वाली बात है कि एक टीम का ओपनर जिसे रन बनाने के इतने मौके मिलते है, वही उसमें विफ रहता है। उसे अगर गेंदबाजी की वजह से अंतिम ग्यारह में जगह मिल रही है तो पारी की शुरुआत कोई और करे क्योंकि सलामी बल्लेबाज के शीघ्र आउट होने से टीम पर अनावश्यक दबाव आता है।

# एशिया कप विवाद- हारिस रऊफ और साहिबजादा फरहान पर गहरा संकट, आईसीसी कर सकती है बड़ी कार्रवाई

**दुबई (एजेंसी)।** पिछले रविवार को पाकिस्तान के तेज गेंदबाज हारिस राउफ और साहिबजादा फरहान पर भारत के खिलाफ एशिया कप सुपर 4 मैच के दौरान आक्रामक व्यवहार और भड़काऊ इशारों के लिए आईसीसी कार्यवाही करते हुए शुक्रवार को हारिस राउफ पर मैच फीस का 30 प्रतिशत जुर्माना लगाया गया। वहीं सलामी बल्लेबाज साहिबजादा फरहान को गोलीबारी का इशारा करके जश्न मनाने के लिए चेतावनी दी गई। भारत के खिलाफ एशिया कप मैच के दौरान कथित तौर पर भड़काऊ इशारों के लिए पाकिस्तानी क्रिकेटरों हारिस राउफ और साहिबजादा फरहान ने शुक्रवार को आईसीसी की सुनवाई में खुद को निर्दोष बताया।

गौरतलब है कि एशिया कप में भारत और पाकिस्तान के बीच खेले गए मुकाबले के दौरान हुआ विवाद अब गंभीर रूप ले चुका है। पाकिस्तानी क्रिकेटरों हारिस रऊफ और साहिबजादा फरहान पर भड़काऊ इशारे और अभद्र भाषा का इस्तेमाल करने के आरोप लगे हैं। भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड (बीसीसीआई) की शिकायत के बाद अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) ने मामले की जांच शुरू की और शुक्रवार को दोनों खिलाड़ियों की सुनवाई पूरी की।

मैच रेफरी रिची रिचर्डसन की देखरेख में हुई सुनवाई के दौरान दोनों खिलाड़ियों को अपना पक्ष रखने का मौका दिया गया। दोनों ने लिखित जवाब भी सौंपे। इस बीच पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड (पीसीबी) ने भी जवाबी शिकायत दर्ज कराते हुए भारतीय कप्तान सूर्यकुमार यादव पर आरोप लगाया कि उन्होंने मैच के बाद राजनीतिक बयान दिया। सूर्यकुमार ने भारत की जीत को पहलगाम आतंकी हमले के पीड़ितों और भारतीय सशस्त्र बलों को समर्पित किया था। हालांकि, सूर्यकुमार ने साफ कहा कि उनका उद्देश्य सिर्फ श्रद्धांजलि देना था और उन्होंने किसी तरह की राजनीति नहीं की। आईसीसी ने उन्हें चेतावनी देते हुए भविष्य में इस तरह के बयानों से बचने को कहा।

गौरतलब है कि इस साल अप्रैल में पहलगाम में हुए आतंकी हमले में 26 लोग मारे गए थे। इसके बाद भारत ने पाकिस्तान में आतंकी ठिकानों को ध्वस्त करने के लिए 'ऑपरेशन सिंदूर' चलाया था। यही वजह है कि दोनों देशों के बीच तनाव पहले से ही गहरा था, जो इस विवाद से और बढ़ गया है। स्थिति इस हद तक बिगड़ गई कि मैच से पहले टॉस और बाद में भारतीय खिलाड़ियों ने पाकिस्तानी





खिलाड़ियों से हाथ मिलाने से भी इनकार कर दिया। अब जबकि आईसीसी का आधिकारिक फैसला सामने आना बाकी है, क्रिकेट से ज्यादा राजनीति और विवाद सुर्खियों में हैं। फाइनल से पहले इस मामले ने दोनों देशों के बीच कड़वाहट को और गहरा कर दिया है और एशिया कप का रोमांच अब खेल से ज्यादा विवादों में उलझता जा रहा है।



# सान्या मल्होत्रा ने राष्ट्रीय पुरस्कार जीत का अनोखे अंदाज़ में किया सेलिब्रेट

कटहल के लिए प्रतिष्ठित राष्ट्रीय पुरस्कार जीतने के बाद, स्टार कलाकार सान्या मल्होत्रा ने एक बार फिर साबित कर दिया है कि वह अपनी पीढ़ी के सर्वश्रेष्ठ कलाकारों में क्यों शामिल हैं। उनका सोशल मीडिया कैप्शन – कटहल नहीं मिला तो क्या हुआ, राष्ट्रीय पुरस्कार तो मिल गया – इस जश्न के मूड को बखूबी बयां करता है, जो उनके प्रशंसकों और फिल्म जगत के बीच लंबे समय से इंतज़ार था। लेकिन यह सफलता कोई अकेली उपलब्धि नहीं है। सान्या का 2025 का सफर असाधारण संतुलन का प्रतीक है – 'सैम बहादुर' और शाहरुख़ ख़ान की 'जवान' में उनके प्रदर्शन को भी राष्ट्रीय पुरस्कारों से नवाज़ा गया। चाहे भावनात्मक गहराई वाले किरदार हों या बड़े पैमाने पर बनी व्यावसायिक फ़िल्में – सान्या ने दिखा दिया कि वे हर क्षेत्र में निपुण हैं। सान्या की यात्रा को खास बनाता है उनका वह गुण जिससे वे समान रूप से इंडी और मुख्यधारा की फिल्मों में दर्शकों का ध्यान आकर्षित करती हैं। जहां 'कटहल' ने उन्हें आलोचनात्मक सराहना और राष्ट्रीय पुरस्कार दिलाया, वहीं उनकी आने वाली फिल्में 'सनी संस्कारी की तुलसी कुमारी' और एक ऐक्शन-कॉमेडी फ़िल्म (जिसकी शूटिंग इस साल शुरू होगी) उनके मेनस्ट्रीम स्टारडम को और मजबूत करती हैं।दर्शक अब सिर्फ़ उन्हें देख नहीं रहे – वे चाहते हैं कि सान्या बड़ी फ़िल्मों की मुख्य अभिनेत्री बनें और पूरी चमक के साथ स्क्रीन पर छा जाएं। यह जीत सान्या के करियर का एक निर्णायक मोड़ है, जो यह दर्शाती है कि वे हर किरदार में गहराई और सच्चाई के साथ जान फूंक देती हैं। उनके प्रशंसकों और साथियों के लिए यह जीत केवल एक पेशेवर उपलब्धि नहीं, बल्कि एक भावनात्मक पल भी रहा – यह याद दिलाता है कि सर्वोच्च स्तर पर मिलने वाला सम्मान दिल को भी छूता है।



# मेरी ताकत परिवार का प्यार, इसने मेरी शक्ति को जगाया

**साल 2024 की प्रेरक फिल्म 'लापता लेडीज' से अभिनय की शुरुआत करने वाली अभिनेत्री प्रतिभा रांटा की यात्रा हर युवा अभिनेत्री के लिए मिसाल है। अमर उजाला से खास बातचीत में प्रतिभा ने अपनी इस यात्रा के ऐसे अनुभव साझा किए, जो हर महिला को अपने भीतर की ताकत पहचानने और हर चुनौती का हिम्मत से सामना करने के लिए प्रेरित करेंगे।**

## मुंबई का पहला कदम और नए अनुभव

'जब मैं शिमला से मुंबई आई, तब मुझे बिल्कुल नहीं पता था कि मेरा जीवन कैसे बदलेगा। यह मेरे लिए एक नई शुरुआत थी। शूटिंग के लिए अलग-अलग शहरों में जाना, नए लोगों से मिलना, पहली बार पर्दे पर अपनी कहानी पेश करना। हर दिन नए अनुभव और चुनौतियों से भरा था। कई बार लगा कि मैं आगे कैसे बढ़ूंगी, लेकिन हर मुश्किल ने मुझे और मजबूत बनाया। आज पीछे मुड़कर देखती हूं, तो पाती हूं कि यही अनुभव मेरी सबसे बड़ी ताकत बन चुके हैं।

## पहली फिल्म ने दी नई दिशा और आत्मविश्वास

पहली फिल्म ने मेरे लिए सब कुछ बदल दिया। अब मैं खुद फैसले ले सकती हूं, समझ सकती कि मैं क्या करना चाहती हूं और खुद को नए तरीके से चुनौती दे सकती हूं। नए प्रयोग करने का साहस तभी आता है जब आपने अपने पहले कदम में खुद को साबित किया हो और लोगों ने उसे पसंद किया हो। यह अनुभव मुझे नई एनर्जी और आत्मविश्वास देता है। अब कोई भी चुनौती मुझे डराती नहीं, बल्कि मुझे और मजबूत बनाती है।'

## अकेलेपन और संघर्ष का सामना

शुरूआती दौर में मुंबई में बहुत अकेलापन महसूस हुआ। हर दिन नए लोगों और नए प्रोजेक्ट्स के बीच खुद को साबित करना आसान नहीं था, लेकिन मैंने खुद से कहा- 'तुम्हारे भीतर ताकत है, छोटे-छोटे कदम बढ़ाते रहो।' मैंने छोटी-छोटी उपलब्धियों का जश्न मनाया। अपने अनुभवों से सीखा और कभी हार नहीं मानी। यही एहसास कि कठिनाइयों में भी हम खुद को संभाल सकते हैं, मेरी सबसे बड़ी ताकत बन गया।

## करियर का टर्निंग पॉइंट

मेरा पहला ब्रेक फिल्म 'लापता लेडीज', करियर की टर्निंग पॉइंट बनी। यह सिर्फ मेरी शुरुआत नहीं थी बल्कि मेरी मेहनत और संघर्ष का परिणाम था। उस समय मुझे लगा कि मेरी कहानी अब लोगों तक पहुंचेगी और सच में ऐसा हुआ भी। उस दिन यकीन हुआ कि मेहनत, आत्मविश्वास और हिम्मत से हर सपना पूरा किया जा सकता है। यह सीख मुझे आज भी हर नई चुनौती के लिए तैयार रखती है।

## डर और शंका को पार करना

नई राह पर कदम रखना हमेशा आसान नहीं होता। डर और संदेह आते हैं। मैं खुद से कहती हूं- 'प्रतिभा, चलते रहो ... गहरी सांस लो, खुद पर भरोसा रखो।' हर दिन एक छोटा कदम आगे बढ़ाना, चाहे कितना भी मुश्किल क्यों न लगे, यही मुझे आगे बढ़ने की प्रेरणा देता है। डर को समझना और उसके बावजूद कदम बढ़ाना ही सही रास्ता है।

## परिवार और समर्थन की ताकत

मेरे परिवार, खासकर मेरे दादा-दादी, ने हर चुनौती में मेरा हौसला बढ़ाया। बॉलीवुड अनिश्चितताओं से भरा है, हर दिन नया संघर्ष और नई परीक्षा लेकर आता है। कई बार लगता है कि क्या मैं सफल हो पाउंगी, लेकिन परिवार का प्यार और समर्थन मुझे आगे बढ़ने की ताकत देता है। यही ताकत मुझे स्थिर रखती है और मेरे भीतर की शक्ति को जगाती है।



# विक्की जैन का बॉलीवुड डेब्यू, पत्नी अंकिता ने दी बधाई




टीवी सीरियल 'पवित्र रिश्ता' से मशहूर हुईं एक्ट्रेस अंकिता लोखंडे के पति भी अब बॉलीवुड में डेब्यू करने जा रहे हैं। वह यामी गौतम और इमरान हाशमी की आने वाली फिल्म हक से बॉलीवुड में कदम रखने जा रहे हैं। अंकिता लोखंडे ने अपनी पोस्ट में लिखा, मुझे आप पर बहुत गर्व है, प्यारे पति विक्की जैन। आपका हर कदम, आपकी हर उपलब्धि मुझे और भी ज्यादा उत्साहित करती है। अब इस अद्भुत फिल्म हक के सहयोगी निर्माता के रूप में आपकी लगन, कड़ी मेहनत और दूरदर्शिता पहले से कहीं ज्यादा चमक रही है। उन्होंने फिल्म की टीम की सराहना करते हुए आगे लिखा, पूरी टीम को बहुत-बहुत धन्यवाद। विनीत सर, यामी, इमरान हाशमी, वर्तिका सिंह, संदीप, विशाल, जूही और इसमें शामिल सभी लोग। आप सभी को शुभकामनाएं। यह फिल्म लोगों के दिलों को छू लेगी और मैं इसे बड़े पर्दे पर देखने के लिए बेताब हूं। 7 नवंबर को यह रिलीज होने वाली है, तारीख याद रखें।

अंकिता ने आगे लिखा, संदीप सिंह, आप मेरे परिवार का हिस्सा हैं। एक प्रमुख अभिनेत्री के रूप में मेरी पहली फिल्म आपके साथ थी और अब विक्की के सफर के साथ। हमारा यह संबंध और भी मजबूत होने जा रहा है। आपके साथ होना हमारे लिए बहुत सौभाग्य की बात है। हमेशा आगे बढ़ते रहें।

फिल्म हक के बारे में बात करें तो, यह मोहम्मद अहमद खान बनाम शाहबानो बेगम केस पर आधारित है। यह भारत की सबसे चर्चित कानूनी लड़ाइयों में से एक है। वहीं कुछ दिनों पहले अंकिता लोखंडे के पति विक्की जैन का एक्सीडेंट हुआ था। उनके हाथ में गंभीर चोट आई और 45 टांके लगे थे। तब अंकिता लोखंडे अस्पताल में उनकी देखभाल करती दिखाई दी थीं। इस दौरान वे अपने पति की हालत देख भावुक हो गई थीं।

# गोलीबारी की घटना के बाद दिशा ने शुरू की अगली फिल्म की शूटिंग



दिशा पाटनी बीते कुछ दिनों से अपने बरेली स्थित घर के बाहर हुई गोलीबारी की घटना को लेकर चर्चा में हैं। पुलिस जांच कर रही है। इस बीच दिशा की आगामी फिल्म को लेकर खबर सामने आई है। मीडिया रिपोर्ट्स में दावा किया जा रहा है कि दिशा की अगली फिल्म आवारापन 2 की शूटिंग शुरू हो गई है। फिल्म में दिशा के साथ इमरान हाशमी नजर आएंगे। 5ीडिया रिपोर्ट्स में कहा जा रहा है कि इमरान हाशमी और दिशा पटानी ने बैंकॉक में आवारापन 2 की शूटिंग शुरू कर दी है। कहा जा रहा है कि बैंकॉक में फिल्म का शेड्यूल करीब एक महीने कहा है और इस दौरान फिल्म का 50 फीसदी हिस्सा वहीं शूट किया जाएगा। बता दें कि इससे पहले खबर आई थी कि फिल्म की शूटिंग सितंबर के आखिर में शुरू होगी। अब खबरें हैं कि आवारापन 2 की शूटिंग शुरू हो चुकी है।

## लीड रोल में हैं दिशा पाटनी

कुछ वक्त पहले फिल्म को लेकर खबर आई थी कि विशेष भट्ट और नितिन कक्कड़ ने इमरान हाशमी के साथ आवारापन 2 के लिए अभिनेत्री दिशा पटानी को लीड रोल में साइन किया है। वहीं, पिंकविला के मुताबिक, फिल्म आवारापन 2 इस हफ्ते बैंकॉक में शूट हो रही है। फिल्म की शूटिंग वहां करीब महीनेभर चलेगी। यह एक मैराथन शेड्यूल है, जहां फिल्म का 50 प्रतिशत से अधिक हिस्सा शूट किया जाएगा।

## कब तक पूरी हो सकती है शूटिंग

रिपोर्ट के मुताबिक टीम फिल्म को मुख्य जगहों पर व्यापक स्तर पर शूट करना चाहती है। रिपोर्ट में आगे कहा गया है कि निर्माता अपना सारा फोकस एक चार्टबस्टर म्यूजिक एल्बम को क्यूरेट करने पर लगा रहे हैं और सभी संगीतकारों के साथ मिलकर बेस्ट आउटपुट हासिल करने के लिए काम कर रहे हैं। दरअसल, आवारापन फेंजाईजी में म्यूजिक की अहम भूमिका है। मेकर्स इसके सीक्वल में संगीत के स्तर पर फैंस को निराश नहीं करना चाहते। बैंकॉक में फिलहाल करीब 30 दिन के शेड्यूल के बाद नवंबर में एक बार फिर से साथ जुटेगी।



# झूठ बोलने के कारण ट्रोल हुए ये सेलेब्स



बॉलीवुड सेलेब्स अपनी इमेज को फैंस के सामने हमेशा चमका कर रखना चाहते हैं। कई स्टार्स अपने करियर स्ट्रगल को बढ़ा-चढ़ाकर बोलते हैं। कई एक्ट्रेस अपने लुक में आए चेंज को नेचुरल बताती हैं। वहीं कुछ स्टार्स अपनी बदली हुई आदतों से फैंस को इंप्रेस करने की कोशिश करते हैं। लेकिन ये सभी बातें आगे चलकर बहुत बड़ा झूठ साबित हो जाती हैं। झूठ बोलने के कारण ये सेलेब्स ट्रोल भी होते हैं।

## रणबीर कपूर

पिछले साल निखिल कामथ के पॉडकास्ट में रणबीर कपूर ने जिक्र किया था कि बेटी राहा के जन्म के बाद उनकी जिंदगी में काफी बदलाव आया है, उन्होंने सिगरेट पीना भी छोड़ दिया है। लेकिन लगता नहीं है कि रणबीर कपूर अपनी बात पर टिक पाए। हाल ही में आर्यन खान निर्देशित सीरीज 'द बैड्स ऑफ बॉलीवुड' में रणबीर कपूर ने कैमियो किया। सीरीज के एक सीन में वह वैप (ई सिगरेट) पीते दिखे। यूजर्स ने इस बात को लेकर रणबीर कपूर को ट्रोल किया।



## मौनी रॉय

मौनी रॉय अक्सर ही अपने कॉस्मेटिक प्रोसिजर के कारण ट्रोल होती हैं। लेकिन वह कई इंटरव्यू में इस बात से इंकार कर चुकी हैं कि उन्होंने कोई प्लास्टिक सर्जरी कराई। मगर उनकी कई साल पुरानी तस्वीर और आज के लुक में जमीन-आसमान का अंतर है। ऐसे में मौनी रॉय का यह कहना कि कॉस्मेटिक सर्जरी नहीं कराई, अपने आप एक झूठ साबित हो जाता है।

## रणवीर सिंह

रणवीर सिंह अपने करियर के शुरुआती स्ट्रगल का जिक्र बहुत करते हैं। कई फैंस उन्हें आउटसाइडर मानते हैं, क्योंकि रणवीर सिंह की बातों से लगता है कि उनका कोई फिल्मी कनेक्शन नहीं रहा है। जबकि रणवीर सिंह का बॉलीवुड से अच्छा-खासा नाता है। रणवीर सिंह की दादी चांद बर्क एक एक्ट्रेस थीं। चांद बर्क ने राज कपूर की फिल्म 'बूट पॉलिश' में अभिनय किया था।



## फराह खान ने खोली पोल

फराह खान अपने बेबाक अंदाज के लिए जानी जाती हैं। अपने यूट्यूब चैनल पर एक बार फराह खान ने बताया था कि एक्टर्स कई बातों को लेकर झूठ बोलते हैं। फराह खान बताती हैं कि जो सेलेब्स कहते हैं कि उनकी फिटनेस नेचुरल है, वह झूठ बोलते हैं। इसके लिए वह खुद को भूखा तक रखते हैं, 24 घंटे जिम में रहते हैं। इसके अलावा फराह खान ने बताया था कि जिम के बाहर पैपराजी को सेलेब्स खुद ही बुलाते हैं।






# क्या आप अपने नए घर को पेंट करवाने का सोच रहे हैं?

**क्या आप अपने नए घर को पेंट करवाने का सोच रहे हैं? या अपने पुराने आशियाने को ही नई रंगत देकर नया लुक देना चाहते हैं? यदि हां, तो आपकी घर की दीवारों को पेंट करवाने से पहले ये जरूर जान लीजिए कि किन रंगों से महकेगा आपका आशियाना। घर की साज-सज्जा एवं रंग-रोगन के लिए दिशा के अनुसार चुनें इन 5 समृद्धिदायक रंगों को, और पाएं वर्ष भर खुशहाली व सुख-समृद्धि। जानें कैसे करें रंगों का चुनाव...**

हिन्दू धर्म के सबसे बड़े त्योहार दीपावली के लिए कई दिन पहले से घर में साफ–सफाई और रंग–रोगन का दौर शुरू हो जाता है। घर में सुख शांति और प्रसन्नता का वातावरण बना रहे इसलिए कई लोग घर की साज–सज्जा व रंगाई के लिए वास्तु और फेंगशुई के टिप्स भी आजमाते हैं।

- घर का बैठक कक्ष सबसे अहम होता है, इसलिए यहां की दीवारों पर विशेष तौर पर ध्यान देने की जरूरत होती है। यहां पर भूरा, गुलाबी, सफेद या क्रीम कलर सबसे अच्छा माना जाता है। यहां पर इन रंगों के परदे या तकिए कवर का इस्तेमाल भी शुभ फल देता है।
- भोजन कक्ष को रंगवाते समय आसमानी, हल्का हरा व गुलाबी रंग करवा सकते हैं। इससे हमेशा ऊर्जा व ताजगी का संचार होता है और सकारात्मकता बनी रहती है।
- रसोई घर में सफेद रंग हमेशा अच्छा माना जाता है। हांलांकि यह गंदा भी बहुत जल्दी होता है, लेकिन अगर आप नियमित तौर पर सफाई बनाएं रखें तो यह बहुत ही सकारात्मक प्रभाव छोड़ता है।
- बाथरूम या शौचालय के लिए हल्का गुलाबी या फिर सफेद रंग ही सबसे बेहतर होते हैं। खास तौर से बाथरूम में गुलाबी रंग का प्रयोग ताजगी बनाए रखता है और आप आंतरिक खुशी महसूस करते हैं।
- शयन कक्ष भी काफी महत्वपूर्ण होता है, यहां पर भी आप हल्का हरा, आसमानी, गुलाबी जैसे रंगों को इस्तेमाल कर सकते हैं, जिन्हें देखकर मन हमेशा प्रसन्न रहे। इससे आपके रिश्तों में भी मधुरता आती है।
- पीला रंग सुकून व रोशनी देने वाला रंग होता है। घर के ड्राइंग रूम, ऑफिस आदि की दीवारों पर यदि आप पीला रंग करवाते हैं तो वास्तु के अनुसार यह शुभ होता है।
- अपनी आर्थिक स्थिति में सुधार लाने के लिए आपको अपने कमरे की उत्तरी दीवार पर हरा रंग करना चाहिए।
- आसमानी रंग जल तत्व को इंगित करता है। घर की उत्तरी दीवार को इस रंग से रंगवाना चाहिए।
- घर के खिड़की दरवाजे हमेशा गहरे रंगों से रंगवाएं। बेहतर होगा कि आप इन्हें डार्क ब्राउन रंग से रंगवाएं।
- जहां तक संभव हो सके घर को रंगवाने हेतु हमेशा हल्के रंगों का प्रयोग करें।





# क्या है बच्चों की मालिश का परफेक्ट तरीका

**कोरोनाकाल में घर से लेकर ऑफिस तक के काम का दबाव बढ़ गया है। ऐसे में रात में बच्चों को सुलाने में मशक्कत करनी पड़े तो मन में खीज पैदा होना लाजिमी है। अगर काफी देर तक घुमाने-टहलाने और लोरी सुनाने के बाद भी आपके लाडले की आंखों में नींद नहीं भरती तो परेशान मत होइए। लंदन के मशहूर मसाज विशेषज्ञ ने मालिश की ऐसी विधि सुझाई है, जिससे आपका बच्चा मिनटों में नींद के आगोश में चला जाएगा।**

### मां–बाप की मशक्कत

- मां–बाप को बच्चे के जन्म के शुरुआती एक साल में 04 घंटे 44 मिनट की औसत नींद मिलती है
- 50 रातों की नींद गंवाने के बराबर है यह आंकड़ा, स्वस्थ वयस्कों को आठ घंटे रोजाना सोना चाहिए
- 54 मिनट औसतन रोजाना बच्चे को सुलाने में लगते हैं, तीन बार औसतन रात में उठता है बच्चा
- 02 मील रोजाना चलना–फिरना होता है मां–बाप का बच्चे को बहलाने, फुसलाने, सुलाने की प्रक्रिया में।

### पूरे शरीर में लगाएं तेल

- सरसों, नारियल या जैतून का तेल लें, सिर से लेकर पांव तक हल्के हाथों से हर एक अंग में लगाएं
- अब ऊपर से नीचे की तरफ धीमी गति से हाथ फिराते हुए 10 से 15 मिनट तक बच्चे की मालिश करें

### बातों में उलझाए रखें

- साज करते समय चेहरे पर मुस्कराहट जरूर बनाए रखें
- बच्चे से धीमे स्वर और तुतलाती भाषा में प्यार–भरी बातें करें
- तेज मालिश करने से बचें, बच्चा रोए तो उस पर चिल्लाएं नहीं

### खास जगहों पर मसाज जरूरी

- नाक का ऊपरी हिस्सा – दोनों भौहों के बीच नाक के शुरुआती हिस्से पर अंगूठे और तर्जनी उंगली से हल्की मालिश करें। बच्चे का मन शांत करने में मदद मिलती है।
- हथेली – दोनों हथेलियों पर धीमे–धीमे से हाथ फिराएं। पांचों उंगलियों के बीच के स्थान पर कम से कम 30 सेकेंड तक हल्की मसाज दें। दांत दर्द की समस्या दूर होगी।
- पेट – दर्द, गैस, कब्ज की समस्या से राहत दिलाने और पाचन तंत्र को मजबूत बनाने के लिए पेट पर बाईं से दाईं ओर गोलाई में हल्के हाथ से पांच मिनट तक मसाज करें।
- पंजे – अंत में बच्चे के दोनों पैरों के पंजे अपने हाथों में लें। अब पंजे के बीच के हिस्से को अंगुठे से 10 से 15 सेकेंड के लिए दबाएं। उसका मस्तिष्क पूरी तरह से शांत हो जाएगा।

### मन शांत करने में मददगार

- हल्के हाथों की मालिश लव हार्मोन 'ऑक्सिटोसिन' का स्तर बढ़ाने के साथ ही स्ट्रेस हार्मोन 'कॉर्टिसोल' का उत्पादन घटाने में कारगर
- इससे बच्चे के मस्तिष्क में मौजूद अतिरिक्त ऊर्जा के शांत पड़ने से तन–मन को सुकून महसूस होता है, शरीर में सुस्ती भी छाती है

### गुनगुना दूध पिलाना भी फायदेमंद

- सोने–जगने का समय तय करें, उसे रोज अमल में भी लाएं
- रात में बिस्तर पर आने के बाद बच्चे को गुनगुना दूध पिलाएं
- कमरा हल्का ठंडा रखें, मुलायम गद्दे पर सुलाएं, लोरी सुनाएं

# ...तो रिश्ता हो जाएगा मजबूत



**दुनिया में रिश्ते के बिना प्यार का अहसास ही नहीं हो सकता। रिश्ता चाहे कोई भी हो खास होता है। इसे निभाने के लिए शुरुआत भी अलग तरीके की होना चाहिए। फिर चाहे वो दोस्ती हो या फिर रिश्तेदारी।**

खुशियों का अहसास अपनो से ही होता है। इसे हमेशा के लिए गहरा करने के लिए कुछ खास बातों की तरफ ध्यान देना बहुत जरूरी है ताकि आने वाला हर पल हसीन रहे। अगर किसी कारण रिश्तों में गलतफहमियां आ भी जाए तो एक दूसरे पर यकीन इतना गहरा हो कि कोई दूसरा आपमें अपनी जगह बना न सके। लेकिन इसके लिए कुछ बातों का खास ख्याल रखना भी बहुत जरूरी है ताकि प्यार से संजो कर रखा गया यह रिश्ता जिंदगी की जरूरत बन जाए।

### एक दूसरे को जानना जरूरी

आप किसी से प्यार करते हैं तो इसके लिए एक बात को जान लेना बहुत जरूरी है आपको उसकी आदतों के बारे में जानना होगा। इससे आप खुद को और अपने बढ़ते रिलेशनशिप को कुछ समय दे पाएंगे। जो भविष्य में आपके लिए परेशानी नहीं बनेगा।

### रिलेशनशिप से बनें पहचान

दोस्ती को आगे बढ़ाने के लिए कुछ बातों को समझना बहुत जरूरी है। जैसे दोस्ती इस तरह की हो जो आपकी पहचान बनें। इस बात का ध्यान रखें कि कहीं ऐसा तो नहीं कि आप दोस्ती में खोते जा रहे हैं। यह बदलाव आपके लिए खतरनाक हो सकता है।

### कभी शक भी जायज


जहां यकीन है वहां शक होना भी कभी कभी जायज होता है। पार्टनर पर जरूरत से भी ज्यादा यकीन कर लेने से भी कई बार रिश्ता खराब होने का डर रहता है। थोड़ा बहुत शक करना या फिर पजेसिव होने से पार्टनर को भी पता चलता है कि आप उनके लिए कितने जरूरी हैं।

### एक–दूसरे को दें वक्त

एक–दूसरे के साथ समय बिता कर उसके बारे में बहुत कुछ जानने को मिलता है। कई बार ज्यादा देर तक बनाई गई दूरी भी रिश्ते में खट्टास पैदा कर सकती है। ऐसे में समय की कमी के कारण अगर पार्टनर के साथ नराजगी है तो एक–दूसरे को समय जरूर दें। कहीं न कहीं आपके रिश्ते में मजबूती आनी शुरू हो जाएगी। कोशिश करें एक– दूसरे के साथ समय बिताएं।

# बढ़ते बचपन के साथ व्यावहारिक समझ विकसित करती हैं बेटियां

**बेटियां कैसे अपने बढ़ते बचपन के साथ-साथ घर की जिम्मेदारियों और व्यावहारिक समझ को विकसित करती हैं, इसका प्रत्यक्ष उदाहरण है एक पिता के द्वारा लिखा गया ये लेख।**



सिर्फ ग्यारह साल की है मेरी बिटिया। पांचवी में पढ़ती है। यूनिटरी फैमिली में एक बच्चे को क्या–क्या झेलना पड़ता है, इसका ज्वलंत उदाहरण है वह। मैं और मेरी पत्नी दोनों ही कामकाजी हैं। हमने खुद से जद्दोजहद करते, बिना किसी के सपोर्ट के जीवन जीना सीखा है और परिवार के बुजुर्गों की परवरिश से दूर मेरी बेटी ने भी खुद ही सबकुछ सीख लिया। जब वह डेढ़ साल की थी, तभी से मछली का कांटा निकाल कर खुद खाती थी। हम कामकाज में व्यस्त रहते और वह कांटा निकालने की तरकीब ढूंढ़ती रहती। यह उसने अंतत : सीख ही लिया। किसी दिन उसकी मां को एक्जाम ड्यूटी के लिए रविवार के दिन सुबह आठ बजे ही निकलना होता। कभी–कभी मुझे भी कालेज में कक्षाएं लेने पत्नी के साथ ही आठ बजे निकलना होता है। उस वक्त बेटी की आंखों में यह सवाल होता है कि तुम दोनों शाम तक लौटोगे, तो मैं दिनभर क्या करूंगी, अकेली कैसे रहूंगी। पर वह बोलती कुछ नहीं। उसकी आंखों में हठात एक सूनापन सा आता है और आकर चला जाता है। वह तपाक से कहती है। तुमलोग जाओ। दरवाजे में बाहर से ताला लगा देना। मैं अंदर से कुंडी बंद कर दूंगी और टीवी देखती रहूंगी। ऐसा कई बार हुआ है कि हम दोनों आठ–दस घंटे बाहर होते हैं और बेटी ने दिनभर टीवी देखते हुए, बाहर से ताला लगे बंद कमरे में खुद को अकेली बिताया है। जाते वक्त हम उसका खाना, बिस्किट वगैरह रख देते हैं। हिदायत देते हैं– बेटा आग के पास मत जाना, गैस मत खोलना। बिजली कट जाये, तो बिजली आने का इंतजार करना–माचिस मत जलाना। बेटी ठीक वैसा ही करती है। आज तक उसने वैसा ही किया है। यह सिलसिला पिछले चार–पांच सालों से चल रहा है। जब वह पांच–छह साल की थी, तब से। हम दिनभर अपने काम के साथ बेटी की चिंताओं में घुलते रहते हैं कि पता नहीं वह कैसी होगी। शाम को जब दरवाजे का ताला आकर खोलते हैं, तो कभी वह अपना होंमवर्क कर रही होती है। उसने घर के अंदर, बंद ताले में खुद को सेफ रखने के लिए सभी उपाय सीख लिए हैं। जैसे ही वह बाहर कोई आहट सुनती है, टीवी धीमा कर देती है। कोई आवाज नहीं निकालती। वह धीरे–धीरे बड़ी हो रही है। फिजिकली। मेंटली वह समय से पहले ही बड़ी हो गयी है। यह सब उसे कुछ हमने सिखाया है, तो कुछ परिस्थितियों ने। अपनी कई मुश्किलें वह अपनी मां के साथ शेयर करती है, तो लगता है कि इसने अपना बचपना थोड़ा खोया, थोड़ा झटका है। महज ग्यारह साल की उम्र में उसे परिस्थितियों ने परिपक्व बना दिया है। पर, वह अकेली बिटिया है। उसे जीना इसी समाज में है।

# वॉर्डरोब में नए–पुराने कपड़ों को इस तरह से करें टिमअप और रखें वॉर्डरोब को अपडेट

**हमसे से अधिकतर लोग ऐसे हैं, जो समय की कमी के कारण अपने वॉर्डरोब पर ध्यान नहीं दें पाते। जिसके कारण वॉर्डरोब में नए-पुराने कपड़ों का ढ़ेर लग जाता है। वक्त है, कोरोना काल का जिसमें सोशल डिस्टेंसिग का हम सभी पालन कर रहे है। जिस वजह से हम अपना ज्यादातर समय घर पर ही बिता रहे है। तो क्यों न इस समय का सही इस्तेमाल करते हुए अपने वॉर्डरोब को अपडेट किया जाएं। आइए जानते कुछ टिप्स-**

- डार्क कलर के 1–2 पैंट्स अगर आपके वॉर्डरोब में हैं, तो नए लुक के लिए कुछ कलरफुल शॉर्ट कुर्ते खरीदें। कलमकारी, इकत या लखनवी चिकन के शॉर्ट कुर्ते अच्छे लगते है। साथ ही रूटीन में पहनें जानेवाले टॉप और पैंट स्टाइल को भी ब्रेक मिलता है।
- प्लेन टाइट टीशर्ट यदि आपके वॉर्डरोब में है तो इसको आप कलरफुल धोती पैंट के साथ आप टीमअप कर सकते है।
- यदि वॉर्डरोब में पुरानी प्रिटेंड सलवारों ने काफी जगह घेर रखी है, तो इनके उपर पहनने के लिए 1 से 2 कुर्ती खरीदें।
- यदि पेन्सिल जींस आपके पास हैंतो 1 से 2 फ्लोरल लॉन्ग लाइन शर्ट खरीदें।
- पुराने शॉटर्स अलनारी में है तो फिल नेक ब्लाउज टॉप या कॉन्ट्रास्ट बाइंजिंग नॉट टॉप खरीदें। नया टॉप पहनने पर पुराने शॉटर्स भी नए लुक में नजर आते है।
- अगर आपके पास कलरफुल लॉन्ग स्कर्ट है, तो उसके साथ शॉर्ट कुर्ती, टीशर्ट या लॉन्ग कुर्ते भी पहने जा सकते है।
- ए लाइन फुल लेंथ स्कर्ट पहले से है, तो उसके साथ लॉन्ग कुर्ते पहनें, हील्स पहनें। इससे हाइट अच्छी दिखगी।
- शॉर्ट स्कर्ट के साथ जैगिंग्स पहनना ट्रेंडी लुक देगा। साथ में एक्सेसरी के तौर पर स्कार्फ भी लें।

## वॉर्डरोब में इन बातों का रखें ख्याल

- पैंट, जींस के लिए मल्टीपर्पस 5 लेअर हैंगर का इस्तेमाल करें। यह वॉर्डरोब की जगब को कम घेरेगा और वॉर्डरोब संवरा दिखेगा।
- सॉक्स और अंडरगारमेंट्स आर्गेनाइजर भी वॉर्डरोब को क्लीन लुक देते हैं। इसमें ब्रा का ळभी सेक्शन होना चाहिए। सिंगल पैडेड ब्रा, स्पोर्स्टर्स, ब्रा, टीशर्ट ब्रा, रेगलुर यूज के लिए 5 से 6 अलग–अलग ब्रा रखें। आयरन की हुई शर्ट या कुर्ते हैंगर में लटकाने से अगर जगह ज्यादा घिरती है, तो उसके लिए शर्ट ऑर्गनाइजर अच्छा रहेगा।
- होम स्ट्रेप हैगिंग ज्वेलरी ऑर्गेनाइजर वॉर्डरोब के अंदर की ओर किसी हुक पर लगाएं। इस पर अपनी चंकी ज्वेलरी, ब्रेसलेट, नेक पीस जैसी चीजें टांग सकती हैं, जिससे जरूरत के समय सामने नजर आए।



